सूर्योदय : 6:32
सूर्यास्त : 6:06
अधिकतम तापमान : 30.5
न्यूनतम : 14.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-249 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 28 फरवरी 2026
10 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



## अवनीश अवस्थी का कार्यकाल बढ़ा, फरवरी 2027 तक बने रहेंगे



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए और बढ़ा दिया गया है। अब वह 28 फरवरी 2027 तक मुख्यमंत्री के सलाहकार बने रहेंगे। इस संबंध में शासन ने आदेश जारी कर दिया है।

यूपी के अपर मुख्य सचिव पद से फरवरी 2022 में रिटायर होने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया था। इसके बाद लगातार चौथी बार उनका कार्यकाल बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री के चार दिवसीय सिंगापुर और जापान दौरे पर भी वह उनके साथ रहे। अवनीश अवस्थी का जन्म 19 अगस्त 1962 में हुआ था।

# निवेश और नवाचार के साथ आगे आए उद्योग

- पीएम मोदी ने भारतीय कंपनियों से बजट में घोषणाओं का लाभ उठाने का किया आग्रह



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग से निवेश एवं नवाचार बढ़ाने का शुक्रवार को आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आक्रामक पूंजीगत व्यय और बजट में लगातार अनुकूल नीतिगत माहौल बनाकर आधार तैयार कर दिया है और अब निजी क्षेत्र के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वृद्धि के अगले चरण को आगे बढ़ाने का समय आ गया है।

विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त विषय पर बजट के बाद आयोजित 'वेबिनार' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपये था जो बढ़कर केंद्रीय बजट 2026-27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसने विस्तार के लिए एक मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि अधिक आवंटन निजी क्षेत्र को नए जोश के साथ निवेश करने और 2026-27 के बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का संकेत देता है।

मोदी ने कहा, भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए। वित्तीय संस्थानों को व्यावहारिक समाधान तैयार करने और बाजार विश्वास बढ़ाने में सहयोग देना चाहिए। उन्होंने सुधारों को ठोस परिणामों में तब्दील करने के लिए सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र के भागीदारों के बीच घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया। मोदी ने कहा, हमें अवसंरचना में अधिक भागीदारी एवं वित्तीय मॉडल में नवाचार की आवश्यकता है... हमें परियोजना स्वीकृति पद्धतियों को मजबूत करना चाहिए और मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए। सरकार ने पिछले एक दशक में भारत की वृद्धि रणनीति को रिकॉर्ड स्तर के पूंजीगत व्यय के इर्द-गिर्द केंद्रित किया है। निजी निवेश को आकर्षित करने व मध्यम अवधि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, डिजिटल अवसंरचना तथा ऊर्जा नेटवर्क पर व्यय में तेज वृद्धि की गई है।

हालांकि, निजी क्षेत्र ने अभी तक वह तथाकथित जुझारूपन (एनिमल स्पिरिट) पूरी तरह से प्रदर्शित नहीं किया है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले दशक में भारत की मजबूत क्षमता दृढ़ विश्वास-आधारित सुधारों और कारोबार सुगमता में निरंतर सुधार के प्रयासों से प्रेरित रही है। भारत ने प्रौद्योगिकी-आधारित सुशासन को अपनाया है, संस्थानों को मजबूत किया है और आज भी देश सुधारों के मार्ग पर अग्रसर है।

उन्होंने कहा, '' सुधारों की तेज गति को बनाए रखने के लिए हमें केवल नीतिगत मंशा पर ही नहीं, बल्कि उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना होगा। सुधारों का मूल्यांकन उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए। पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने के लिए हमें कृत्रिम मेधा, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स का व्यापक उपयोग करना चाहिए।'' प्रधानमंत्री ने 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के तहत सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थानों और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए 'रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर' बनाने का प्रस्ताव रखा। पीएम मोदी ने कहा कि जब सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र से जुड़े लोग एक साथ आते हैं, तो सुधार परिणामों में बदलते हैं और कागज पर की गई घोषणाएं जमीनी स्तर पर उपलब्धियों में तब्दील होती हैं। उन्होंने कहा कि सतत विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए कम जोखिम वाले नए वित्तीय साधन विकसित किए जाने चाहिए।

### मोदी का आज राजस्थान और गुजरात दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को राजस्थान और गुजरात के दौरे पर 16,680 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू करेंगे। इसके बाद वे गुजरात के साणंद में वे 22,500 करोड़ की लागत वाली देश की पहली बड़ी सेमीकंडक्टर असेंबली फैसिलिटी का उद्घाटन करेंगे, जो भारत को तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी। प्रधानमंत्री सुबह 11:30 बजे राजस्थान के अजमेर पहुंचेंगे। यहां वे 16,680 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। ये प्रोजेक्ट्स मुख्य रूप से शहरी विकास, स्वच्छ पेयजल, सड़क नेटवर्क, सिंचाई, ऊर्जा और औद्योगिक बुनियादी ढांचे से संबंधित हैं।


## भूकंप के झटकों से थर्राया कोलकाता दहशत में घरों से बाहर निकले लोग



- भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गई

**कोलकाता।** कोलकाता में शुक्रवार दोपहर बाद भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिसके कारण कई इलाकों में दहशत फैल गई। अमरीका के भूगर्भीय सर्वे के मुताबिक भूकंप का केंद्र बंगलादेश के खुलना में धरती की सतह से 9.8 किलोमीटर की गहराई में था। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वे के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.3 मापी गई, वहीं भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गई। भूकंप के झटके महसूस किये जाने पर कोलकाता में कई लोग डर के मारे घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए।

राज्य की मुख्य प्रशासनिक इमारत नबन्ना के कर्मचारी जल्दी-जल्दी नीचे भागे। पूरे शहर के दफ्तरों और बाज़ारों में इसी तरह के नजारे देखने को मिले। कुछ पैदल चलने वालों ने शुरू में इसे चक्कर आना समझा, फिर दहशत फैल गई और दूसरे लोग चिल्लाने लगे। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि भूकंप के झटकों की वजह से कुछ पुरानी इमारतें थोड़ी झुक गईं। कई विधायक भी विधानसभा की इमारत से बाहर निकले और भूकंप से हुए डर के बारे में बताया। अभी तक किसी बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। गणेश चंद्र एवेन्यू के पास एक बिल्डिंग के झुकने की खबर के बाद मध्य कोलकाता में थोड़ी देर के लिए दहशत फैल गई।




10 रमज़ान 28.02.2026

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
| --- | --- |
| 05:07 | 06:08 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
| --- | --- |
| 05:01 | 06:19 |

## फरवरी तक मिला 1.96 लाख करोड़ से अधिक का राजस्व



- सीएम योगी ने की राजस्व की स्थिति की विस्तृत समीक्षा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के फरवरी तक के कर एवं करेत्तर राजस्व की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीकरण, परिवहन, ऊर्जा, भू-राजस्व और खनन विभागों द्वारा प्रस्तुत लक्ष्यों व उपलब्धियों का आकलन करते हुए कहा कि राजस्व वृद्धि प्रदेश में विकास कार्यों की गति को निर्धारित करती है। उन्होंने सभी विभागों को पारदर्शिता, दक्षता और नवाचार-आधारित कार्यप्रणाली के साथ लक्ष्य प्राप्ति के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कर-राजस्व का वार्षिक लक्ष्य 2,95,000 करोड़ निर्धारित है, जिसके सापेक्ष फरवरी 2026 तक 1,96,177 करोड़ की प्राप्ति दर्ज की गई है। राज्य कर (जीएसटी+वैट) का लक्ष्य 1,75,725 करोड़ है, जिनके मुकाबले अभी तक 1,03,770 करोड़ का संग्रह प्राप्त हुआ है। इसमें जीएसटी के तहत 75,195 करोड़ और वैट के अंतर्गत 28,575 करोड़ की प्राप्ति शामिल है।

राज्य कर विभाग ने बताया कि जीएसटी 2.0, एआई आधारित जोखिम विश्लेषण, बड़े पैमाने पर स्क्रूटनी, ई-इनवॉइसिंग और ई-वे बिल की प्रभावी निगरानी जैसे प्रयासों से कर अनुपालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। एआई आधारित 1.59 लाख करदाताओं की जांच, 75 जनपदों में संवाद कार्यक्रम, फर्जी आईटीसी पर नियंत्रण और 3,117 करोड़ की वसूली विभाग के प्रमुख परिणाम रहे। स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग ने वर्ष 2025-26 के अपने वार्षिक लक्ष्य 38,150 करोड़ के सापेक्ष फरवरी तक 29,487 करोड़ की प्राप्ति दर्ज की। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग का वार्षिक लक्ष्य 14,000 करोड़ है, जिसके मुकाबले फरवरी तक 11,005 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। कर अदायगी की बेहतर व्यवस्था, और कार्यवाहियों की मजबूती से विभाग ने राजस्व वृद्धि दर्ज की है।

### आबकारी विभाग में अधिक टैक्स मिला

आबकारी विभाग की ओर से बताया कि विभाग का वार्षिक लक्ष्य 63,000 करोड़ है, जिसके सापेक्ष फरवरी 2026 तक 48,501 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया जा चुका है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 13.2 प्रतिशत अधिक है। विभाग ने उपभोग आधारित रणनीति, दुकानों के नवीनीकरण, लाइसेंस शुल्क और थोक एवं ब्रांड नवीनीकरण जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से मार्च में लगभग 9,050 करोड़ की अतिरिक्त प्राप्ति का रोडमैप प्रस्तुत किया।

## मुंबई पहुंचे कनाडा के पीएम मार्क कार्नी

- दो मार्च को पीएम मोदी के साथ करेंगे द्विपक्षीय बातचीत



**मुंबई।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अपने पहले आधिकारिक भारत दौरे पर शुक्रवार को मुंबई पहुंचे। अगले दो दिनों में उनकी भारतीय और कनाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों, अन्वेषकों, शिक्षाविदों और पेंशन निधि निवेश प्रतिनिधियों से मिलने का कार्यक्रम है। कार्नी दो मार्च को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। यह 10 महीनों में कार्नी और पीएम मोदी के बीच तीसरी बैठक होगी, जो भारत-कनाडा रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिशों को प्रदर्शित करती है।

यह जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद उनके पहले के जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के दौरान पैदा हुए तनाव को खत्म करने की कोशिशों को भी दिखाती है।कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि निज्जर की मौत से भारत सरकार के एजेंटों का कनेक्शन जोड़ने वाले भरोसेमंद सबूत हैं। इस आरोप को नयी दिल्ली ने पूरी तरह से गलत बताया था। गौरतलब है कि इस विवाद की वजह से दोनों देशों के कूटनीतिज्ञों को निकाल दिया गया और लंबे समय तक कूटनीतिक टकराव चला। वर्ष 2024 में रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने दावा किया कि भारत सरकार के एजेंट कनाडा में हिंसक अपराधों से जुड़े थे, जिसमें जान से मारने की धमकी और हत्याओं में शामिल होना शामिल था। कार्नी का भारत दौरा द्विपक्षीय संबंधों और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने की चल रही कोशिशों में एक अहम कदम है।

### हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी से होगी मुलाकात

कार्नी के इस दौरे का मुख्य बिंदु हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी, जो 2025 में कनानास्किस और जोहान्सबर्ग में आयोजित पिछली वार्ताओं का अनुवर्ती कार्य है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन वार्ताओं का उद्देश्य ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, अनुसंधान सहित विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा और भारत-कनाडा सीईओ फोरम के माध्यम से सरकारी नीतियों को निजी क्षेत्र के हितों के अनुरूप बनाना है।

## अविमुक्तेश्वरानंद केस में कोर्ट का फैसला सुरक्षित

अवधनामा ब्यूरो

- अगले आदेश तक गिरफ्तारी पर रोक
- मार्च के तीसरे हफ्ते में केस की सुनवाई होगी



**वाराणसी।** जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के यौन उत्पीड़न के मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शंकराचार्य को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अगली सुनवाई तक दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की जाती है। जानकारी के मुताबिक, राहत की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा ने अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है और शंकराचार्य के खिलाफ तत्काल कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है। अदालत में शंकराचार्य का पक्ष वकील पीएन मिश्रा ने रखा,जबकि राज्य सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल पेश हुए। शिकायतकर्ता आशुतोष महाराज की वकील रीना सिंह ने भी दलीलें रखीं। अब मार्च के तीसरे हफ्ते में केस की सुनवाई होगी। वही जानकारी के मुताबिक, बीते 21 फरवरी को अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद के खिलाफ एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों के साथ यौन दुर्व्यवहार के आरोप में मुकदमा दर्ज की गई थी। शंकराचार्य के वकील ने कहा कि शंकराचार्य के खिलाफ पहले 18 जनवरी को अमावस्या के दिन हुई मारपीट की अर्जी दी गई। इस पर केस दर्ज नहीं हुआ तो पॉक्सो वाली अर्जी दाखिल कर दी गई।

## होली से पहले मिलेगी सैलरी, सीएम ने अफसरों को दिए सख्त निर्देश

**लखनऊ।** होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमित कर्मचारियों सहित आउटसोर्सिंग, संविदा और सफाईकर्मियों का वेतन होली से पूर्व हर हाल में जारी किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग अपने स्तर से वेतन वितरण की प्रक्रिया तत्काल पूरी करें, ताकि कर्मचारियों को त्योहार के दौरान किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा का सामना न करना पड़े।

## अफगानिस्तान ने मार गिराया पाकिस्तान का एफ-16

- जवाब में गजब लिल -हक आपरेशन शुरू



**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ बढ़ते टकराव के बीच पाकिस्तान ने उसके खिलाफ युद्ध घोषित करते हुए ऑपरेशन गजब लिल-हक़ शुरू किया। सरकारी प्रसारक पीटीवी न्यूज़ ने बताया कि शुक्रवार तड़के पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं ने काबुल, कंधार और पक्तिया में सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तालिबान सरकार के साथ पूर्ण टकराव की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हमारा सब्र अब खत्म हो चुका है और चेतावनी दी कि अब दोनों पक्षों के बीच खुला युद्ध है।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि हमारे सशस्त्र बल अफगानिस्तान के किसी भी तरह के आक्रामक मंसूबे को कुचलने की पूरी क्षमता रखते हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अफगानिस्तान पर जवाबी हमलों के बाद कहा कि पाकिस्तान शांति और अपनी क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने इन हमलों में 130 से अधिक तालिबान लड़ाकों के मारे जाने का दावा किया गया है। पाकिस्तान के अनुसार ऑपरेशन गज़ब लिल-हक़ के तहत हमले किए गए। यह कार्रवाई खैबर पख्तूनख्वा के चितराल, खैबर, मोहम्मद, कुर्रम और बाजौर सेक्टरों में अफगान तालिबान की ओर से की गई बिना किसी उकसावे की गोलीबारी के जवाब में की गई।

### अफगानिस्तान डिफेंस ने साझा किया वीडियो

अफगानिस्तान डिफेंस नामक एक्स हैंडल ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें जलते हुए एफ-16 विमान का मलबा दिखाया गया है। अमरीकी आपूर्ति वाले इस एक इंजन वाले लड़ाकू विमान पर छोटा पाकिस्तानी झंडा बना हुआ है। एग्जॉस्ट के पास 85510 नंबर दिखाई दे रहा है। इस दृश्य की हालांकि पुष्टि नहीं हो सकी है। अल जजीरा समाचार चैनल ने बताया कि अफगानिस्तान ने सीमा के विस्तृत हिस्से में कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर हमला शुरू किया, जिनमें तोर्खम सीमा चौकी भी शामिल है, जो अफगानिस्तान में प्रवेश का एक प्रमुख मार्ग है।

**शराब घोटाला** — मैं भ्रष्ट नहीं, मुझे घर से घसीट कर जेल में डाला गया

# अरविंद केजरीवाल, सिसोदिया सहित 23 आरोपी बरी

- फैसले के बाद रो पड़े आप संयोजक



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जिस बहुचर्चित शराब घोटाले के कारण केजरीवाल सरकार हिल गई थी, उसी केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि मामले में शामिल किसी भी आरोपी के खिलाफ सबूत नहीं मिले हैं और मामले में कोई अपराधिक साजिश या अपराधिक मंशा साबित नहीं होती है। कोर्ट का फैसला आने के बाद अरविंद केजरीवाल की आंखों में आंसू आ गए और वह रोल पड़े। उनका कहना था कि वह भ्रष्टाचारी नहीं हैं।

कोर्ट में विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने आदेश सुनाते हुए स्पष्ट किया कि अभियोजन पक्ष की पूरी कहानी न्यायिक जांच की कसौटी पर टिक नहीं पाई है। जांच एजेंसी ने साजिश का एक कथानक तैयार करने की कोशिश की, लेकिन यह अनुमान और अटकलों पर आधारित था। कोर्ट ने सीबीआइ की जांच प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि किसी आरोपी को माफी देकर उसे सरकारी गवाह बनाना और फिर उसके बयानों के आधार पर जांच की कमियां भरना संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है।

**अन्याय की हार हुई :** अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में बरी होने के बाद शुक्रवार को कहा कि सत्य की जीत हुई है। श्री केजरीवाल ने कहा कि आखिर में अधर्म और अन्याय हारता है और सच ही जीतता है। उन्होंने कहा कि आज अदालत ने इस मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। हम हमेशा से कहते आए हैं कि सच्चाई की जीत होती है। हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा की गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलकर आम आदमी पार्टी को खत्म करने की सबसे बड़ी साजिश रची और पार्टी के पांच बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया। मौजूदा मुख्यमंत्री को उनके घर से घसीटकर जेल में डाल दिया गया ऐसा देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वह भ्रष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें छह महीने तक जेल में रखा गया और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को लगभग दो साल तक जेल में रहना पड़ा। उन्होंने कहा कि टीवी चैनलों पर उनका चरित्र हनन किया गया और उन्हें भ्रष्ट बताया गया।

### दिल्ली हाईकोर्ट जाएगी सीबीआई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बरी किए जाने के निचली अदालत के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती देने का निर्णय लिया। सीबीआई का यह फैसला यहां की राउज एवेन्यू कोर्ट के सर्वश्री केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य आरोपियों को आबकारी नीति से जुड़े कथित के भ्रष्टाचार मामले में आरोपमुक्त करने के बाद आया है। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने चार्जशीट में नामजद किसी भी व्यक्ति के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार कर दिया था। सीबीआई प्रवक्ता ने दावा किया कि निचली अदालत ने उनकी जांच के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज किया है। इसे देखते हुए सीबीआई इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगी।

## एपस्टीन के साथ संबंधों पर डोनाल्ड ट्रंप से सवाल करें सांसद : हिलेरी क्लिंटन

- कांग्रेस समिति के समक्ष गवाही के बाद कहा, मैं सच सामने आते देखना चाहती हूं



**वाशिंगटन।** अमरीका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने सांसदों से अपील की है कि उन्हें यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संबंधों को लेकर उनसे सवाल करने चाहिये। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सुश्री क्लिंटन इस मामले को लेकर कांग्रेस (संसद) की समिति के समक्ष उपस्थित हुईं।

उन्होंने कहा कि उन्हें एपस्टीन के अपराधों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस दौरान उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि उन्हें श्री ट्रंप से एपस्टीन के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछताछ करनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने संविधान की शपथ ली है। सुश्री क्लिंटन ने कांग्रेस समिति के समक्ष घंटों गवाही देने के बाद कहा कि मैं सच सामने आते देखना चाहती हूं। इस मामले में सुश्री क्लिंटन के पति एवं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन गवाही देंगे। हालांकि दोनों ने समिति की ओर से तलब किये जाने का विरोध किया है और इसे इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। बाद में ये दोनों फिर गवाही देने के लिए सहमत हो गए क्योंकि उनके खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की संभावित कार्रवाई की आशंका थी। श्री क्लिंटन और श्री ट्रंप ने एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर कुछ भी गलत करने से इनकार किया है। कांग्रेस की समिति के समक्ष गुरुवार को छह घंटे तक गवाही देने के बाद सुश्री क्लिंटन ने संवाददाताओं से कहा कि वह निराश हैं कि गवाही सार्वजनिक नहीं की गयी।

### एपस्टीन के अपराधों के बारे में जानकारी नहीं थी

श्री क्लिंटन ने कहा कि उन्हें एपस्टीन के अपराधों के बारे में जानकारी नहीं थी और उन्होंने दो दशक पहले उससे संबंध तोड़ लिए थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद चैरिटी के काम के सिलसिले में उनका संपर्क हुआ था और उन्होंने इस बात पर अफ़सोस जताया है कि वह कभी भी उस वित्तपोषक से जुड़े थे, जिसकी 2019 में जेल में मौत हो गई थी।

## सम्मान किसी एक अधिकारी का नहीं, बल्कि उस पूरी टीम का है जिसने लक्ष्य को मिशन बना लिया : जिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** विकास की दौड़ में लखीमपुर खीरी ने ऐसा परचम लहराया कि राष्ट्रीय पटल पर उसकी गूंज सुनाई दी। जुलाई से सितंबर 2024 के बीच चले संपूर्णता अभियान में जिले के बांकेगंज और धौरहरा ब्लॉक ने प्रदर्शन की नई इबारत लिख दी। उत्कृष्ट कार्य के लिए नीति आयोग ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया बांकेगंज ब्लॉक ने 'हेल्थ एंड न्यूट्रिशन', 'एग्रीकल्चर एंड अलाइड सर्विसेज़' और 'एस्पिरेशनल ब्लॉक्स प्रोग्राम के तहत सोशल डेवलपमेंट' थीम में तीन प्रमुख इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत सैचुरेशन हासिल कर प्रशासनिक चुस्ती का परिचय दिया। जमीनी निगरानी, विभागों के बीच बेहतर तालमेल और तय समयसीमा में लक्ष्य पूरा करने की रणनीति ने ब्लॉक को मॉडल बना दिया धौरहरा ब्लॉक ने तो रफ्तार को और तेज कर दिया। यहां छह इंडिकेटर्स पर सैचुरेशन हासिल कर विकास के पैमाने पर नई लकीर खींच दी गई। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच, पोषण सुधार की ठोस पहल और कृषि योजनाओं के लाभार्थियों तक सीधी पहुंच ने नतीजे को असरदार बनाया संपूर्णता अभियान के तहत किए गए इस प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि जब प्रशासनिक इच्छाशक्ति और टीमवर्क साथ हो, तो लक्ष्य सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहते, जमीन पर उतरते हैं। जिले में इस उपलब्धि को विकास की नई उड़ान के रूप में देखा जा रहा है डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार की मौजूदगी में बांकेगंज के बीडीओ ऋषिकांत अहिरवार और धौरहरा के तत्कालीन बीडीओ सुमित कुमार सिंह (वर्तमान में बीडीओ फूलबेहड़) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच डीएम ने साफ कहा कि यह सम्मान किसी एक अधिकारी का नहीं, बल्कि उस पूरी टीम का है जिसने लक्ष्य को मिशन बना लिया।

## चाइनीज मंझे से एक व्यक्ति का कटा गला



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शहर में चाइनीज मंझे से सुरेंद्र श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति का गला बुरी तरह कट गया पलिया बस स्टैंड से पहले हुआ हादसा, घायल को तत्काल इलाज के लिए ले जाया गया है शहर में आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस और गंभीर कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

## विरोध-प्रदर्शन को लेकर बीएसए कार्यालय पर एहतियातन भारी पुलिस बल किया गया तैनात

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** लखीमपुर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी के खिलाफ दलित पैंथर द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित आपत्तिजनक संदेश और 27 फरवरी को प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन को लेकर बीएसए कार्यालय पर एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।सुबह से ही बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में मुस्तैद हैं। प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह की अव्यवस्था को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है वहीं बीएसए के समर्थन में ब्राह्मण संगठनों ने भी मोर्चा खोल दिया है। आज बीएसए कार्यालय पर ब्राह्मण संगठनों की बैठक प्रस्तावित है, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।प्रशासन ने सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## दो पुत्रियों सहित माँ ने खाया जहर, माँ और एक पुत्री की मृत्यु

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** मैलानी थाना क्षेत्र के गांव काकोरी निवासी विजेंद्र कुमार की पत्नी 50 वर्षीय फूल कुमारी, पुत्री कंचन देवी 25, पुत्री निमिषा 19 ने जहर खा लिया। गंभीर अवस्था में परिजन तीनों को लेकर गोला सीएचसी आए, जहां फूल कुमारी और निमिषा को डॉक्टरों मृत घोषित कर दिया।

कंचन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है पिता और भाई ने बताया कि विजेंद्र के बड़े पुत्र पवन कुमार की 4 दिसंबर को पूरनपुर मार्ग स्थित कजरी के पास सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी।

जिसे लेकर परिवार के लोग डिप्रेशन में थे। घर पर घटना के वक्त मृतक पुत्र पवन कुमार की पत्नी उसके दो बच्चे और मां-बेटियां थे। विजेंद्र और उनका छोटा पुत्र आशीष अपने काम पर भरिगवां गए थे। भरिगवां में विजेंद्र कुमार का आटा चक्की कारखाना है।

## नहर पटरी की सड़क को चौड़ा कर रिंग रोड के रूप में विकसित करने की बनाई गई योजना

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शहर में नहर पटरी की सड़क को चौड़ा कर रिंग रोड के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। डॉन बॉस्को कॉलेज से सिंचाई विभाग कॉलोनी तक पटरी की चौड़ाई 3.5 मीटर से बढ़ाकर लगभग 5.5 मीटर की जाएगी, जिससे यातायात सुगम होगा चौड़ीकरण के दायरे में करीब 29 मकान आ रहे हैं, वहीं कुछ दुकानों द्वारा भी अतिक्रमण किए जाने की बात सामने आई है। जमीन और मुआवजे की समस्या को देखते हुए नहर को पतला और गहरा करने की योजना भी तैयार की गई है लोक निर्माण विभाग ने जमीन हस्तांतरण के लिए सिंचाई विभाग से एनओसी मांगी है। एनओसी मिलने के बाद ही कार्य शुरू हो सकेगा।

## थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने छापा मारकर दो प्रतिबंधित जानवर किए बरामद

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** खीरी टाउन के जोशी टोला इलाके में प्रतिबंधित पशु काटने की सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने हसीन पुत्र रफीक के घर छापा मारकर दो प्रतिबंधित जानवर बरामद किए।पुलिस ने दोनों पशुओं को तत्काल गोशाला भिजवाया और मौके से संबंधित आरोपियों को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है इलाके में इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ है, जबकि पुलिस का कहना है कि प्रतिबंधित पशुओं के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## पुलिस लाइन में तैनात कई उपनिरीक्षकों के तबादले करते हुए उन्हें विभिन्न चौकियों का प्रभारी बनाया गया

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जिले में पुलिस लाइन में तैनात कई उपनिरीक्षकों के तबादले करते हुए उन्हें विभिन्न चौकियों का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन से उ0नि0 बृजेश कुमार सिंह को चौकी प्रभारी सिकंदराबाद थाना नीमगांव, उ0नि0 रजनीश त्रिपाठी को चौकी प्रभारी मढ़ियाघाट थाना मैगलगंज, उ0नि0 धर्मेंद्र बहादुर सिंह को चौकी प्रभारी जेलगेट थाना कोतवाली सदर तथा उ0नि0 सुशील तिवारी को चौकी प्रभारी बिजुआ थाना भीरा बनाया गया है इसी क्रम में पुलिस लाइन से उ0नि0 संदीप कुमार यादव को चौकी प्रभारी बेहजम थाना नीमगांव और उ0नि0 अरविंद तिवारी को चौकी प्रभारी मिश्राना थाना कोतवाली सदर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# कोचिंग संचालको को किया अधिक से अधिक मतदाता बनाए जाने हेतु संवेदीकृत

### कोई भी अर्ह छात्र एवं युवा फार्म 06 भरने से न छूटेः संतोष बहादुर सिंह



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह ने निर्देशित किया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके या पूर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का फार्म 06 भरवाना सुनिश्चित किया जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह आज जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में माध्यमिक एवं उच्च शिक्षण तथा कोचिंग संचालको की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी संचालकों को फॉर्म 06 के बारे में जानकारी एवं समय सारणी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि फार्म 06 की अर्हता रखने वाला कोई भी पात्र विद्यार्थी फार्म भरवाने से न छूटे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़ने से मतदान देने का अधिकार प्राप्त होता है। इससे लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित होती है। सभी बीएलओ को परिचय पत्र पहनने के निर्देश दिए। इस संबंध में कहा कि परिचय पत्र आमजनमानस के बीच पहचान को सुनिश्चित करता है। संतोष बहादुर सिंह ने छात्रों एवं युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि यदि आपकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है, तो आज ही मतदाता सूची में अपना पंजीकरण कराएं और एक गौरवान्वित मतदाता बनें। मतदाता हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म संख्या 6 भरें या संबंधित बूथ स्तरीय अधिकारी को फॉर्म जमा करें। उन्होने कहा कि 17 वर्ष के भावी मतदाता भी अग्रिम रूप से फॉर्म भर सकते हैं, क्योंकि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर चार पात्रता तिथियां निर्धारित की गयी है। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सहित विभिन्न माध्यमिक, उच्च एवं कोचिंग संस्थानों के संचालक तथा अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## डीएम के अध्यक्षता में किया गया पर्यावरण एवं गंगा समिति की बैठक का आयोजन



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं गंगा समिति की बैठक का आयोजन डीएम की अध्यक्षता में किया गया। शुक्रवार को वृक्ष रोपण समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला अधिकारी अवनीश राय ने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि आगामी वर्षाकाल में किए जाने वाले वृक्षारोपण हेतु शासन द्वारा आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष स्थल चयन कर कार्य योजना कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानकी प्रभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा 2-3 आदर्श स्थलों का चयन कर लिया जाए और सुनियोजित तरीके से वृहद वृक्षारोपण कार्य करने की रणनीति तैयार की जाए।उनके द्वारा समस्त विभागों में पूर्व में किए गए वृक्षारोपण की थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग की रिपोर्ट कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग को उपलब्ध कराने एवं जिन विभागों द्वारा अंतर विभागीय जांच का कार्य प्रस्तावित है,जांच पूर्ण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया।जिला गंगा समिति की समीक्षा के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा सोत एवं अरिल नदी के पुनरोद्धार के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नदी पुनरोद्धार की कार्ययोजना तत्काल तैयार कर सचिव जिला गंगा समिति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाए।

# बिल्सी नगर पालिका में बोर्ड की बैठक हुई संपन्न

### सर्वसम्मति से पारित हुआ 25 करोड़ से अधिक का बजट

**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पालिका बिल्सी सभागार में शुक्रवार को बोर्ड की एक बैठक का आयोजन पालिकाध्यक्ष ज्ञान देवी सागर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में क्षेत्र के विकास हेतु सर्वसम्मति से 25 करोड़ से अधिक का बजट पास कर दिया गया।बोर्ड बैठक के दौरान क्षेत्रीय सभासदों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की कई समस्याओं को सदन में रखा गया।सभासदों की शिकायतों पर क्षेत्रीय विधायक के प्रतिनिधि एवं पालिका अध्यक्ष के पति ओम प्रकाश की ओर से अधिशासी अधिकारी को समस्याओं का समाधान अतिशीघ्र करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर,पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि ओम प्रकाश सागर, अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश यादव सहित सभासद आदि मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा ने की मासिक बैठक,सौंपा ज्ञापन



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** मालवीय आवास गृह पर अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा के बैनर तले मासिक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए इससे संबंधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार हुई इस बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन की मंडल अध्यक्ष मोर श्री गुप्ता तथा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि आंगनबाड़ी बहनों एवं लाभार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है। राजेश सक्सेना ने जानकारी देते हुए बतायाकि कई परियोजनाओं पर नैफेड की सप्लाई प्रत्येक महीने नियमित रूप हो रही है,जबकि कुछ पर मीठा दलिया एवं नमकीन दलिया की आपूर्ति की जा रही है,जिससे लाभार्थियों में मनमुटाव रहता है।उन्होंने बताया कि इस संबंध में हमारे संगठन द्वारा शुक्रवार को नगर मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपते हुए मानदेय एवं पुष्टाहार की समान आपूर्ति की मांग की गई है।

# खाद्य विभाग की टीम ने दूध-पनीर फैक्ट्री पर छापा

### 1000 लीटर दूध और 5 कुंतल पनीर के सैंपल जांच को भेजे





अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कमेला कालोनी में संचालित एक दूध फैक्ट्री पर छापा मारकर हजारों लीटर दूध व करीब पांच कुंतल कृत्रिम पनीर बरामद कर लिया। टीम ने मौके से दूध व पनीर के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिये। मिली जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि उक्त फैक्ट्री में साफ-सफाई के मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है और गंदगी भरे माहौल में दूध व पनीर तैयार कर बाजार में सप्लाई किया जा रहा है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंडलीय खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने थाना मंडी और थाना कुतुबशेर पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की। टीम के पहुंचते ही फैक्ट्री संचालक मौके से फरार हो गया। छापेमारी के दौरान टीम को फैक्ट्री परिसर में दूध खुले बर्तनों में रखा हुआ मिला, जबकि पनीर को सीधे फर्श पर रखा गया था, जिससे स्वच्छता मानकों का स्पष्ट उल्लंघन सामने आया। अधिकारियों ने दूध और पनीर के सैंपल भरकर सील किए और उन्हें प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेज दिया। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में मिलावट या खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन सिद्ध होता है तो संबंधित संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस क्षेत्र में यह फैक्ट्री संचालित हो रही है, वहां बड़े स्तर पर मीट का कारोबार होता है और आसपास गंदगी की स्थिति बनी रहती है। इसी परिसर में पूर्व में मीट का गोदाम संचालित होने की भी चर्चा है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि दूध और पनीर जैसे संवेदनशील खाद्य पदार्थों के उत्पादन के लिए लाइसेंस जारी करते समय स्थान की उपयुक्तता की क्या जांच की गई थी।

## अवैध शराब की भट्टी चलाता एक शराब तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना बडगाँव पुलिस ने अवैध शराब की भट्टी चलाते एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 150 लीटर अवैध कच्ची शराब व 300 लीटर लहन तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद किए है। थाना बडगांव प्रभारी रमेश चन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक हितेश कुमार, सोनू कुमार तथा आबकारी निरीक्षक अक्षय कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने अभियुक्त राहुल पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम बढेडी मजबता थाना बडगांव को ग्राम बढेडी मजबता से शराब की भट्टी, 150 लीटर कच्ची शराब खाम, 300 लीटर लहन के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बडगांव पर धारा 60(2) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया है।

## पुलिस ने कुर्क की खनन माफिया की अरबो रूपये की सम्पत्ति




अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिला प्रशासन ने आज उत्तर प्रदेश के टोप टेन माफियाओं में शुमार जनपद के हिस्ट्रीशीटर हाजी इकबाल उर्फ बाला के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए उनकी 2 अरब 75 करोड़ 97 लाख रूपये की अचल सम्पत्ति कुर्क कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हाजी इकबाल के विरुद्ध विभिन्न थानों में हत्या, लूट, धोखाधड़ी और गैंगस्टर एक्ट जैसे कुल 52 संगीन मुकदमें पंजीकृत हैं। इसके अलावा ईडी, सीबीआई व एसएफआईओ जैसी केंद्रीय एजेंसियां भी इसके विरुद्ध विभिन्न मामलों की जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि आज राजस्व विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने ढोल ढमाको के साथ मुनादी कराते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत हाजी इकबाल की लगभग 2 अरब 75 करोड़ 97 लाख रूपये की अचल संपत्ति कुर्क की। उन्होंने बताया कि यह बेनामी संपत्तियां हाजी इकबाल द्वारा विभिन्न लोगों के नाम पर और शैल कंपनियों के माध्यम से अर्जित की गई थीं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी पुलिस द्वारा खनन माफिया हाजी इकाबल की लगभग 837 रूपये करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि आज जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्ष अभितेष सिंह व एसडीएम बेहट मानवेन्द्र सिंह की मौजूदगी में पुलिस प्रशासन ने मुनादी कराकर नियमानुसार कुर्की की प्रक्रिया संपन्न करायी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा अन्य चिन्हित माफियाओं के विरुद्ध भी इसी प्रकार का सिस्टमैटिक एक्शन प्लान बनाकर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा रही है।

## सर्वसम्मति से किया आईसीएआई की प्रबंध समिति का गठन

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** आईसीएआई के प्रबंध समिति के चुनाव में सर्वसम्मति से पंकज चुग को शाखा का चेयरमैन चुना गया, जबकि सीए सुनील तोमर को वाईस चेयरमैन व आनंद मक्कड़ को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी। स्थानीय एक सभागार में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 के लिए सीए पंकज चुग को शाखा चेयरमैन चुना गया।

## अधिवक्ताओं ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी तथा आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाये रखने की अपील की।

दीवानी कचहरी परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष राहुल त्यागी व महासचिव पालम राणा ने अधिवक्ताओं को होली का महत्व बताते हुए शुभकामनाएं अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासचिव पालम राणा ने कहा कि होली आपसी भाईचारे व सौहार्द का त्यौहार है, जो हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से आपसी गिले शिकवे भुलाकर आपसी सौहार्द कायम रखने की अपील की। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान डीसीजी विनय चौहान, रणधीर सिंह, सौरभ कुमार जैन, बिट्टू सहगल, भोपाल सिंह, गौरव दीक्षित, रेखा रानी, अनीता रानी, सचिन कुमार सैनी, रविदत्त शर्मा, अंकित चौधरी, जमाल साबरी, मुनव्वर खान समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पेपर मिल रोड पर जेसीबी से ध्वस्त किया अतिक्रमण

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** नगर निगम ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आज पेपर मिल रोड पर जेसीबी से चार दुकानों का अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। ब्रजेश नगर पुल के नीचे भी अनेक दुकानों का अतिक्रमण हटाते हुए दो दुकानों पर जुर्माना लगाया गया। ताहरपुर के तालाब पर एक व्यक्ति ने कब्जा कर अवैध रुप से उसमें लगाए गए सैकड़ों पेड़ों को भी आज उखड़वाया गया। पेपर मिल रोड पर टीन शेड डालकर चार दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। जिसकी शिकायत कुछ लोगों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी थी। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज प्रवर्तन दल ने पेपर रोड पहुंचकर जेसीबी से टीन शेड सहित सभी अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा ब्रजेश नगर पुल के नीचे भी करीब एक दर्जन दुकानों का अतिक्रमण हटाते हुए दो दुकानों से दो हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल गुरुंग ने बताया कि ताहरपुर स्थित एक तालाब में अवैध रुप से पोपुलर के सैकड़ों पेड़ लगाकर अवैध रुप से कब्जा कर लिया था। नगरायुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन दल ने आज ताहरपुर पहुंचकर अवैध रुप से लगाए गए समस्त पेड़ उखड़वा दिए। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, हरिप्रकाश कसाना सहित प्रवर्तन दल व निगम की राजस्व टीम शामिल रही।

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, श्रमिक की मौत

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना रामपुर मनिहारान क्षेत्रान्तर्गत अम्बाला-देहरादून हाइवे पर ट्रैक्टर के ब्रेक फेल होकर अनियंत्रित होकर पलटने से एक श्रमिक की मौत हो गयी जबकि आठ श्रमिक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी नकुड़ सुश्री रुची गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद राय बरेली के रहने वाले कुछ लोग अंबाला रोड स्थिर्त इंट भट्टे पर लेबर का काम करते है। बताया जाता है कि होली पर्व के चलते आज श्रमिक ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार होकर वापिस लौट रहे थे। जैसे ही वह अम्बाला देहरादून हाइवे स्थित महामृत्युजंय मंदिर के समीप पहुंचे।

# प्रभारी मंत्री राकेश राठौर ने इसरो वैन का फीता काटकर किया शुभारंभ

- ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने इसरो वैन का भ्रमण किया और डेमो के माध्यम से अंतरिक्ष ज्ञान प्राप्त किया

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिले के प्रभारी मंत्री राकेश राठौर ने इसरो वैन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने इसरो वैन का भ्रमण किया और डेमो के माध्यम से अंतरिक्ष ज्ञान प्राप्त किया। इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री ने कहा कि बच्चे अध्ययन करके शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े। जिले की पावन धरती जो वीरों की धरती है बच्चे अपना अनुभव साझा करें और जले के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़। यही बच्चे एक दिन साइंटिस्ट या वैज्ञानिक बन कर अपने माता पिता का नाम रोशन करेंगे।



प्रभारी मंत्री ने कहा कि यहां के बच्चे एक दिन प्रदेश का भी नाम रोशन करेंगे। हर एक बच्चा दिल्ली से आए हुए साइंटिस्ट से सवाल जवाब करें, जिससे आपका ज्ञान बढ़ सके और इसरो लैब के बारे में जानकारी प्राप्त करें। डेमो देखना और पढ़ने में बहुत अंतर है पढ़ने के साथ साथ सभी बच्चे प्रैक्टिस भी करें। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इन बच्चों को शुरूआत में जैसा तराशेंगे आगे चलकर ये बच्चे वैसे ही बनेगे। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कहा कि जिले में 40 इसरो लैब की स्थापना हो रही है। इसरो वैन के माध्यम से दूर दराज से आए हुए छात्र छात्राएं इस इसरो वैन का एक्सपीरियंस कर पाएंगे। हर ब्लॉक में इसरो वैन जाएगी और बच्चे अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जान सकेंगे।

डीएम ने कहा कि जिंदगी में किताबी ज्ञान ही काफी नहीं होता जरूरी होता है हर चीज को विजुलाइज कर पाओ, जो चीज हो रही है पर कैसे हो रही है, हर चीज पर आप सवाल भी पूछ पाओ कोई चीज आप देखते हो आपके सामने हो रही है जो एक जिज्ञासा में हो रही है उसको कभी शांत नहीं होने दो जब आप सोशल साइंस पढ़ते हो उसको बोरिंग तरीके से ना पड़े आप उसके विषय में समझो क्या वजह रही होगी उसके आगे क्या उसका प्रभाव पड़ेगा। जब आप उस विषय के बारे में समझ जाएंगे तो आप जिंदगी भर नहीं भूलेंगे। इस मौके पर इसरो के वैज्ञानिक अंकित थरेजा औरयोगेन्द्र सिंह ने अंतरिक्ष यान, उपग्रह, रॉकेट प्रौद्योगिकी एवं भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों की जानकारी सरल एवं रोचक तरीके से दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, एडीएम, सीडीओ, एसडीएम, तहसीलदार, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा, सीओ सिटी, पूर्व मंत्री सिद्धगोपाल साहू, व्यापर मंडल से भागीरथ नगायच, एमएलसी प्रतिनिधि रणविजय सिंह, पुष्पेन्द्र गुप्ता, व्योगी शाश्वत, रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे ।

## तेज़ रफ़्तार बाइक ने स्कूल से लौट रहे छात्रों को रौंदा चालक पर नशे में घटना को अंजाम देने की चर्चा

**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कटघर मूसा गांव के पास शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे स्कूल से घर लौट रहे साइकिल सवार दो छात्रों को तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों छात्र घायल हो गए, जबकि उनकी साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

जानकारी के अनुसार जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के नवानगर निवासी सेवाराम प्रजापति हजपुरा बाजार में वेल्डिंग का कार्य करते हैं। उनका 10 वर्षीय पुत्र अंकुर कक्षा तीन का छात्र है। वहीं कजपुरा निवासी अनिल कुमार का 11 वर्षीय पुत्र आदिस कटघर मूसा स्थित लाइफ टाइम एकेडमी में अध्ययनरत है। शुक्रवार को विद्यालय की छुट्टी के बाद दोनों छात्र एक ही साइकिल से घर लौट रहे थे।

बताया जाता है कि जाफर शहीद बाबा की मजार के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार हजपुरा निवासी नेबूलाल ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों छात्र सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में चोटें आ गईं।

# जिले के तहसील क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** चकबंदी आयुक्त, उत्तर प्रदेश डॉ हृषिकेश भास्कर यशोद के कुशल नेतृत्व एवं जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबंदी के मार्गदर्शन में तहसील डुमरियागंज के ग्राम बढनी चाफा के पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल का आयोजन डॉक्टर ज्ञान प्रकाश उप संचालक चकबंदी/ अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम बढनी चाफा में आयोजित बैठक में उप संचालक चकबन्दी के साथआनन्दमणि उपाध्याय सहायक चकबंदी अधिकारी, प्रदीप कुमार पेशी कानूनगो, खेसाल अहमद रीडर, रामशरण तिवारी चकबंदी कर्ता, अजय सोनी चकबंदी लेखपाल, अन्य चकबन्दी कर्मचारी तथा ग्राम प्रधान एवं चकबंदी समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे है। इसी क्रम तहसील नौगढ़ के ग्राम जगमोहनी के पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल का आयोजन डॉ0 ललित कुमार मिश्रा बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी की अध्यक्षता में



किया गया। बैठक में एहतेशाम सहायक चकबंदी अधिकारी नौगढ़, प्रदीप कुमार पेशी कानूनगो, शमसुल कमर खां चकबंदी करता, अत्रि मणी त्रिपाठी लेखपाल तथा ग्राम जगमोहनी के ग्राम प्रधान व चकबंदी समिति के सदस्यगण एवम् ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे एवं तहसील इटवा में ग्राम सेमरी तप्पा हीर में प्रदीप कुमार श्रीवस्तव चकबन्दी अधिकारी, इटवा की अध्यक्षता में ग्राम के सहायक चकबन्दी अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन कुशलता एवं सफलतापूर्वक किया गया है। ग्राम बढनी चाफा में उत्पन्न समस्याओं को मौके पर उप संचालक चकबन्दी महोदय द्वारा सुना गया एवं त्वरित रूप उसका निस्तारण किये जाने का आश्वसन दिया गया एवं इसके साथ ग्रामवासियों द्वारा ग्राम चकबन्दी प्रक्रिया के बावत वरासत की कार्यवाही पूर्ण किये जाने की मांग की गयी, जिसके निस्तारण हेतु तत्काल सहायक चकबन्दी अधिकारी डुमरियागंज को निर्देशित किया गया है एवं प्राप्त कुल 9 जन शिकायतों के निस्तारण हेतु प्राप्त हुयी।

## पेयजल, मोक्षधाम और बारातघर आदि सुविधाओं की व्यवस्था कराने को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया, सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** पेयजल, मोक्षधाम और बारातघर आदि मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराए जाने को लेकर शुक्रवार को छिकहरा गांव के मजरा मुल्ला के खोड़ा के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने समस्याओं का जल्द निस्तारण कराए जाने की मांग की साथ ही चेतावनी दी कि यदि समाधान नहीं होता तो धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे।



ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि सदर तहसील के इस मजरे में पिछले तीन सालों से पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा पड़ा है, जिससे उन्हें एक एक बाल्टी साफ पेयजल के लिए प्रतिदिन जूझना पड़ रहा है। ज्ञापन में ग्रामीण बताया कि मजरे में एक मात्र हैंडपंप है, जो अक्सर खराब रहता है। मरम्मत के बाद भी अब जलस्तर गिरने से हैंडपंप शोपीस बनकर रह गया है। बताया कि इस संबन्ध में एक माह से अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार आश्वासन देकर टहलाया जा रहा है। बताया कि पेयजल के लिए महिलाओं को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनका पूरा दिन पानी भरने में ही गुजर जाता है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने गांव की सभी गलियों में तत्काल पाइपलाइन डालने की मांग की है ज्ञापन में ग्रामीण ने अंतिम संस्कार के लिए जगह की कमी की समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि जिस जमीन पर पहले शवों का अंतिम संस्कार किया जाता था, उसे अब वन विभाग ने तारबंदी कर घेर दिया है। ऐसे में अंतिम संस्कार के लिए कोई निश्चित जगह नहीं बची है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गांव में एक मोक्षधाम के निर्माण की मांग की है साथ ही, शादी विवाह व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक बारातघर की कमी को दूर कराए जाने की बात कही। ज्ञापन देने वालों में जय कुमार, दयावती वर्मा, भूरा, परमे, कोमल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों शामिल हैं।

## वाराणसी : मिस और मिसेज़ बनारस क्लब की मॉडलो ने खेली होली



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** रंगभरी एकादशी बड़े धूम - धाम से मनाई जाती है। रंगभरी एकादशी के दिन से ही काशी मे होली की शुरुआत हो जाती है।रंगभरी एकादशी के पावन अवसर पर आज मिस और मिसेज़ बनारस क्लब की मॉडलो ने आज कैंटोमेंट स्थित एक लॉन मे ' होली के रंग मॉडलो के संग ' कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय खिलाड़ी वन्दना सिंह, विशिष्ट अतिथि मिसेज़ बनारस विनर 2021 सपना सिंह राजपूत व इंटरनेशनल खिलाड़ी खुशी सिंह उपस्थित रही। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम पहना एवं बुके प्रदान कर किया। कार्यक्रम मे मिस और मिसेज़ बनारस की मॉडलो ने अबीर - गुलाल व गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेल मस्ती मे सराबोर रही और पूरे होलियाने मूड मे सभी मॉडलो ने हिन्दी व भोजपुरी फिल्मो के होली गीत पर डान्स कर सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर मुख्य रूप से साक्षी पाण्डेय, सम्पा सामंत,सबनम दास, रीना सिंह, पूजा जगोटा, कविता,शीलू त्रिपाठी, दीक्छा श्रीवास्तव,शिखा श्रीवास्तव, ललिता विश्वकर्मा, अंजलि सिंह, आदि लोग उपस्थित रही।

## वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार मुआवजा और प्लॉट आवंटन की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जताया विरोध

- प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** विकासखंड कबरई के अलीपुरा गांव के डूब क्षेत्र से प्रभावित परिवारों के लिए नई ग्राम पंचायत बसाने, आवासीय प्लाट आवंटन किए जाने और वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर विरोध जाताया। बाद में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को सौंपकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कराए जाने की मांग की।



अतिरिक्त एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में अर्जुन सहायक परियोजना के अंतर्गत डूब क्षेत्र में आ चुके अलीपुरा गांव की आबादी विस्थापित होने की कगार पर है। पूरे गांव के प्रभावित परिवारों को लाभ सूची में सम्मिलत किए जाने की मांग की गई है। 2019 से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवक युवतियों को पृथक इकाई मानकर धनराशि दी जा रही है। जबकि 2025 की सूची में उन्हें सम्मिलत नहीं किया गया है। पुर्नवास के लिए आवासी प्लाट का पूर्ण आवंटन नहीं किया गया। मुआवजा राशि वर्तमान प्रभावी सर्किल रेट के अनुरूप निर्धारित नहीं की जा रही है, इससे ग्रामीणों में गुस्सा है। ज्ञापन में ग्राम पंचायत अलीपुरा के प्रभावित परिवारों का पुनः सर्वे कर उन्हें लाभ सूची में सम्मिलत किए जाने की मांग की गई। पुर्नवास क्षेत्र को विधिवत नई ग्राम पंचायत घोषित कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। जनहित में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किए जाने की ग्रामीणों ने मांग की। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान अंशिका, देवेंद्र कुमार, नीरज, सुनीता, कामता प्रसाद, सीताराम, अंकित शुक्ला, धर्मेंद्र, नंदकिशोर, रामसनेही, अर्जुन, साहिल, सहित तमाम ग्रामीण शामिल रहे।

## उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में हमारा लक्ष्य सबको रोजगार मिले : संजय गरयाली




**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** हर व्यक्ति को रोजगार मिले हर व्यक्ति व्यवसाय कर सकता है। अगर वह चाहे तो,फ्यूज़न फाइनेंस लिमिटेड ने आज उत्तर प्रदेश पर रणनीतिक ज़ोर देने की बात दोहराई। साथ ही कंपनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सूक्ष्म वित्त (माइक्रोफाइनेंस) और एमएसएमई ऋण खंड में सतत वृद्धि के साथ-साथ वित्तीय समावेश को आगे बढ़ाने के लिहाज़ से भारत के सबसे महत्वपूर्ण बाज़ारों में से एक है। फ्यूज़न फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, संजय गरयाली ने उत्तर प्रदेश में कंपनी की प्रतिबद्धता के बारे में कहा कि, 'फ्यूज़न फाइनेंस के लिए वित्त वर्ष '26 की तीसरी तिमाही स्थिर और अनुशासित क्रियान्वयन वाली अवधि रही। हमने अपनी परिचालन पहुंच और परिसंपत्ति की गुणवत्ता को बढ़ाते हुए मुनाफा कमाया। ज़िम्मेदार ऋण की मांग में बढ़ोतरी और माइक्रोफाइनेंस तथा सुरक्षित एमएसएमई समाधान दोनों को संतुलित तरीके से बढ़ाने के अवसर की वजह से उत्तर प्रदेश जैसे बाज़ारों पर हमारा विशेष ध्यान है। हम ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने और सतत, दीर्घकालिक वृद्धि का समर्थन करने वाले उच्च गुणवत्ता के पोर्टफोलियो निर्माण के लिए डिजिटल क्षमता, जोखिम आधारित अंडरराइटिंग और वास्तविक समय के आधार पर निगरानी करने वाले टूल में निवेश जारी रखेंगे। 'बताया गया कि,इन सबका समर्थन 271 एमएफआई और 28 एमएसएमई शाखाएं करती हैं। ये शाखाएं लगभग 5.52 लाख सक्रिय एमएफआई ऋण खाते और 8,000 एमएसएमई ऋण खाते को सेवा प्रदान करती है।

# जिले के विकास को मिली नई रफ्तार : प्रभारी मंत्री राकेश कुमार राठौर ने दी करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिले के प्रभारी मंत्री राकेश कुमार राठौर ने शुक्रवार को जिले के सर्वांगीण विकास को गति देते हुए करोड़ों रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रभारी मंत्री ने बताया कि जिले की चारों नगर निकायों के लिए अहम परियोजनाओं की सौगात दी है। इन कार्यों से न केवल शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का भी सुंदरीकरण सुनिश्चित होगा। इन विकास कार्यों को मुख्य रूप से वंदन योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना और स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत स्वीकृत किया गया है।



नगर पालिका परिषद महोबा की ओर से धार्मिक स्थलों के विकास के लिए वंदन योजना के अंतर्गत मां चन्द्रिका देवी मंदिर परिसर और बौद्ध मठ के पास नवनिर्मित हॉल का लोकार्पण किया गया। वहीं ट्यूबवेल से बौद्ध मठ तक और कारकदेव मन्दिर से बौद्ध मठ तक इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण एवं खनिज न्यास निधि और वंदन योजना के तहत शहर के विभिन्न वार्डो में लगभग 1.75 करोड़ रुपये की लागत के सीसी रोड और नाली निर्माण कार्यो को जनता को समर्पित किया गया। नगर पालिका परिषद चरखारी ने सुगम आवागमन के लिए पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना के तहत वार्ड रूपनगर और कजियाना में लगभग 1.17 करोड़ रुपये की लागत से तीन प्रमुख सीसी रोड का निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को सौंपा गया साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका परिसर में नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण किया गया।

नगर पंचायत, कबरई में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत 88 लाख रुपये की लागत से नगर में आधुनिक पुस्तकालय और अम्बेडकर नगर वार्ड में चिल्ड्रेन पार्क, इंटरलॉकिंग एवं नाली के निर्माण का लोकार्पण किया गया साथ ही 1.85 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन रानी लक्ष्मीबाई पार्क के पास योगशाला और एक कम्युनिटी सेन्टर का शिलान्यास किया गया। वंदन योजना के तहत 1.54 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन पांच पहाड़ी मंदिर, बूढ़े हनुमान मंदिर और राम जानकी मंदिर में शेड व सीसी रोड निर्माण का भी शिलान्यास हुआ। इस प्रकार नगर पंचायत कुलपहाड़ में वंदन योजना के तहत मां बाघराजन मन्दिर के विकास पर विशेष जोर दिया गया है, जिसमें 1.18 करोड़ की लागत से मंदिर के परिक्रमा मार्ग, सीसी रोड और शेड के नीचे इंटरलॉकिंग का कार्य पूर्ण कर श्रद्धालुओं को समर्पित किया गया, वहीं लगभग 1.36 करोड़ रुपये की लागत से तहसील के सामने निकाय भूमि पर 'दुकानों का निर्माण' और एक 'आधुनिक पुस्तकालय' के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर सदर विधायक राकेश गोस्वामी, सभी निकायों के चेयरमेन व अधिशाषी अधिकारियों और कर्मचारियों सहित बीजेपी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सीसीटीएनएस रैंकिंग में महोबा को मिला पहला स्थान



**महोबा।** सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन के आधार पर मुख्यालय तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा जनवरी 2026 के आंकड़ों के अनुसार जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद महोबा पुलिस ने 100% अंक प्राप्त करते हुए एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि महोबा पुलिस की कार्यकुशलता, त्वरित निस्तारण और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश नवीन अरोरा द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, वन्दना सिंह तथा सीओ सीसीटीएनएस गौरव उपाध्याय सहित सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर का दायित्व निभा रहे कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी, रहमान रशीद के कार्यों की प्रशंसा की गयी है । मुख्यालय द्वारा टीमवर्क, उत्तरदायित्व व विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है। पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में प्राप्त यह उपलब्धि जनपद पुलिस की तकनीकी दक्षता, अनुशासन और त्वरित निस्तारण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## गन्ना लदी ट्रक पलटी, ड्राइवर ने बचायी अपनी जान

**अवधनामा संवाददाता, बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरूआ थाना क्षेत्र के एनएच 730 बढ़नी पचपेड़वा मार्ग पर ब्रजेश्वरी इन्टर कॉलेज घरूआर के निकट एक गन्ना लदी ट्रक अज्ञात कारणों से पलट गई ड्राइवर ने सूझबूझ से अपनी जान बचाई। शुक्रवार को एनएच 730 बढ़नी पचपेड़वा मार्ग पर ब्रजेश्वरी इंटर कॉलेज घरूआर के निकट एक गन्ना लोडेड ट्रक पलट गई। पुरानी बस्ती निवासी ट्रक ड्राइवर हीरालाल यादव ने बताया कि वह बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के मानपुर से गन्ना लोड करके तुलसीपुर स्थित चीनी मिल पर जा रहा था कि उक्त विद्यालय के निकट पहले से एक ट्रक खड़ी थी उसने मुझे आगे निकलने के लिए साइड दिया और अचानक गाड़ी पलट गई।

## उचित पेड़ी प्रबंधन से होगा अधिक लाभः महाप्रबंधक

**गोंडा।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल लिमिटेड कुन्दरखी के महाप्रबंधक ए.के. सिंह के निर्देशन में बसंतकालीन गन्ना बुवाई में अस्वीकृत अज्ञात गन्ना प्रजातियों की बुवाई नही करने के लिए एवं किसानों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से वृहद जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह व महाप्रबंधक ए.के. सिंह ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषक जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई में उन्नतशील प्रजातियों जैसे को. 0118, 15023, को. लख. 14201, 16202, कोशा. 18231, 17231 तथा जलप्लावित क्षेत्र के लिए 94184, को. 98014, 13231 आदि की बुवाई के लिए प्रेरित करना है। महाप्रबंधक ने समय से बुवाई कर पेड़ी गन्ने का अच्छा प्रबंधन करके अधिक लाभ प्राप्त करने की अपील किया। साथ आर.एमडी. एवं मलचर के प्रयोग पर जोर दिया व फ़सल स्वस्थ की दशा मे द्वितीय पेडी रखने जोर दिया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

- दुर्घटना होने पर निरस्त होंगे डी0एल0
- पीएम राहत योजना हेतु करें तैयारी

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।




एआरटीओ के द्वारा बताया गया कि माह जनवरी 2026 में जनपद फर्रूखाबाद में 42 सड़क दुर्घटनाओं में 26 व्यक्तियों की मृत्यृ हुई है जबकि माह जनवरी 2025 में जनपद फर्रूखाबाद में 24 सड़क दुर्घटनाओं में 17 व्यक्तियों की मृत्यृ हुई थी। माह जनवरी 2026 में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मृतकों की संख्या स्थिर रही है, राज्य मार्ग पर मृतकों की संख्या में कमी आई है , मुख्य जिला मार्ग, अन्य जिला मार्ग तथा अन्य मार्गो पर वृद्धि हुई है। जनपद की सीमान्तर्गत कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है।

जिलाधिकारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि एवं मृत्यु दर के दृष्टिगत मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा-19 के अन्तर्गत चालन अनुज्ञप्ति के निरस्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश पुलिस व परिवहन विभाग को दिये गये। वाहन अधिनियम 1988 की धारा-19 के अन्तर्गत आभ्यासिक अपराधी या आभ्यासिक शराबी, संज्ञेय अपराध करने में मोटर वाहन का उपयोग, जनता को न्यूसेन्स या खतरा कारित करने की सम्भावना आदि के आधार पर चालन अनुज्ञप्ति के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाती है। इस प्रकार धारा-19 का उद्देश्य स्पष्टतः जनहित एवं सड़क सुरक्षा की रक्षा करना है। जनपद में प्रत्येक माह एक या एक से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु वाली घटित प्रत्येक दुर्घटना की सूचना प्राथमिकी, चालन अनुज्ञप्ति की संख्या आदि विवरण पुलिस विभाग के माध्यम से लाईसेन्सिंग प्राधिकारी/एआरटीओ (प्रशासन) को प्रेषित जायेगी।

जनपद में 102 श्रेणी की 21, 108 श्रेणी की 22, नेशनल मेडिकल मोबाइल यूनिट की 2 तथा ए0एल0एस0 की 5 एम्बुलेंस उपलब्ध हैं। दुर्घटनाओं के मामलों में प्रायः 108 श्रेणी की एम्बुलेंस का प्रयोग किया जाता है। ए0एल0एस0 श्रेणी की एम्बुलेंस का प्रयोग जिला अस्पताल से गम्भीर मरीजों को उच्च केन्द्रों पर ले जाने के लिए किया जाता हैं। जनपद में 48 एम्बुलेन्स की सूचना प्राप्त है। अवगत कराया गया कि 108 एम्बुलेन्स का रिस्पॉस टाइम प्रदेश स्तर पर औसत रिस्पॉस टाइम से अधिक है। एम्बुलेंस रिस्पॉस टाइम को कम करने के निर्देश जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये।

एआरटीओ द्वारा यह बताया गया कि ''सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम 2025'' दिनांक 05-05-2025 को अधिसूचित की गयी है, जिसके अन्तर्गत मोटर वाहनों के उपयोग से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिये दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिनों के लिये प्रति पीड़ित 1.5 लाख रूपये तक के उपचार का प्रावधान किया गया है। इस योजना का नाम परिवर्तित कर पीएम राहत योजना कर दिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पुलिस तथा चिकित्सा विभाग को पीएम राहत योजना के प्रशिक्षण के निर्देश दिये गये हैं।

## बढ़नी और कृष्णानगर की सड़कों पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब, बाबा की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**अवधनामा संवाददाता**

- श्री श्याम फाल्गुनोत्सव 32 वाँ निशान शोभा यात्रा में गूँजा 'हारे का सहारा'

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी पूरी तरह से खाटू श्याम के रंग में रंगी नजर आई, 32 वाँ फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य निशान शोभा यात्रा में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा हाथों में केसरिया और रंग-बिरंगे निशान लिए भक्तों का जोश देखते ही बन रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो साक्षात खाटू धाम बढ़नी की धरा पर उतर आया हो।

शुक्रवार को नगर पंचायत बढ़नी स्थित राणीसती दादी मंदिर से विधिवत पूजन और अखंड ज्योति की आरती के साथ शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। जैसे ही ढोल-नगाड़ों और डीजे पर बाबा के भजन बजने शुरू हुए, श्रद्धालु खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए। 'सजा दो घर को गुलशन सा, मेरे सरकार आए हैं जैसे भजनों पर महिला, पुरुष और बच्चे सभी भक्ति के आनंद में झूमते नजर आये। नगर के मुख्य चौराहों और गलियों में सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय निवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर पेयजल और जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। कड़ी धूप के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। भक्तों का कहना था कि बाबा के निशान को मंदिर तक पहुँचाना उनके लिए परम सौभाग्य की बात है।

कृष्णानगर में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि सभा के उम्मीदवार अभिषेक प्रताप शाह भी श्याम बाबा के भक्तों के साथ रंगों से सराबोर नजर आये। नगर भ्रमण करते हुए सीमा पार कृष्णनगर (नेपाल) स्थित श्याम बाबा के मंदिर में श्याम भक्तों ने निशान अर्पित करते हुए खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। मंदिर को रंग-बिरंगे रंगों और सुगंधित फूलों से बेहद खूबसूरती से सजाया गया था। बाबा के अलौकिक दर्शन पाकर भक्त भाव-विभोर हो गए।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, चारबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56265146 | Traction Motor type IM 3302AZ complete with pinion as per BHEL Drg No 04450009051. Make: BHEL or equivalent | 04 Nos | 26.03.2026 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. ईपीएस/56/2026 672/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक में एडीएम सख्त, लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली तेज करने के निर्देश

**सीएम डैशबोर्ड की प्रगति पर जोर, लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के आदेश**



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली और निर्धारित एजेंडा बिंदुओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमित कुमार भट्ट एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से की।बैठक में परिवहन, वाणिज्य कर, प्रवर्तन, आबकारी, सिंचाई, विद्युत, वन, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प तथा नगर निकाय समेत अन्य विभागों की राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा की गई। लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति वाले विभागों पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने स्पष्ट कहा कि सभी विभाग समयबद्ध लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें।अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राजस्व वसूली की साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से करें और प्रगति रिपोर्ट अद्यतन रखें। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता लाने तथा स्थलीय निरीक्षण के बाद ही जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि डैशबोर्ड पर योजनाओं की प्रविष्टियां नियमित रूप से अपडेट की जाएं और लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।अपर जिलाधिकारियों ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सूर्यवंश क्षत्रियों की महापंचायत को लेकर तैयारी बैठक

**पूरा बाजार-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** ग्राम नारा में राजेश सिंह के आवास पर सूर्यवंशी क्षत्रिय उत्थान समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी 21 व 22 मार्च को राजेपुर में भगवान बक्श सिंह के तत्वावधान में प्रस्तावित सूर्यवंश क्षत्रियों की महापंचायत की तैयारियों पर चर्चा की गई।समिति अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह ने बताया कि अयोध्या जनपद में बसे सूर्यवंश क्षत्रियों को निमंत्रण स्वरूप तुलसी दल वितरित किया जा चुका है। जनपद बस्ती के 51 गांवों में बसे समाज बंधुओं को निमंत्रण देने के लिए एक मार्च 2026 को अमोलीपुर हनुमान मंदिर (निकट विक्रमजोत, बस्ती) में बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।बैठक में महामंत्री लाल साहब सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रणधीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जंग बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष संतोष सिंह, नरेंद्र सिंह, सुशील सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री संतोष कुमार सिंह, ग्राम प्रधान रमेश सिंह, राजेश सिंह, नरसिंह सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी तथा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव का पार्टी कार्यालय सिविल लाइन, हनुमान गढी अयोध्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह और रामनामा भेंट कर दोनों नेताओं का अभिनंदन किया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अयोध्या जाकर श्री रामलला व हनुमान गढी में दर्शन पूजन किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए राधेश्याम त्यागी ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करें और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाएं।

कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि महानगर स्तर पर संगठन को और सशक्त बनाने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं और उनके सहयोग से ही संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टीम भावना से कार्य करते हुए अयोध्या में पार्टी को और मजबूत बनाया जाएगा।

इस अवसर पर पार्टी के मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने कहा कि यह स्वागत केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन की एकजुटता और उत्साह का प्रतीक है। कहा कि नए नेतृत्व में संगठन और अधिक गतिशील होगा तथा पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाया जाएगा।

स्वागत करने वालों में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता,रामचंद्र यादव, संजीव सिंह, अवधेश पांडे बादल, राघवेंद्र पांडे, कृष्ण कुमार पांडे खन्नू, अशोक कसौधन, शैलेंद्र कोरी, तिलक राम मौर्य, अरविंद सिंह, शंभू नाथ सिंह दीपू, अमल गुप्ता, दिव्य प्रकाश तिवारी, दिनेश मिश्रा, अरविंद सिंह, गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह हरभजन गौड, अभय सिंह, बालकष्ण वैश्य, शिक्षक नेता वीरेंद्र बहादुर सिंह, रवि सोनकर, मुकेश तिवारी, डॉ रजनीश सिंह,हेमंत जायसवाल, कपिल देव वर्मा, पार्षद अनिल सिंह, चन्दन सिंह, दीप कुमार गुप्ता, अनुभव जायसवाल, संग्राम सिन्हा, चेयरमैन गोसाईगंज विजय लक्ष्मी जायसवाल, रीना द्विवेदी, शकुंतला गौतम, यमुनोत्री केसरवानी, अनिता सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बजट से व्यापार को मिलेगी नई गति : वेद प्रकाश गुप्ता



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सर्किट हाउस में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार के बजट की प्रमुख उपलब्धियों को विस्तार से साझा किया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न व्यापारी संगठनों, उद्योग प्रतिनिधियों और युवा उद्यमियों ने भाग लिया। विधायक ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट सर्वसमाज, विशेषकर व्यापारियों, किसानों और युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन, स्वरोजगार योजनाओं के विस्तार, स्टार्टअप को बढ़ावा तथा डिजिटल लेन-देन को सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या में तीव्र गति से हो रहे विकास कार्यों से व्यापार को नई ऊर्जा मिली है। धार्मिक पर्यटन में वृद्धि के कारण होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और स्थानीय बाजारों में कारोबार बढ़ा है। बजट में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, सड़कों के चौड़ीकरण, विद्युत व्यवस्था में सुधार और सुरक्षा प्रबंधों के विस्तार से व्यापारिक वातावरण और बेहतर होगा।

कार्यक्रम के अंत में व्यापारियों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव विधायक के समक्ष रखे, जिनके समाधान का आश्वासन उन्होंने दिया। कार्यक्रम में चंद्र प्रकाश गुप्ता, श्रीनिवास अग्रवाल, सजन अग्रवाल, जयवीर सिंह, अवि आनंद, अरूण अग्रवाल, नीरज जायसवाल, मनोज जायसवाल, रवि सोनकर, पंकज गुप्ता, बालकष्ण वैश्य, अचल गुप्ता, मुकेश तिवारी, सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

# उप स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान कार्ड कैंप, सीएचसी अधीक्षक ने किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**मवई-अयोध्या।** विकासखंड मवई के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र जैसुखपुर में आयुष्मान भारत योजना के तहत विशेष अभियान पूरी सक्रियता के साथ संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 15 जनवरी से 15 अप्रैल तक चलेगा, जिसके अंतर्गत क्षेत्र के सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। कैंप में तैनात सीएचओ रत्ना सिंह ने बताया कि विशेष शिविर के माध्यम से अब तक 200 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। शासन की मंशा के अनुरूप कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे, इसके लिए स्वास्थ्य टीम लगातार प्रयासरत है। छह यूनिट वाले राशन कार्ड धारकों सहित पात्र लाभार्थियों का सत्यापन कर मौके पर ही कार्ड बनाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम कैंप तक सीमित न रहकर घर-घर जाकर भी आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य कर रही है। आशा बहुओं के सहयोग से पात्र परिवारों की सूची तैयार कर उन्हें योजना के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई के प्रभारी मदन बनरवाल स्वयं अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि कार्य में तेजी लाई जाए और कोई भी पात्र लाभार्थी छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए जीवनरक्षक साबित हो रही है, इसलिए लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कैंप में आशा कार्यकर्ता उषा देवी व शांति देवी ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों में योजना को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि आयुष्मान कार्ड बनने से गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक राहत मिलेगी।

## ग्राम चौपाल में समस्याओं का निस्तारण, कोई भी पात्र वंचित न रहे

**मवई -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विकासखंड मवई के ग्राम सुल्तानपुर व पचलो में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित एडीओ समाज कल्याण आनंद श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव का कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना से वंचित न रहे और उसे ब्लॉक के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल आयोजित की जाती है। ग्राम पंचायत अधिकारी अतुल दुबे ने बताया कि सुल्तानपुर में तीन मामले आए। दो प्रार्थनाएं परिवार रजिस्टर की नकल से संबंधित थीं, जिन्हें मौके पर ही उपलब्ध करा दिया गया। एक मामला पेंशन से जुड़ा था, जिसमें डीबीटी कराने की सलाह दी गई।इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

## होली पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति- ड्रोन निगरानी में रहेगा बरेली, हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बरेली पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम कर लिए हैं। इस बार संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी, जबकि खुफिया इकाइयों को पहले ही सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि किसी भी तरह की अव्यवस्था या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन के जरिए निगरानी रखी जाएगी।

संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत संबंधित थाने की फोर्स मौके पर पहुंचेगी। तकनीकी संसाधनों के उपयोग से असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाएगा।

शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों और होलिका दहन स्थलों के आसपास पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। थाना प्रभारियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखने और पुराने विवादों को पहले ही सुलझाने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहार से पहले पुलिस-प्रशासन ने शहर के संभ्रांत नागरिकों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भड़काऊ या भ्रामक पोस्ट साझा करने से बचें। एसएसपी रोजाना वर्चुअल माध्यम से थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा कर रहे हैं। डायल 112 के पुराने रिकॉर्ड के आधार पर चिन्हित स्थानों की सूची तैयार कर वहां अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

जिन स्थानों पर पूर्व में विवाद की स्थिति बनी थी, वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। जरूरत पड़ने पर रिजर्व फोर्स भी तुरंत रवाना की जाएगी। एसएसपी अनुराग आर्य ने स्पष्ट संदेश दिया है कि होली का त्योहार भाईचारे और उल्लास का प्रतीक है। यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन का दावा है कि सख्त निगरानी और सामुदायिक सहयोग से इस बार होली पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न होगी।

# बरेली को मिली डायल 112 की 16 नई स्कॉर्पियो, एसएसपी ने झंडी दिखाकर किया रवाना अब 85 पीआरवी होंगी सक्रिय

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** जनपद में आपातकालीन पुलिस सेवा को और मजबूत करते हुए डायल 112 बेड़े में 16 नई स्कॉर्पियो गाड़ियां शामिल की गई हैं। इसके साथ ही जिले में फोर व्हीलर पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) की कुल संख्या बढ़कर 85 हो गई है, जो अब से सुचारू रूप से कार्य करेंगी। जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि प्रदेश सरकार के स्तर पर पुलिस संसाधनों में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है और नई गाड़ियों का शामिल होना उसी दिशा में एक अहम कदम है। इन वाहनों के जुड़ने से पुलिस का रिस्पांस टाइम कम करने, घटनास्थल पर त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने और आम जनता के बीच पुलिस के प्रति भरोसा मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि आगामी त्योहारों और संवेदनशील क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए इन पीआरवी की तैनाती रणनीतिक रूप से की जाएगी। धार्मिक स्थलों के आसपास, विशेषकर सुबह के समय जब महिलाएं मंदिरों में दर्शन के लिए जाती हैं, तथा शाम के समय बाजारों में बढ़ती भीड़ के दौरान पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई जाएगी। इससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सहायता मिलेगी। नई स्कॉर्पियो गाड़ियों को आवश्यक सुविधाओं से लैस किया गया है। इनमें एंटी राइट गियर, बरसात के लिए रेनकोट, बॉडी बैग्स और फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराई गई हैं। पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार संबंधी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि दुर्घटना या अन्य आपात स्थिति में घायल व्यक्तियों को तत्काल राहत पहुंचाई जा सके और आवश्यकता पड़ने पर उनकी जान बचाई जा सके। अधिकारियों के अनुसार, डायल 112 का रिस्पांस टाइम लगातार बेहतर हो रहा है और नई गाड़ियों के शामिल होने से इसमें और सुधार की उम्मीद है।

### R.N. टैगोर इंटर कॉलेज में चार अत्याधुनिक सुविधाओं का शुभारंभ

**बरेली।** छावनी क्षेत्र स्थित R.N. Tagore Inter College में बुधवार को भव्य एवं गरिमामय समारोह के बीच चार नई अत्याधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि मेजर जनरल आई.एस. गिल, VSM, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय उत्तर भारत ने फीता काटकर कलाकृति स्टूडियो, नवचेतना लाइब्रेरी, एआई एंड रोबोटिक्स लैब तथा एआई ड्रोन लैब का शुभारंभ किया। कार्यक्रम स्थल को पारंपरिक पुष्प सज्जा से सजाया गया था। विद्यार्थियों और शिक्षकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अपने संबोधन में मेजर जनरल आई.एस. गिल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक आधारित नवाचार समय की आवश्यकता है। इस तरह की पहलें विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

## होली से पहले खाद्य विभाग का बड़ा एक्शन: 1191 किलो सरसों तेल सीज, 580 किलो संदिग्ध पनीर नष्ट

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** होली पर्व को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों पर शिकंजा कसते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बरेली ने गुरुवार को जिले भर में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई में कुल 10 खाद्य नमूने लिए गए, भारी मात्रा में सरसों का तेल सीज किया गया और सैकड़ों किलो संदिग्ध पनीर नष्ट कराया गया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा जिलाधिकारी बरेली के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के नेतृत्व में गठित टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। 1191 किलो सरसों का तेल सीज राजेंद्र नगर, मीरगंज स्थित मैसर्स ऋद्धि इंटरप्राइजेज से सरसों के तेल के दो नमूने लिए गए तथा 1191 किलोग्राम सरसों का तेल (अनुमानित मूल्य ?1,77,700) सीज किया गया।

## सर्वोदय विद्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, छात्राओं की सुविधा को लेकर सख्त

**मेस में भोजन चखकर जांची गुणवत्ता, सीसीटीवी, किचन गार्डेन व मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू करने के निर्देश**



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, धनेवा धनेई का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कक्षाओं, छात्रावास, मेस, स्टाफ आवास सहित परिसर की सुविधाओं का निरीक्षण किया। मेस में स्वयं भोजन चखकर गुणवत्ता परखी तथा खाद्य सामग्री की नियमित जांच के निर्देश दिए।

विद्यालय परिसर में पानी की टंकी की मरम्मत, सीसी सड़क निर्माण और छात्राओं की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा गया। साथ ही किचन गार्डेन विकसित कर सहजन, कटहल, केला जैसे पौधे लगाने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं को पोषणयुक्त आहार मिल सके। जिलाधिकारी ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें लक्ष्य तय कर मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया तथा मेंटरशिप कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके बाद डीएम ने जिला क्रीड़ा स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण कर खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## 17 मार्च से शुरू होगी गेहूँ खरीद, 2585 रुपये प्रति कुंतल समर्थन मूल्य

**जनपद में 138 क्रय केंद्र स्वीकृत, 18 मोबाइल केंद्र भी रहेंगे सक्रिय**

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत 17 मार्च 2026 से गेहूँ खरीद प्रारम्भ की जाएगी। जानकारी देते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी विवेक सिंह ने बताया कि किसानों से गेहूँ खरीद के लिए जनपद में कुल 138 क्रय केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 30, पीसीएफ के 49, पीसीयू के 42, यूपीएसएस के 15 तथा भारतीय खाद्य निगम के 02 केंद्र शामिल हैं। इनमें से 18 केंद्र मोबाइल क्रय केंद्र के रूप में कार्य करेंगे।

शासन द्वारा गेहूँ का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। गेहूँ विक्रय हेतु किसान पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है। किसान खाद्य एवं रसद विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://fcs.up.gov.in अथवा यूपी किसान मित्र ऐप के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के दौरान किसानों को बोये गए रकबे का विवरण दर्ज करना होगा तथा सक्रिय मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से पंजीकरण लॉक करना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि समर्थन मूल्य का भुगतान समय से प्राप्त करने हेतु अपने बैंक खाते को आधार से लिंक कराकर एनपीसीआई से मैपिंग अवश्य सुनिश्चित करें।

**खबर का बड़ा असर**

# क्षतिग्रस्त पुल की रेलिंग दुरुस्त करने की प्रक्रिया शुरू



*अवधनामा संवाददाता*

**चिउटहा (महराजगंज)।** निचलौल-चिउटहा मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत पिपरिया जमुई पंडित के दक्षिण दिशा में पकड़ी रजवाहा पर बने पुल की क्षतिग्रस्त रेलिंग को लेकर अवधनामा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का व्यापक असर देखने को मिला है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों ने त्वरित संज्ञान लेकर स्थल का निरीक्षण किया और पुल की टूटी रेलिंग की मरम्मत एवं मजबूतीकरण का कार्य शुरू करा दिया है। प्रशासन की इस सक्रियता से क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं वाहन चालकों में राहत और संतोष का माहौल है।

ज्ञात हो कि उक्त पुल की रेलिंग पिछले कई महीनों से भारी वाहनों की टक्कर के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त थी। यह पुल पहले से ही मोड़ पर स्थित होने और संकरा होने के कारण दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। रेलिंग टूट जाने से स्थिति और अधिक खतरनाक हो गई थी। तेज गति से गुजरने वाले वाहन कभी भी अनियंत्रित होकर नहर में गिर सकते थे, जिससे किसी बड़ी सड़क दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग से गुहार लगाते रहे, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हो पा रही थी। जब यह मुद्दा प्रमुखता से प्रकाशित हुआ तो प्रशासन हरकत में आया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त हिस्से की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि समय रहते कदम उठाए जाने से संभावित बड़े हादसे की आशंका टल गई है। उनका यह भी कहना है कि यदि पुल का चौड़ीकरण और स्थायी सुरक्षा कार्य शीघ्र पूरा हो जाता है तो इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों को लंबे समय तक राहत मिलेगी।

# सिसवा में श्यामभक्तो की भक्ति की भव्य निशान शोभायात्रा



**सिसवा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** नगर में फाल्गुन मेला महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण के बीच हुआ। श्रीश्याम मंदिर से निकली भव्य निशान शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों, भजनों और जयकारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। श्रीश्याम प्रभु की झांकी के साथ यात्रा प्रेमचित्र मंदिर रोड, सब्जी मंडी रोड, इन्दिरा चौक, श्रीरामजानकी मंदिर मार्ग, अमरपुरवा और गोपाल नगर सहित कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर श्रीश्याम मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। महिला और पुरुष श्रद्धालु श्याम भजनों पर झूमते और नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे। मंदिर पहुंचकर भक्तों ने श्रीश्याम प्रभु का श्रृंगार, दरबार और ज्योति दर्शन किया तथा निशान अर्पित किए। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर संत कुमार जालान, लक्ष्मण तुलस्यान, प्रह्लाद अग्रवाल, विकास सिंघानिया, पुरुषोत्तम लाठ, आशुतोष गाड़िया, रामू मित्तल, उषा शर्मा, हेमा टिबड़ेवाल, पुष्पा शर्मा, कृष्णमुरारी शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, धर्मवीर सोनी, अशोक बंका, रविराज जायसवाल, प्रेमलता सिंघानिया, राधा सरावगी, ज्योति सिंघानिया, दिनेश रौनियार, प्रथम शर्मा और अंकित लाठ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण, अनुशासन व प्रशिक्षण पर दिया जोर



**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित शुक्रवार साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस बल की तत्परता, अनुशासन एवं व्यवस्थित प्रस्तुति की सराहना की। परेड के बाद एसपी ने आदेश कक्ष, गार्द रजिस्टर, गणना रजिस्टर, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, स्टोर रूम, एमटी शाखा, आरक्षी मेस, बैरक, सब्सिडियरी कैंटीन तथा रिक्रूट आरक्षियों की बैरक व मेस का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यप्रणाली की समीक्षा कर पाई गई कमियों को दूर करने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। एसपी ने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, शारीरिक दक्षता और कानूनी प्रावधानों की समुचित जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण से ही पुलिस बल भविष्य में प्रभावी ढंग से कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेगा। अंत में उन्होंने पुलिस कर्मियों से जनसेवा व कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य कर समाज में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाए रखने की अपील की।

# राज्यसभा सांसद बृजलाल एवं जिलाधिकारी द्वारा बच्चों में डेस्क और बैग का किया गया वितरण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत कार्यक्रम 2023 जिसके अंतर्गत शिक्षा और स्वास्थ्य को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए विकास खण्ड बॉसी, मिठवल खेसरहा, डुमरियागंज भनवापुर, इटवा और खुनियांव तहसील में बच्चों में डेस्क और बैग का वितरण सांसद राज्यसभा बृजलाल, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., द्वारा किया गया।

राज्यसभा सांसद बृजलाल राज्यसभा सदस्य के अथक प्रयासों से भारत सरकार का उपक्रम हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एवं कार्यदाई संस्था यूनिसेड ने इनोवेशन द्वारा बच्चों के शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कार्यक्रम में जिला सिद्धार्थनगर के बच्चों के लिए एक अद्भुत और बहुत ही लाभदायक कार्यक्रम की शुरुआत की।

यूनिसेड संस्था भारत की एक अग्रणी संगठन विकसित भारत के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विभिन्न आईआईटी के साथ देश भर में सामुदायिक शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए नवाचारों की शुरुआत करते हुए ग्रामीण, वंचित, कमजोर वर्ग के जीवन को बदलने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

शुक्रवार को जिले के विधान सभा क्षेत्र बांसी, इटवा और डुमरियागंज में बच्चों की उत्तम शिक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वितरण कार्यक्रम समारोह में जनपद के 27,778 बच्चों के लिए स्कूल बैग वितरण हेतु मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद बृजलाल, राज्यसभा सदस्य उत्तर प्रदेश सरकार, अवनीश त्रिपाठी नीति सलाहकार, खान मंत्रालय तथा सदस्य राज भाषा समिति - भारत सरकार के द्वारा शुभारंभ किया गया। सांसद बृजलाल ने अपने उद्बोधन में प्रशंसा करते हुए कहा कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत और यूनिसेड संस्था के अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने के दिशा में हो रहे बेहतरीन प्रयास बहुत ही लाभकारी हैं। संसदीय क्षेत्र के माननीय राज्य सभा सांसद श्री बृजलाल जी के सौजन्य से हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत यूनिसेड ने निपुण भारत कार्यक्रम के समर्थन में सही बैठकर लिखने एवं पढ़ने से बच्चों की रीढ़, मस्तिष्क और आंखों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित शैक्षणिक डेस्क के साथ इनोवेटिव स्कूल बैग (पेटेन्ट संख्या 287945 ) राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को वितरित किया जाना है।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के महाप्रबंधक बाबा पंढोर और अवनीश त्रिपाठी नीति सलाहकार , खान मंत्रालय, तथा सदस्य राज भाषा समिति - भारत सरकार के साथ मिलकर, जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों, विशेष रूप से जिला कलेक्टर और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के सराहनीय प्रयासों से जरूरतमंद बच्चों और उनके परिवारों तक यह सहायता पहुंचाई है,जिससे विकसित भारत के भविष्य को संवारने में योगदान दिया जा सके।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार एवं जिले के अन्य सभी प्रशासनिक अधिकारी, स्कूल के शिक्षकगण, पढ़ने वाले बच्चे उनके अभिभावक गण आदि भी उपस्थित रहे।

# सीएसआर के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य पर किया गया निवेश ग्रामीण बच्चों के भविष्य को मजबूत करेगा : बृजलाल

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बीआरसी परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और निपुण भारत कार्यक्रम के तहत बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के उपक्रम एच पी सी एल ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में 27778 बच्चों के लिए एजुकेशनल बैग विद डेस्क वितरण किया। यह कार्यक्रम शुक्रवार को जिले के बांसी, मिठवल, खेसरहा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बृजलाल ने किया ।मुख्य अतिथि सांसद बृजलाल ने अपने संबोधन में कहा कि सीएसआर के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य पर किया गया निवेश ग्रामीण बच्चों के भविष्य को मजबूत करेगा। उन्होंने एच पी सी एल और यूनिसेड के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचार ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नीति सलाहकार खान मंत्रालय अवनीश त्रिपाठी सहित सभी वक्ताओं ने कार्यक्रम को केंद्र सरकार के नेतृत्व में चल रही शिक्षा सुधार पहलों से जोड़ते हुए वक्ताओं ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा व बाल कल्याण योजनाओं के विस्तार पर जोर दिया।एच पी सी एल ने यह पहल यूनिसेड संस्था के सहयोग से शुरू किया है। इस योजना के अंतर्गत बच्चों को ऐसा स्कूल बैग दिया जा रहा है जिसमें पढ़ाई के लिए फोल्डेबल डेस्क भी जुड़ी हुई है। यह विशेष बैग आई आई टी कानपुर के विकसित तकनीक पर आधारित बताया गया है। जिसका उद्देश्य बच्चों की बैठने की सही मुद्रा सुनिश्चित करना और पढ़ाई के दौरान होने वाली शारीरिक समस्याओं को कम करना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन , पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन,पीडी,बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ,डीसी निर्माण रितेश श्रीवास्तव, अध्यापक वेद यादव, राकेश शर्मा, कृष्ण कुमार मिश्र, मूदिता सिंह इफ्तखारुनिंशा, विजय सिंह भाष्कर कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लांक गुणवत्ता समन्वयक स्वतंत्र पाठक की अहम भूमिका रही।यह पहल जिले में शिक्षा सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे ग्रामीण बच्चों को बेहतर पढ़ाई का वातावरण और स्वास्थ्य सुरक्षा दोनों मिल सकेंगे।

# इबादत वह नूर है जो इंसान के किरदार को रोशन कर देती है : मौलाना शाहकार हुसैन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** माहे रमजान के दूसरे जुमे के अवसर पर तहसील क्षेत्र अंतर्गत कस्बा हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में नमाज़ियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस मुबारक मौके पर मौलाना शाहकार हुसैन जैदी ने नमाज-ए-जुमा से पूर्व खुतबे को संबोधित करते हुए 'इबादत की हकीकत और उसकी रोशनी' पर विशेष चर्चा की।

मस्जिद से नमाज़ियों को खिताब करते हुए मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि इबादत केवल चंद रस्मों की अदायगी का नाम नहीं है, बल्कि यह वह रूहानी रोशनी है जो बंदे को उसके परवरदिगार से जोड़ती है। उन्होंने कहा इबादत की रोशनी का अर्थ है अपने दिल से नफरत, लालच और तकब्बुर (अहंकार) के अंधेरे को दूर करना। जो इबादत इंसान के अखलाक (आचरण) में सुधार न लाए, वह बेनूर है।'

मौलाना ने इस बात पर जोर दिया कि रमजान का पवित्र महीना हमें आत्म-नियंत्रण सिखाता है। उन्होंने कहा कि इबादत की रोशनी तभी मुकम्मल होती है जबःपड़ोसियों के हकः इंसान अपने भूखे पड़ोसी का ख्याल रखे।

सच्चाईः अपनी जुबान और व्यवहार में सच्चाई व नरमी पैदा करे। मजलूमों और बेसहारा लोगों की निस्वार्थ सेवा करे।

**अमन-ओ-अमान की दुआ :** खुतबे के अंत में मौलाना ने कहा कि यह महीना खुद को गुनाहों से पाक करने का बेहतरीन जरिया है। नमाज के बाद मुल्क में आपसी भाईचारे, एकता और खुशहाली के लिए विशेष दुआ मांगी गई। धूप और गर्मी के बावजूद अकीदतमंदों ने बड़ी संख्या में मस्जिद पहुँचकर नमाज अदा की और एक-दूसरे को जुमे की मुबारकबाद दी।

# अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों की प्रभावी पैरवी

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार कक्ष में जनपद के समस्त पैरोकार, कोर्ट मोहर्रिर, शमन सेल एवं मॉनीटरिंग सेल के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कर अधिकाधिक दोषसिद्धि प्राप्त करना तथा प्राचीनतम वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु ठोस कार्ययोजना बनाना रहा। बैठक के प्रारम्भ में जनपद के विभिन्न न्यायालयों-सेशन न्यायालय एवं अधीनस्थ (लोअर) न्यायालयों- में विचाराधीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गयी। गंभीर अपराधों, महिला एवं बाल अपराधों, संगठित अपराध, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट, एनडीपीएस एवं अन्य विशेष अधिनियमों से संबंधित प्रकरणों में प्रभावी पैरवी हेतु विशेष निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त प्राचीनतम वादों की सूची तैयार कर उनका श्रेणीवार वर्गीकरण किया जाए तथा साप्ताहिक समीक्षा की जाए। प्रत्येक न्यायालयीन तिथि पर संबंधित पैरोकार समय से न्यायालय में उपस्थित होकर अभियोजन अधिकारी से समन्वय स्थापित करें। गवाहों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु समय से सूचना, व्यक्तिगत संपर्क एवं आवश्यक समन्वय किया जाए। शमन एवं वारंट की तामीली को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए तथा तामीली की प्रगति का अभिलेखीकरण सुनिश्चित किया जाए। केस डायरी, विवेचना अभिलेख, चिकित्सीय रिपोर्ट, एफएसएल रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों का सुव्यवस्थित संधारण किया जाए ताकि न्यायालय में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। चिन्हित/संवेदनशील प्रकरणों में विशेष पैरवी कर शीघ्र एवं सुदृढ़ दोषसिद्धि सुनिश्चित की जाए।

# जिलाधिकारी ने बैठक में सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लंबित आवेदनों की गई गहन समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं बैंकर्स अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई तथा उनके त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण हेतु अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बैंकर्स से कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, स्टैंड-अप इंडिया, डीडीयूजीवाई, किसान फसल बीमा, एवं अन्य स्वरोजगार योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों की समयबद्ध जांच एवं निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त होना चाहिए, जिससे कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक लोगों को रोजगार और आर्थिक सहायता मिल सके। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसुनवाई पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों व आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं।

उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब की स्थिति कतई स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे बैंकर्स के साथ समन्वय बनाते हुए लाभार्थियों को समय से सहायता उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि योजनाओं की प्रभावशीलता तभी सिद्ध होगी जब उनका लाभ वास्तव में पात्र लोगों तक पहुंचे।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में संचालित सभी योजनाओं की मासिक समीक्षा की जाएगी और कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ज्योति पांडेय बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर, मेहनत से रचा सफलता का इतिहास

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश की मेधावी प्रतिभा ज्योति पांडेय ने अपनी लगन और परिश्रम के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। इस प्रतिष्ठित पद तक पहुंचने के लिए उन्होंने प्री, मेंस और इंटरव्यू जैसे कठिन चरणों को सफलतापूर्वक पार किया। उनकी सफलता से जिले में गर्व और खुशी का माहौल है।

शिक्षा की मजबूत नींव ज्योति की प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय में हुई, जहाँ से उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय (ष्ठ) से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से परास्नातक की उपाधि हासिल की। शिक्षा के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण तब मिला जब उन्होंने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (छ्त्रस्न) क्वालीफाई की और सफलतापूर्वक पीएचडी पूर्ण की।

**साधारण परिवार, असाधारण उपलब्धि :** ज्योति एक सामान्य ग्रामीण परिवार से आती हैं। उनके पिता वर्ष 1985 से आईटीआई संकट मोचन हनुमान मंदिर में पुजारी के रूप में सेवा दे रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने शिक्षा को प्राथमिकता दी और हमेशा उनका उत्साहवर्धन किया। ज्योति पांडेय की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गोण्डा जिले के लिए प्रेरणा है। उन्होंने साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और आत्म विश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# ढेबरुआ थाना क्षेत्र में खनन माफिया सक्रिय नही रुक रहा अवैध खनन, बिना नंबर प्लेट के दौड़ रही दर्जनों डंफर गाड़ियां

- **जिम्मेदारों की मिली भगत से थाना क्षेत्र के पिकौरा, मानपुर घोरही व राम नगर मुहचुरवा नदी के आसपास हो रहा खनन**
- **खनन माफिया रीपर व जेसीबी से मिट्टी भरकर क्षेत्र के ईंट भट्ठे व प्लाटिंग करने वाले भू माफियाओं को मंहगे दामों पर बेच रहे बलुई मिट्टी**

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** जनपद के ढेबरुआ थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी, बालू खनन का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिम्मेदारों की मिली भगत से खनन माफिया जगह जगह जेसीबी व रीपर से मिट्टी भरकर दिन रात ईट भट्ठे वालों को बेचकर मालामाल हो रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि ढेबरुआ थाना क्षेत्र के मानपुर , तुलसियापुर, पिकौरा घोरही नदी व रामनगर मुहचोरवा नदी के आसपास खाली पड़ी जमीनों पर रिपर व जेसीबी लगाकर खनन माफिया मिट्टी भरकर क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर चल रहे ईंट भट्ठे व अवैध रूप से प्लाटिंग कर जमीन ब्रिकी करने वाले भू माफियाओं को महंगे दामों पर बेच कर माला माल हो रहे हैं।

बताया जाता है कि लोग खनन अधिकारी या राजस्व विभाग के जिम्मेदारों से फोन कर सीयूजी या पर्सनल नंबर पर कोई जानकारी या बात करना चाहें तो इन लोगों का काल रिसीव नही होता है। और ना ही कोई जानकारी दी जाती है कि जो खनन होता है वह किसके परमीशन से होता है। मिट्टी ढोने वाली डंफर गाड़ियां जब थाने के सामने से बिना नंबर प्लेट के गुजरती है। तो स्थानीय पुलिस प्रशासन को दिखता नहीं है। शायद सारे नियम कानून सिर्फ छोटी गाड़ियों को चलाने वाले गरीब तबके लोगों के लिए बनाया गया है। सिर्फ बाइक चालकों के खिलाफ ही कार्रवाई क्यों किया जाता है ? जब जिम्मेदार अधिकारियों के सेटिंग गेटिंग के जरिए यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है तो फिर नियम और कानून सिर्फ गरीबों के लिए क्यों? छूट सभी लोगों को मिलनी चाहिए।

# पटेल नगर में महीनों से खुला नाली का गड्ढा, हादसों का खतरा मंदिर तक पहुंची गंदगी, लोगों में रोष

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के अंतर्गत आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी के पटेल नगर वार्ड में नगर पालिका की लापरवाही उजागर होती नजर आ रही है। सड़क किनारे पूर्व में ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण के लिए गड्ढा खुदवाया गया था, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी उस पर कोई कार्य शुरू नहीं कराया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढा खुला होने के कारण आए दिन गोवंश, कुत्ते व अन्य जानवर उसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं आसपास बजबजाती नालियों से उठती दुर्गंध के कारण राहगीरों को नाक पर रुमाल रखने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्थिति इतनी खराब है कि गंदगी का फैलाव पास स्थित मंदिर परिसर तक पहुंच रहा है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों में भारी नाराज़गी है। लोगों ने नगर पालिका से तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

# निवर्तमान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य को दी बधाई



**सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने सिद्धार्थनगर में फेरबदल कर संगठन की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष रहे दीपक मौर्य को भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में दी। जिसके उपरांत निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने उनसे भेंट कर पार्टी का पटका पहनाकर उनका अभिनंदन किया व उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित किया। कन्हैया पासवान ने कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी दीपक मौर्य जी का संगठन कार्य का एक लंबा अनुभव रहा है, निश्चित रूप से उससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी और पार्टी शसक्त व मजबूत होगी। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय, संतोष शुक्ला, फूलचंद जायसवाल, मंगल चौरसिया एवं तमाम कार्यकर्ताओ ने भी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य को बधाई शुभकामनाएं दी।

## रमजानुल मुबारक के महीने में रोजेदारों में दिखा उत्साह

**अम्बेडकरनगर।** मुकद्दस माह रमजान की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में धार्मिक माहौल पूरी तरह इबादतमय हो गया है। मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह सेहरी कर रोजा रख रहे हैं और दिनभर अल्लाह की इबादत में लीन होकर रहमत व बरकत की दुआएं मांग रहे हैं। रमजान के पवित्र महीने में मस्जिदों में पांच वक्त की नमाज अदा की जा रही है, वहीं घरों में भी महिलाएं और बच्चे इबादत में जुटे हुए हैं। शाम होते ही अजान के साथ रोजेदार इफ्तार कर अपना रोजा खोल रहे हैं। इफ्तार के समय मस्जिदों और घरों में खास रौनक देखने को मिल रही है। धार्मिक जानकारों के अनुसार रमजान इस्लामी कैलेंडर का बेहद पवित्र महीना माना जाता है, जिसे रहमत, बरकत और मगफिरत (माफी) का महीना कहा जाता है। इसी महीने में कुरआन शरीफ नाजिल हुआ था। रोजा रखकर लोग अल्लाह को राजी करने तथा अपने गुनाहों की माफी की दुआ करते हैं। हाफिज मोहम्मद अमीन ने बताया कि रमजान आत्मसंयम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। इस दौरान जरूरतमंदों की मदद और दान-पुण्य का भी विशेष महत्व होता है। रमजान शुरू होते ही पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बन गया है और रोजेदार पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ इबादत में जुटे हुए हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हुआ 207 जोड़े का सामूहिक विवाह

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत राप्ती नदी तट मंगल भवन, नगर पंचायत डुमरियागंज में मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून, पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा गणेश प्रतिमा की विधिवत पूजन कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल 207 जोड़े सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित हुये। हिन्दू समुदाय के 140 जोड़ों, बौद्ध धर्म के 58 तथा मुस्लिम समुदाय के 9 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें हिन्दू, बौद्ध एवं मुस्लिम समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। इस विवाह कार्यक्रम में हिन्दू परिवार के लोगो को पंडित द्वारा विवाह सम्पन्न कराया गया तथा मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा निकाह पढ़कर शादी/विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया तथा बौद्ध धर्म का उनके धर्मानुसार विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम हेतु सभी पंक्तियों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्ति किये गये थे।

इस दौरान सांसद पाल ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास की भावना के तहत हर गरीब की बेटी मुख्यमंत्री योगी की बेटी है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का संचालन किया जा रहा है, ताकि किसी भी गरीब परिवार की बेटी का विवाह आर्थिक अभाव के कारण न रुके। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रति जोड़े को एक लाख रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में भेजे जाते हैं, 25 हजार रुपये के वैवाहिक उपहार वर-वधू को दिए जाते हैं तथा 15 हजार रुपये आयोजन की व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं। इस समारोह में जनप्रतिनिधिगण, जिला प्रशासन व वर वधू के माता पिता व परिवार के लोगों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।

पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार द्वारा सामाजिक समरसता को मजबूत किया जा रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण यह है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम और बौद्ध पद्धतियों से गरीब परिवारों के विवाह संपन्न कराए गए।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने कहा कि प्रत्येक जोड़े के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 60000 दिया जा रहा है तथा 25000 का सामान भी दिया गया है तथा 15000 बारात के स्वागत पर व्यय किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी नवयुगल जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डुमरियागंज राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार डुमरियागंज रविकुमार यादव, नायब तहसीलदार विष्णु प्रसाद सिंह, प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव, सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बिजली बिल राहत योजना के अन्तिम चरण 28 फरवरी को होगा समाप्त

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के तीसरे चरण में अब केवल एक दिन शेष रह गया है। यह चरण 28 फरवरी को समाप्त हो जाएगा। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि से पहले योजना का लाभ अवश्य उठा लें।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस योजना के तहत बकाया बिजली बिल पर लगने वाला 100 प्रतिशत सरचार्ज (ब्याज) पूरी तरह माफ किया जा रहा है। साथ ही मूलधन राशि पर अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान है। बिजली चोरी से जुड़े राजस्व निर्धारण मामलों में भी उपभोक्ताओं को 40 प्रतिशत तक राहत दी जा रही है। कल्याणपुर क्षेत्र के अवर अभियंता अंबिका प्रसाद ने बताया कि जो उपभोक्ता पहले और दूसरे चरण में योजना का लाभ नहीं ले सके थे, वे तीसरे चरण में पंजीकरण कर अपना बकाया बिल जमा कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 28 फरवरी इस योजना की अंतिम तिथि है, इसलिए अधिक से अधिक लोग समय रहते आवेदन कर लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि अब केवल एक दिन का समय शेष है, ऐसे में उपभोक्ता लापरवाही न बरतें और तत्काल विभागीय कार्यालय पहुंचकर या अधिकृत माध्यम से अपना पंजीकरण कराएं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।

कल्याणपुर क्षेत्र में कई उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कर योजना का लाभ उठाया है। जिनमें प्रमुख रूप से - योगेंद्र कुमार पुत्र श्री राम रतन (नारायणपुर), अखिलेश कुमार पुत्र मुनी लाल (नारायणपुर), रामबली पुत्र विदेशी (बलुआ बहादुरपुर), रवीश चंद्र पुत्र दयानंद (बलुआ बहादुरपुर), देवेंद्र पुत्र दयानंद (बलुआ बहादुरपुर), राम सहाय पुत्र राम आधार। इसके अलावा भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है।

# जलालपुर में फ्री हेल्थ चेक अप कैम्प के आयोजन में सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ



**अंबेडकरनगर।** तहसील जलालपुर के यादव चौराहा स्थित क्षेत्र में Ori Path Labs Private Limited की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप के मुख्य अतिथि डॉ. भास्कर सूर्या की उपस्थिति में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और सुविधा का लाभ उठाया। शिविर में ब्लड से संबंधित कई महत्वपूर्ण जांचें पूरी तरह निःशुल्क की गई, जबकि अन्य पैथोलॉजी जांचों पर भारी छूट प्रदान की गई। आयोजकों ने बताया कि आमजन को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस कैंप का आयोजन किया गया, ताकि लोग समय रहते अपनी जांच कराकर बीमारियों की पहचान कर सकें। इस दौरान हेल्थ कार्ड भी बनाए गए। बताया गया कि इस कार्ड के माध्यम से भविष्य में विभिन्न जांचों पर अधिकतम छूट का लाभ मिल सकेगा, जिससे लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने में सहूलियत होगी। कैंप के सफल आयोजन में सहयोगी के रूप में रवि रुद्रा, अंगद, शिवम् और सत्यम की सक्रिय भूमिका रही। आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी शिविर आयोजित करने की बात कही। कैंप में जांच कराने वालों में अमन, अजय पाल, रोहित पाण्डेय, सलमान, भूपेंद्र यादव, राजेश वर्मा, राकेश वर्मा, सुनीता, युगेश पाल, रवि कुमार, रहना बानो, नबी अहमद, नागेंद्र सिंह, अमित सहित तमाम लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

## बर्फ पिघल रही है

कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत से अपने रिश्ते खराब कर लिये थे। वैश्विक मौजूदा हालत में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को भारत के अहमियत का अहसास हुआ है। प्रधानमंत्री कार्नी भारत में है। उन्होंने सन्तुलित रूख दिखाया है। प्रीपक्षी रिश्तो की नई शुरूआत हो सकती है। पिछले कनाडा के प्रधानमंत्री ने अलगववादी खालिस्तानी हर दीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारतीय एजेन्सियों पर लगाया था। जिसको लेकर भारत और कनाडा के रिश्ते बेहद खराब हो गये थे। पिछले साल जून फ़िर नवम्बर में प्रधानमंत्री और प्रधानमंत्री कार्नी की मुलाकात हुई थी। दोनो की मुलाकात से रिश्तों के सुधार में अप्रत्याशित तेजी आ गई जो आगे बढ़ती जायेगी। ऐसे दोनो प्रधानमंत्रियों के हौसलों से लग रहा है।

भारत और कनाडा के बीच लम्बे समय से व्यापार निवेश समझौता अटका हुआ है अब पूरा करने का समय आ गया है। दोनो देशो ने समझौता को आगे बढ़ाते हुये 2030 तक 70 अरब डालर का वार्षिक व्यापार लक्ष्य रक्खा है। दोनो देश पिछली मुलाकातों का जायजा लेगे तो नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के रास्ते खुलेगे। व्यापार ऊर्जा तकनिक और शिक्षा को समझौतों में बढ़ाने की बात मुख्य है। कनाडा से भारत को पूरे नियम आपूर्ति बढ़ाने की बात हो रही है। भारत विकल्प देख रहा है कि किस तरह से कनाडा से कच्चा तेल और दूसरे ऊर्जा उत्पादों की खरीद बढ़ाई जा सकती है। साथ ही पाइप लाइन और टर्मिनल जैसे इन्फ्रा में निवेश बढ़ाया जाये।

भारत और कनाडा के बीच 2024 में वस्तु और व्यापार 133 अरब डालर का था। इसमें से कनाडा ने 53 अरब डालर का निर्यात किया था। तभी से सर्विस ट्रेड भी बढ़ा है। देखने में लगता है। दोनो देशों में सर्विस टेऊड तेजी से बढ़ा है। इससे पता चलता है कि दोनो देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के मौके है।

अमेरिकी टेऊड से दोनो देशो को नुकसान उठाना पड़ा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भले है। टैरिफकुछ कम हुआ है पर अनिश्चितता बढ़ गई है। ट्रम्प के तेजी से बदलते मूड की वजह से क्या होगा कहा नहीं जा सकता। जिन्होंने द वेस के मंचों पर ट्रम्प के खिलाफबोला है यह सकून की बात है। भारत ने विदेश नीति पर किसी का दबाव पर किसी का दबाव मानने से इनकार कर दिया है। कनाडा का सहयोग इसे मजबूती देगा साथ ही कनाडा भी मजबूती दिखायेगा।

## यूपी विधानसभा चुनाव 2027 में विकल्प बनने को तैयार है यह पार्टी?


डॉ अजय मिश्रा

एक तरफ जहाँ उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव 2027 में होना सम्भावित है वही दूसरी तरफ वर्तमान राजनीतिक परिवेश में कई कारणों से उथल- पुथल मची हुई है। भारतीय जनता पार्टी अपने आप को हर संभव प्रयास से तीसरी बार लगातार सरकार बनाने की कवायद शुरू कर चुकी है वही समाजवादी पार्टी भी रेस में बनी हुई है । बहुजन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस कुछ बड़ा खेल कर जाये फ़िलहाल ऐसा कोई जमीनी हकीकत नहीं दिख रही है । 2022 के चुनाव में जहाँ भारतीय जनता पार्टी 255 सीटों पर अकेले चुनाव विजेता रही वही समाजवादी पार्टी 111 सीटों पर, बहुजन समाजवादी पार्टी महज एक सीट जीत पायी थी। देश की राजनीति का केंद्र बिंदु उत्तर प्रदेश हमेशा से अपने अलग राजनीतिक व्यवहार के लिए जाना जाता रहा है।

अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश और प्रदेश पहले हिन्दू मुस्लिम में राजनेताओ ने विभाजित करने में अहम् भूमिका निभाया और उसके पश्चात् हिन्दू हिन्दू को विभाजित करके अपन राजनीतिक वर्चस्व बनाये रखने की कोशिश हो रही है ऐसे में अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ऋषि त्रिवेदी ने 150 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा करके राजनीतिक अखाड़े में नई बहस को जन्म दे दिया है । विभिन्न राजनीतिक पार्टियों पर एक लेवल लगा हुआ है की अमुक पार्टी इस समुदाय जाति या मजहब के लोगों की ही वही अखिल भारतीय हिन्दू महासभा ने अपने नारे जात पात की करों बिदाई, हिन्दू हिन्दू भाई भाई.... के जरिये आम लोगों में तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है।

अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ऋषि त्रिवेदी ने लगातार हिन्दू एकता को बढावा देने के अनेकों कार्य किये है और धर्म के प्रचार-प्रसार में लगातार संलग्न है। उनके द्वारा हत्ते में एक दिन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ नजदीकी मंदिर में करने की मुहीम को व्यापक सहयोग मिल रहा है। लक्ष्मण टीला के मुद्दे पर कोर्ट में वह एक पक्षकार है। विभिन्न समाजिक मुद्दों को लेकर कई बार जेल भी जा चुके है। हिन्दू एकता की बात प्रत्येक प्लेटफार्म पर खुलकर कहते है और हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए लगातार कार्य उनके निर्देशन में हो रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रथम किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी को बनारस से चुनाव लड़ने की घोषणा ऋषि त्रिवेदी ने ही किया था जिससे पूर्व में भी सरकार की बेचैनी देखी जा सकती थी। सलेमपुर लोकसभा से हिंदू महासभा प्रत्याशी श्री नारायण मिश्रा की वजह से ही भाजपा हारी और रविंद्र कुशवाहा लगभग 4000 वोटो से जीते थे। गोरखपुर लोकसभा सीट से भी सुधांशु श्रीवास्तव जी ने मजबूती के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।

उनकी चुनाव लड़ने की घोषणा से राजनीतिक परिदृश्य अब खुली आँखों से कोई भी आंकलित नहीं कर सकता है क्योंकि हल फिलहाल में केंद्र और राज्य सरकार के कई ऐसे निर्णय लिए है जिससे हिन्दू हिन्दू से बटता हुआ दिखाई पड़ा है। ऐसे में नाराज लोगों का हिन्दू महासभा में जाना स्वाभाविक भी है। चुनाव लड़ने की प्रतिबद्धता 150 सीटों पर घोषणा करने के पूर्व जमीनी रूप से लोगो को एकत्रित वर्षो से चले आ रहे है। उत्तर प्रदेश के लिए ऋषि त्रिवेदी एक ऐसा नाम है जो कार्य को जमीनी स्तर पर करने के लिए जाना जाता है।

यह दिलचस्प होगा की आगामी विधानसभा चुनाव में किसे सत्ता मिलती है किसे नहीं पर ऋषि त्रिवेदी द्वारा लगातार जमीनी स्तर पर कार्य करने और हिन्दुओं को जोड़ने के लिए चलाये जा रहे सार्थक मुहीम के आधार पर कहा जा सकता है की उनकी पार्टी अखिल भारतीय हिन्दू महासभा विधान सभा चुनाव 2027 के लिए प्रदेश में नए विकल्प बनने के लिए सारी रणनीति बना चुकी है और उनके लाखो कार्यकर्त्ता और साथी लगातार इस मुहीम को सार्थक बनाने हेतु कार्य कर रहें है। तेजी से हिन्दुओ का उनके साथ जुड़ना और उनके कार्यक्रमों में भारी भीड़ का जुटना, संगठन का मजबूत होना इस बात को प्रदर्शित करता है की यह पार्टी उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव 2027 में अपनी अहम् भूमिका जरुर अदा करेगी और वर्षो से स्थापित राजनीतिक पार्टियों के लिए एक नई चुनौति के रूप में सामने आ सकती है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़्वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**शहरी चुनौती कोष शहरी विकास में निजी क्षेत्र की भूमिका को भी पुनर्परिभाषित करता है। बाजार वित्तपोषण को अनिवार्य बनाकर और संरचित जोखिम-साझाकरण व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करके, यह डिजाइन, वित्तपोषण और संचालन में निजी भागीदारी को और अधिक व्यापक बनाता है। परियोजना तैयारी सहायता, लेनदेन सलाहकार सहायता और डिजिटल निगरानी प्रणालियों का मकसद परियोजना की व्यवहार्यता और निवेशकों के विश्वास को मजबूत करना है। अगर इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो यह भारत के नगरपालिका बांड बाजार को और बड़ा कर सकता है।**

# शहरी चुनौती कोष किस तरह दे सकता है नया रूप

**श्री श्रीनिवास कटिकिथला**

भारत के शहरीकरण का सफर निर्णायक मोड़ पर है। आज देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शहरों का बड़ा योगदान है, ये देश के सबसे गतिशील आर्थिक केंद्रों का केंद्र हैं और लाखों लोगों के जीवन स्तर को लगातार प्रभावित कर रहे हैं। फिर भी, ये शहर बुनियादी ढांचे की कमी, जलवायु परिवर्तन के खतरे, वित्तीय बाधाओं और संस्थागत बिखराव जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अब चुनौती यह नहीं है कि भारत का शहरीकरण होगा या नहीं, बल्कि यह है कि क्या भारत का शहरीकरण प्रभावी, टिकाऊ और समावेशी तरीके से हो पाएगा।

हाल ही में स्वीकृत शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) इस प्रश्न के उत्तर देने के भारत के नज़रिए में एक अहम बदलाव का प्रतीक है। वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक 1 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता राशि और करीब 4 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश को प्रेरित करने की अपेक्षित योजना के साथ, यह कोष पारंपरिक अनुदान-आधारित वित्तपोषण से हटकर, शहरी ढांचागत विकास के लिए बाजार-आधारित, सुधार-संचालित और परिणाम पर आधारित ढांचे की ओर बदलाव का प्रतीक है।

**अनुदान से बाजार अनुशासन की ओर** : शहरी चुनौती कोष की संरचना उसे पूर्व के कार्यक्रमों से अलग करती है। केंद्रीय सहायता परियोजना लागत के 25 प्रतिशत तक सीमित है और शहरों को कम से कम 50 प्रतिशत राशि नगरपालिका बांड, बैंक ऋण या सार्वजनिक-निजी भागीदारी जैसे बाजार स्रोतों से जुटानी होगी। बाकी राशि राज्यों, शहरी स्थानीय निकायों या अन्य वित्तपोषण माध्यमों से आ सकती है।

यह आवश्यकता कार्यक्रम के मूल में वित्तीय अनुशासन को स्थापित करती है। यह संकेत देती है कि शहरी अवसंरचना अब केवल सार्वजनिक बजट पर निर्भर नहीं रह सकती, इसे राजस्व समर्थित परियोजनाओं के ज़रिए पूंजी बाजारों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंच बनानी होगी। ऐसा करके, यह कोष ढांचागत महत्वाकांक्षाओं के साथ राजकोषीय संयम का तालमेल बिठाने की कोशिश करता है।

**शहरी केंद्र की पुनर्कल्पना** : यह कोष तीन विशिष्ट क्षेत्रों पर आधारित है, जो भारत के शहरी परिदृश्य की बदलती प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं। पहला क्षेत्र है विकास केंद्र के रूप में शहरों को देखना। इसके तहत यह माना जाता है कि शहरी क्षेत्र आर्थिक इंजन हैं। यह एकीकृत स्थानिक और पारगमन योजना, आर्थिक गलियारों के साथ अवसंरचना और औद्योगिक, पर्यटन या लॉजिस्टिक्स क्लस्टर जैसे मजबूत आर्थिक आधारों के विकास का

**नयी शहरी रुपरेखा**



समर्थन करता है। इसका मकसद केवल परिसंपत्तियों का निर्माण करना नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धात्मकता और उत्पादकता को भी बढ़ाना है। दूसरा क्षेत्र, शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास, भारतीय शहरीकरण की एक लंबे समय से चली आ रही चुनौती, ऐतिहासिक केंद्रों और केंद्रीय व्यावसायिक जिलों में भीड़भाड़ और गिरावट - का समाधान करता है। ब्राउनफील्ड पुनर्जनन, पारगमन आधारित विकास और सार्वजनिक भूमि के पुनर्गठन को प्रोत्साहित करके, यह कोष मौजूदा शहरी क्षेत्रों के भीतर मूल्यों को उजागर करने का प्रयास करता है। यह भूमि मूल्य अधिग्रहण और संरचित पुनर्विकास मॉडल के तर्क को पेश करता है, जिससे शहर सांस्कृतिक और विरासत चरित्र को संरक्षित करते हुए कम उपयोग वाली संपत्तियों को नवीनीकरण के चालक में बदला जा सकता है।

तीसरा क्षेत्र जल और स्वच्छता पर केंद्रित है, जहां सेवा संतृप्ति, अपशिष्ट जल पुनः उपयोग, बाढ़ शमन और विरासत अपशिष्ट स्थलों के उपचार पर जोर दिया जाता है। इस ढांचे में जलवायु में बदलाव समाहित है, यह मानते हुए कि चरम मौसम की घटनाएं और पर्यावरणीय तनाव शहरी भेद्यता को नया रूप दे रहे हैं।

**छोटे शहरों को वित्तीय मुख्यधारा में लाना** : शहरी चुनौती कोष के सबसे नवोन्मेषी तत्वों में से एक 5,000 करोड़ रुपए की ऋण चुकौती गारंटी योजना है। पहली बार, छोटे शहरी स्थानीय निकायों, खास तौर पर एक लाख से कम आबादी वाले, साथ ही पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के शहरों, को संरचित केंद्रीय गारंटी के साथ बाजार वित्त तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा रहा है।

प्रारंभिक उधार को जोखिममुक्त करके, यह योजना छोटी नगरपालिकाओं के लिए प्रवेश संबंधी बाधाओं को कम करती है और ऋणदाताओं को विश्वास दिलाती है। ऐसा करके, यह शहरी स्थानीय निकायों को अंतर-सरकारी हस्तांतरणों पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय, पूंजी बाजारों का लाभ उठाने में सक्षम विश्वसनीय वित्तीय संस्थाओं के रूप में दोबारा स्थापित करना शुरू करती है।

**सुधार ही आधार** : यूसीएफ के तहत केंद्रीय सहायता प्राप्त करना शासन, वित्तीय और नियोजन सुधारों पर निर्भर है। शहरों से अपेक्षा की जाती है कि वे साख में सुधार करें, परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणालियों को मज़बूत करें, सेवा वितरण को डिजिटल बनाएं, परिचालन दक्षता बढ़ाएं और एकीकृत भूमि उपयोग तथा गतिशीलता नियोजन ढांचे अपनाएं।

वित्तपोषण लक्ष्यों और मापने योग्य नतीजों से जुड़ा है और लगातार सुधार बाद के संवितरणों के लिए एक पूर्व शर्त है। यह दृष्टिकोण यह दिशा में प्रयास करता है कि अवसंरचना निर्माण के साथ-साथ संस्थागत सुदृढ़ीकरण भी हो, जिससे कमजोर रखरखाव या कुप्रबंधन के कारण परिसंपत्तियों के क्षय का जोखिम कम हो। शहरी चुनौती कोष शहरी विकास में निजी क्षेत्र की भूमिका को भी पुनर्परिभाषित करता है। बाजार वित्तपोषण को अनिवार्य बनाकर और संरचित जोखिम-साझाकरण व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करके, यह डिजाइन, वित्तपोषण और संचालन में निजी भागीदारी को और अधिक व्यापक बनाता है। परियोजना तैयारी सहायता, लेनदेन सलाहकार सहायता और डिजिटल निगरानी प्रणालियों का मकसद परियोजना की व्यवहार्यता और निवेशकों के विश्वास को मजबूत करना है। अगर इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो यह भारत के नगरपालिका बांड बाजार को और बड़ा कर सकता है और शहरी अवसंरचना के लिए वित्तपोषण आधार को व्यापक बना सकता है।

# ब्रज की होली : परंपरा, इतिहास और सांस्कृतिक गौरव

**मथुरा के फालेन गांव की अनूठी होली विश्व प्रसिद्ध है इसमें होलिका दहन के समय एक पुरोहित जिसे पण्डा कहा जाता है, नंगे पांव जलती हुई अग्नि के बीच से निकलता हुआ एक कुण्ड में कूद जाता है। आश्चर्य का विषय यह है कि उस पर जलती हुई अग्नि का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। यह जलती हुयी अग्नि प्रहलाद के अनाहत अक्षत रूप से निकलने का प्रतीक है। ब्रज की होली की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अनेक बॉलीवुड फिल्मों में यहां की होली की झलक दिखाई गई हैं। इसमें प्रमुख रूप से टॉयलेटः एक प्रेम कथा फिल्म का नाम उल्लेखनीय है।**


ललित शर्मा

ब्रज में एक प्रसिद्ध कहावत है 'मंदिर तो गांव-गांव है, इसी का नाम वृंदावन है।' ठीक उसी प्रकार होली भी पूरे भारत वर्ष में मनायी जाती है, किंतु मथुरा की होली का अपना अलग ही ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है। यहां होली की परंपरा भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के समय से चली आ रही है। उसी दिव्य और सांस्कृतिक विरासत को आज भी बड़े उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। ब्रज की होली की प्रसिद्धि और लोकप्रियता आज केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसकी चर्चा पूरे विश्व में होती है, और देश-विदेश से लोग इस अद्भुत उत्सव को देखने और अनुभव करने आते हैं। मथुरा की ऐतिहासिक होली बसंत पंचमी से प्रारम्भ होकर लगभग चालीन दिनों तक निरंतर चलती है।

इस दौरान पूरे ब्रज में क्षेत्र में रंग, गुलाल, फूलों की होली, लट्ठमार होली और भक्ति कीर्तन के साथ उत्सव का अनोखा वातावरण बना रहता है। लड्डूमार होली से ब्रजमंडल में लोग रंगोत्सव मनाना प्रारंभ कर देते हैं। लड्डूमार होली बरसाना में लट्ठमार होली से एक दिन पहले मनाई जाती है। लड्डूमार होली वाले दिन बरसाना से पुरेहित नंदगांव वालों को फाग खेलने का निमंत्रण देने जाते हैं। इस दिन बरसाना में पंडे-पुजारी राधारानी के मंदिर में भक्तों पर लड्डुओं की बरसात करते हैं। मान्यता के अनुसार द्वापर युग में बरसाना से नंदगांव में होली खेलने के लिए पुरोहितों के द्वारा निमंत्रण भेजा गया था जिसे नंदबाबा ने सम्मान के साथ स्वीकार किया था। जब पुरोहित बरसाना पहुंचे तो गोपियों ने उनके स्वागत में लड्डू परोसे और उन पुरोहितों को गुलाल लगाना प्रारंभ कर किया वहीं से लड्डूमार होली की शुरूआत मानी जाती है। इसके अगले दिन लट्ठमार होली मनायी जाती है इस दिन नंदगांव के पुरूष बरसाना आते हैं और बरसाने की महिलाएं लाठियों से उन्हें मारने की परंपरा निभाती हैं। पुरूष खुद को ढ़ाल से बचाने की कोशिश करते हैं पुरूषों की ढ़ाल लकड़ी और चमड़े से बनी होती है ताकि महिलाओं के प्रहार से चोट न लगे।



ऐसी मान्यता है, पौराणिक कथाओं के अनुसार कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण अपने सखाओं के साथ गोकुल से बरसाना आते थे और राधा एवं उनकी सखियों के साथ होली खेलने के लिए रंग डालते थे। राधा और उनकी सखियां नाराज होकर लकड़ी के लट्ठ(लकड़ी की छड़) से मारने लगती थीं इस कारण लट्ठमार होली मनायी जाने लगी। जब बरसाने की महिलाएं नंदगांव के पुरूषों को लट्ठों से मारती हैं तो बचने के लिए भागते हैं। जब थक जाते हैं महिलाएं पुरूषों को महिलाओं की वेषभूषा पहना देती हैं और पुरूषों से नृत्य करवाया जाता है। अगले दिन नंदगांव में इसी प्रकार की होली खेली जाती है जिसे प्रतिउत्तर होली कहा जाता है। इसके बाद वृंदावन के बांकेबिहारी मंदिर में होली का मुख्य रंगोत्सव रंगभरी एकादशी से शुरू होकर होलिका दहन तक चलता है। मथुरा जन्मभूमि में पारंपरिक होली के साथ-साथ रावल के हुरियारों के साथ लट्ठमार होली का आयोजन होता है। द्वारकाधीश मंदिर मथुरा में श्रद्धालु मंदिर के प्रांगण में गुलाल और होली के रसिया के साथ होली खेलते हैं। इसके बाद गोकुल में छड़ीमार होली मनायी जाती है। ऐसा कहा जाता है भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी पहली होली गोकुल में ही खेली थी।

यहां गोपियां बालकृष्ण के स्वरूपों पर लाठी के बजाय छोटी छड़ियो से प्यार से मारती हैं। इसके एक दिन बाद वृंदावन के गोपीनाथ मंदिर में विधवा माताएं फूल और गुलाल से होली खेलती हैं। इसके अगले दो दिनों में क्रमशः होलिका दहन और धुलेंडी होली का उत्सव सम्पूर्ण ब्रजक्षेत्र तथा मथुरा के सभी प्रमुख मंदिरों में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनायी जाती है। धुलेंडी के एक दिन बाद दाऊजी में हुरंगा की अनुठी परंपरा है। ब्रज की होली भगवान श्रीकृष्ण पर केंद्रित है जबकि दाऊजी का हुरंगा बलदेवजी पर केंद्रित है। विश्व प्रसिद्ध हुरंगा दाऊजी महाराजा की नगरी दाऊजी में बलदेव मंदिर में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यहां पर गोप गापिकाओं के प्रेम से भीगे कोड़े की मार नंगे बदन पर खाते हैं। मथुरा के फालेन गांव की अनूठी होली विश्व प्रसिद्ध है इसमें होलिका दहन के समय एक पुरोहित जिसे पण्डा कहा जाता है, नंगे पांव जलती हुई अग्नि के बीच से निकलता हुआ एक कुण्ड में कूद जाता है। आश्चर्य का विषय यह है कि उस पर जलती हुई अग्नि का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। यह जलती हुयी अग्नि प्रहलाद के अनाहत अक्षत रूप से निकलने का प्रतीक है। ब्रज की होली की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अनेक बॉलीवुड फिल्मों में यहां की होली की झलक दिखाई गई हैं। इसमें प्रमुख रूप से टॉयलेटः एक प्रेम कथा फिल्म का नाम उल्लेखनीय है। हाल ही में 25 फरवरी 2026 में बरसाना में आयोजित लड्डू वाली होली के दिन लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ जिसने इस उत्सव की लोकप्रियता और आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। होली के दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्दांवन तथा गोवर्धन पर्वत(गिर्राज महाराज) की परिक्रमा करते हैं, जिससे सम्पूर्ण ब्रज का वातावरण अत्यंत भक्तिमय और आध्यात्मिक हो उठता है।

यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में वर्तमान में भारत की कुल परंपराएं और धरोहर शामिल हैं। यदि ब्रज की होली को भी इस सूची में सम्मिलित किया जाता है तो आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इसने न केवल क्षेत्रीय पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ब्रज की होली को वैश्विक स्तर पर अधिक पहचान एवं लोकप्रियता भी प्राप्त होगी। ब्रज की होली केवल रंगो का उत्सव नहीं बल्कि आस्था परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, दाऊजी में मनायी जाने वाली होली भक्तिभाव, प्रेम और उल्लास का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करती है। यह उत्सव न केवल भारत की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करता है। बल्कि विश्वभर के लोगों को अपनी और आकर्षित कर ब्रज की लोकपरंपराओं की महिमा को भी उजागर करता है।

# भारत-इजरायल की रणनीतिक साझेदारी से बदलेगी तस्वीर

**अब युद्ध केवल सरहदों पर नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी लड़े जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों देशों ने एआई और साइबर सुरक्षा पर ऐतिहासिक समझौता किया है। अब इजराइल और भारत के टेक एक्सपर्ट्स मिलकर ऐसी मशीनें और सिस्टम बनाएंगे जो न केवल स्मार्ट होंगे, बल्कि सुरक्षित भी होंगे।**


डॉ. ओपी त्रिपाठी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों को दोस्ती से आगे बढ़ाकर एक 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' में तब्दील कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25-26 फरवरी के बीच इजराइल यात्रा के दौरान यह बड़ा फैसला लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया कि इजराइल का 'दिमाग' (इनोवेशन) और भारत का 'हुनर' (टैलेंट और विनिर्माण) मिलकर दुनिया की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान निकालेंगे।

नेतन्याहू के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी ने कहा कि आज हमने अपनी साझेदारी को 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आज की बैठक में हमने अपने सहयोग को नई दिशा और तेज गति देने पर चर्चा की। हमारा आर्थिक सहयोग विकास, नवाचार और साझा समृद्धि का इंजन बना हुआ है। आपसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए हमने पिछले वर्ष द्विपक्षीय निवेश समझौता किया। हम शीघ्र ही एक पारस्परिक लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को भी अंतिम रूप देंगे।

माना जा रहा है कि 2026 के अंत तक दोनों देशों के बीच एफटीए हो जाएगा। दोनों देशों की तरफ से जारी संयुक्त बयान में आतंकवाद की उसके हर रूप और अभिव्यक्ति में कड़े शब्दों में निंदा की गई है। सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हुए आतंकी हमले, 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भारतीय पर्यटकों पर हमले और 10 नवंबर, 2025 को नई दिल्ली के लाल किले के पास हुई आतंकी घटना की भी कड़ी निंदा की गई।



प्रधानमंत्री मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू के अनुसार इजरायल की 'टेक्नोलॉजी' और भारत की 'टैलेंट व मैन्युफैक्चरिंग' जब मिलेंगी, तो ग्लोबल मार्केट में धमाका होना तय है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर सेमीकंडक्टर और स्पेस रिसर्च तक, दोनों देशों ने एक-दूसरे का हाथ मजबूती से थाम लिया है। दोनों नेताओं ने साफ किया कि अब साझेदारी सिर्फ दोस्ती तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि टेक्नोलॉजी, रक्षा, व्यापार, कृषि और शिक्षा जैसे हर बड़े क्षेत्र में गहराई तक जाएगी। अब युद्ध केवल सरहदों पर नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी लड़े जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों देशों ने एआई और साइबर सुरक्षा पर ऐतिहासिक समझौता किया है। अब इजराइल और भारत के टेक एक्सपर्ट्स मिलकर ऐसी मशीनें और सिस्टम बनाएंगे जो न केवल स्मार्ट होंगे, बल्कि सुरक्षित भी होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों को दोस्ती से आगे बढ़ाकर एक 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' में तब्दील कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25-26 फरवरी के बीच इजराइल यात्रा के दौरान यह बड़ा फैसला लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया कि इजराइल का 'दिमाग' (इनोवेशन) और भारत का 'हुनर' (टैलेंट और विनिर्माण) मिलकर दुनिया की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान निकालेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू के अनुसार इजरायल की 'टेक्नोलॉजी' और भारत की 'टैलेंट व मैन्युफैक्चरिंग' जब मिलेंगी, तो ग्लोबल मार्केट में धमाका होना तय है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई से लेकर सेमीकंडक्टर और स्पेस रिसर्च तक, दोनों देशों ने एक-दूसरे का हाथ मजबूती से थाम लिया है। दोनों नेताओं ने साफ किया कि अब साझेदारी सिर्फ दोस्ती तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि टेक्नोलॉजी, रक्षा, व्यापार, कृषि और शिक्षा जैसे हर बड़े क्षेत्र में गहराई तक जाएगी।

अब युद्ध केवल सरहदों पर नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी लड़े जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों देशों ने एआई और साइबर सुरक्षा पर ऐतिहासिक समझौता किया है। अब इजराइल और भारत के टेक एक्सपर्ट्स मिलकर ऐसी मशीनें और सिस्टम बनाएंगे जो न केवल स्मार्ट होंगे, बल्कि सुरक्षित भी होंगे।इजराइल ने रेगिस्तान में खेती करके दुनिया को हैरान किया है, और अब वही तकनीक भारत के करोड़ों किसानों की किस्मत बदलेगी। दोनों देशों ने कृषि नवाचार केंद्र (आईआईएनसीए) बनाने का फैसला किया है। अब इजराइली वैज्ञानिक और भारतीय किसान मिलकर कम पानी में ज्यादा पैदावार करने के नए तरीके खोजेंगे।

अभी तक भारत में 35 से ज्यादा एक्सीलेंस सेंटर चल रहे हैं, जहां 10 लाख से ज्यादा किसान ट्रेनिंग ले चुके हैं। अब इस मिशन को गंगा की सफाई और जल प्रबंधन तक ले जाया जा रहा है। इजराइल की डीसेलिनेशन (खारे पानी को मीठा बनाना) तकनीक से भारत के तटीय इलाकों में पानी की किल्लत दूर करने की योजना है।रक्षा के क्षेत्र में अब हम सिर्फ खरीददार और विक्रेता नहीं रहे। नवंबर 2025 में हुए समझौते को आगे बढ़ाते हुए अब दोनों देश मिलकर आधुनिक हथियार और डिफेंस प्लेटफॉर्म्स बनाएंगे। यह साझेदारी भारत के आत्मनिर्भर भारत 2047 के विजन को नई ऊंचाई देगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ इजरायल के साथ अपनी एकजुटता दोहराई। दोनों नेताओं ने हाल के वर्षों में हुए आतंकी हमलों की कड़ी निंदा की और कहा कि लोकतंत्र को अस्थिर करने वाली ताकतों के खिलाफ अब भारत और इजराइल मिलकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएंगे।

आम आदमी के लिए सबसे बड़ी खबर यह है कि अगले पांच वर्षों में 50,000 भारतीय कामगार इजराइल जा सकेंगे। कंस्ट्रक्शन, केयरगिविंग और रेस्टोरेंट सेक्टर के अलावा अब हाई-टेक क्षेत्रों में भी भारतीय प्रोफेशनल्स को प्राथमिकता दी जाएगी। दोनों देशों ने कामगारों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल पर साइन किए हैं। इससे न केवल भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ेगा, बल्कि हमारे युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव भी मिलेगा।

इसरो और इजराइल स्पेस एजेंसी यानी आईएसए अब मिलकर अंतरिक्ष की गुत्थियां सुलझाएंगे। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए एक टेक गेटवे बनाया जाएगा, जिससे भारतीय और इजराइली स्टार्टअप्स एक-दूसरे के संसाधनों का इस्तेमाल कर सकें। साथ ही, ज्वाइंट रिसर्च के लिए फंड को 1 मिलियन डॉलर से बढ़ाकर 1.5 मिलियन डॉलर कर दिया गया है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ी पहल हुई है। भारत की नालंदा यूनिवर्सिटी और जेरूसलम की हिब्रू यूनिवर्सिटी के बीच समझौता हुआ है। अब छात्र और फैकल्टी एक-दूसरे के यहां जाकर रिसर्च कर सकेंगे, जिससे ज्ञान का आदान-प्रदान और भी आसान हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल में रहने वाले भारतीय समुदाय और वहां काम कर रहे लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह लोग भारत के सांस्कृतिक राजदूत हैं जो दोनों देशों के बीच सेतु का काम कर रहे हैं।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में पांच सॉल्वर पकड़े गए, मुकदमा दर्ज

## गणित पेपर में धांधली का भंडाफोड़, सचल दल की छापेमारी

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद फतेहपुर में यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान बड़ी कार्रवाई सामने आई है। शुक्रवार को प्रथम पाली में आयोजित गणित की परीक्षा में दूसरे छात्रों की जगह परीक्षा देते हुए पांच सॉल्वर पकड़े गए। कार्रवाई जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) राजेश कुमार के निर्देश पर सचल दल द्वारा की गई।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि गुरुवार से ही इनपुट मिल रहा था कि कुछ परीक्षार्थी दूसरों के स्थान पर परीक्षा दे रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज, दानियालपुर में छापेमारी की। जांच के दौरान पांच छात्रों को फर्जी तरीके से परीक्षा देते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि रवि, ओपी



यादव इंटर कॉलेज के छात्र आसिफ की जगह परीक्षा दे रहा था। मेवाराम विद्या ज्ञान इंटर कॉलेज के छात्र अफजल की जगह गणेश तथा शिवकुमार की जगह लक्ष्मण परीक्षा दे रहा था।

वहीं आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सीतापुर बहरामपुर के छात्र गुलाम वारिश की जगह युवराज और

- पांच युवकों को दूसरे परीक्षार्थियों की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया
- मान्यता रद्द करने की तैयारी, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

सौरभ की जगह प्रदीप परीक्षा दे रहे थे। पकड़े गए छात्रों ने पूछताछ में ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार एकारी और संबंधित प्रधानाचार्य का नाम भी लिया है। सभी आरोपितों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है तथा उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिन विद्यालयों में इन छात्रों का पंजीकरण है, उनकी मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

# फतेहपुर में सीजेए का हुंकार



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद फतेहपुर में उस वक्त माहौल गर्म हो गया जब साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवनीत रावत का आगमन हुआ। जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंच पर राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और धार दे दी।

संयुक्त प्रेस वार्ता में नेताओं की आवाज बुलंद रही। नवनीत रावत ने साफ शब्दों में कहा कि देश में पत्रकारों पर बढ़ते हमले और उत्पीड़न लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने पत्रकारों की आर्थिक बदहाली और प्रशासनिक उपेक्षा पर चिंता जताते हुए कहा कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं, ठोस कानून की जरूरत है। शीबू खान ने भी दो टूक कहा कि जब तक पत्रकार सुरक्षित नहीं होंगे,

- पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर तेज हुई आवाज

लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता। संगठन ने देशभर में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, मीडिया आयोग के गठन, अनिवार्य पंजीकरण, सरल मान्यता प्रक्रिया, मानदेय और पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग को दोहराया। इसके साथ ही पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य व दुर्घटना बीमा, शिक्षा और चिकित्सा में रियायत तथा सरकारी योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ देने की मांग भी जोर-शोर से उठी। बैठक में संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान को तेज करने का संकल्प लिया गया। उत्तराखंड राज्य सह प्रभारी पारुल सिंह ने पदाधिकारियों का सम्मान कर उत्साह बढ़ाया। सीजेए की इस हुंकार ने एक बार फिर पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को केंद्र में ला दिया है।

# निजी पेड़ काटने का आरोप, पीड़िता ने थाने में दी तहरीर

**फतेहपुर।** थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र अंतर्गत इजूरा खुर्द गांव में एक महिला ने पड़ोसियों पर बिना अनुमति निजी पेड़ काटने का आरोप लगाया है। पीड़िता रानी देवी पत्नी सुभाषचंद्र ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके मकान के पीछे लगा हरा-भरा चिलवर (चिलवड़) का पेड़ गांव के ही गोपाल पुत्र स्व. बाबू, जीतेंद्र और रविशंकर द्वारा बिना जानकारी और सहमति के काट दिया गया। आरोप है कि पेड़ को काटकर उसके कई टुकड़े कर दिए गए। पीड़िता के अनुसार पेड़ की अनुमानित कीमत लगभग 10 हजार रुपये थी। महिला का कहना है कि जब उन्होंने इस संबंध में आरोपितों से शिकायत की तो उनके साथ गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने थाना सुल्तानपुर घोष पहुंचकर लिखित तहरीर देकर न्याय की मांग की है। उनका आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वर्तमान ग्राम प्रधान प्रियंका कैथल तथा उनके प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि प्रशासन के निर्देश पर मौके पर जांच की गई थी।

# ग्राम टेसाही खुर्द व शाहजहांपुर सेलरहा में ग्राम चौपाल आयोजित




अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में ग्राम टेसाही खुर्द एवं ग्राम शाहजहांपुर सेलरहा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी बिन्दकी (न्यायिक) बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी फतेहपुर द्वारा की गई।

ग्राम चौपाल में चकबंदी अधिकारी खागा-द्वितीय, सहायक चकबंदी अधिकारी खागा-चतुर्थ, चकबंदी कर्ता एवं चकबंदी लेखपाल उपस्थित रहे। इस दौरान किसानों की समस्याएं सुनी गई और

- किसानों की सुनी गई समस्याएं

उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। ग्राम टेसाही खुर्द में किसानों द्वारा नाम दुरुस्ती, खाता विभाजन, वसीयतनामा तथा कब्जे से संबंधित समस्याएं रखी गई। उपजिलाधिकारी ने चकबंदी अधिकारी एवं सहायक चकबंदी अधिकारी को अभिलेखों के परीक्षण के बाद विधिसंगत कार्रवाई कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। ग्राम शाहजहांपुर सेलरहा में एक परिवादी द्वारा बैनामे की भूमि पर कब्जा न मिलने की समस्या रखी गई।

# कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर श्रेणी में न जाने पाए: डीएम



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल से संबंधित लंबित आवेदनों के ससमय निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर श्रेणी में न जाने पाए, इस पर अधिकारी विशेष ध्यान रखें। बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी एवं सीएम युवा विकास योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उद्योग स्थापना के लिए जिन आवेदनों पर बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा चुका है लेकिन वितरण लंबित है, उनका शीघ्र वितरण सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में उद्योग स्थापित करने हेतु जिन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं, उनमें संबंधित औद्योगिक संस्थानों को आवश्यक सहयोग नियमानुसार उपलब्ध कराया जाए। अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सकारात्मक भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए।

# मंडप विसर्जन गयी किशोरी यमुना में डूबी

**उरई (जालौन)।** जनपद जालौन के कुठौंद क्षेत्र के ग्राम भदेख् में दर्दनाक हादसा हो गया। गांव की 12 वर्षीय किशोरी यमुना नदी में मंडप विसर्जन के बाद नहाने के दौरान डूब गई। बच्ची की पहचान गीता पुत्री गयाप्रसाद निषाद के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि गीता अन्य बच्चों के साथ यमुना में नहाने गई थी। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से वह डूबने लगी और देखते ही देखते लापता हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण तत्काल नदी किनारे पहुंच गए और बच्ची की तलाश में जुट गए। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई है और स्थानीय लोगों की मदद से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रशासन की ओर से गोताखोरों को बुलाने की तैयारी की जा रही है। खबर लिखे जाने तक बच्ची का पता नहीं चल सका था।

# सामूहिक विवाह में 41 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** औराई ब्लॉक सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इसमें कुल 41 जोड़ों का पंजीकरण हुआ था, और सभी 41 जोड़े मौके पर पहुंचे और विधि-विधान से विवाह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख बृजमोहन मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद विनोद बिंद ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना गरीब बेटियों की शादी के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से आयोजित की गई है। उन्होंने इसे गरीब कन्याओं का कन्यादान करने का एक महत्वपूर्ण कार्य बताया, जिससे गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता मिलती है और कमजोर



- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह गरीब कन्याओं का कन्यादान करने का एक महत्वपूर्ण कार्य : डॉ विनोद

परिवारों की बेटियों के सम्मानपूर्ण विवाह का सशक्त माध्यम है। सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता एवं गृहस्थी सामग्री से न केवल परिवारों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में सादगीपूर्ण और संस्कारयुक्त विवाह का संदेश भी जाता है। नवदम्पत्तियों को उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए सभी का वैवाहिक जीवन प्रेम, विश्वास और प्रगति से परिपूर्ण रहे का आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि डॉ विनोद बिंद की उपस्थिति में निर्धारित उपहार और आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

ब्लॉक प्रमुख बृजमोहन मिश्रा ने सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब बेटियों के विवाह में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

# होली-रमजान पर शांति का संदेश, पीस कमेटी की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद फतेहपुर के सुल्तानपुर घोष थाने में आगामी होली व रमजान पर्व को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नायब तहसीलदार ऐरायाँ अरविंद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि थाना प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह चंदेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशासन ने दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने की बात कही। बैठक के दौरान होली जलाने से संबंधित भूमि विवादों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को थाना दिवस पर हल करने का आश्वासन दिया गया। वहीं अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने की सख्त हिदायत दी। डीजे संचालकों को भी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। नायब तहसीलदार अरविंद कुमार ने कहा कि होली और रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से मनाना प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी है।

# बच्चों ने विज्ञान, संस्कृति, सामाजिक माडल तैयार किये वह बहुत उपयोगी

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** एनएसटी स्कूल में 'सृजन' थीम ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विज्ञान, कला, पर्यावरण, क्राफ्ट आदि विषयों पर स्वनिर्मित मॉडलों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अतिथियों ने बच्चों द्वारा तैयार किये गये माडलों की जमकर सराहना की गई।

कार्यक्रम में छात्रों ने 100 से अधिक अभिनव एवं रचनात्मक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इन प्रोजेक्ट्स में विज्ञान, पर्यावरण, तकनीकी नवाचार, सामाजिक जागरूकता और प्रदेश की सांस्कृतिक झलकियों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न झांकियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं लोक जीवन को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण का



केंद्र रेलवे लोकोमोटिव इंजन, स्मार्ट सिटी एवं वायर लैस चार्जर, जल चक्र, आर्मी सेफ्टी अलार्म, एयर गन, न्यूटन मॉडल, फायर अलार्म, ऑटोमेटिक होम सेफ्टी अलार्म, वेस्ट मैटेरियल से उपयोगी वस्तुओं के निर्माण के मॉडल को लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि एसडीएम हेमंत पटेल ने कहा कि बच्चों ने विज्ञान, संस्कृति, सामाजिक सरोकारों को लेकर जो माडल तैयार किये वह न केवल प्रशंसनीय बल्कि उपयोगी भी है। सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने कहा कि वैज्ञानिक कहीं बाहर से नहीं आते है। हम और आपके बीच ही पैदा होता है। प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने बौद्धिक क्षमता का जिस प्रकार प्रयोग किया है उसकी सराहना की जानी चाहिए। आगे भी छात्र ऐसा ही प्रदर्शन करती रहें। प्रबंधक बीएस तोमर ने कहा कि ज्ञान विज्ञान मॉडल के निर्माण से छात्रों में तार्किकता और बौद्धिकता का विकास होता है। उनमें विज्ञान के प्रति समझ भी बढ़ती है। इस मौके पर निदेशक जसवंत सिंह, प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह, अवधेश उपाध्याय, जगतभूषण आदि मौजूद रहे।

# जिला विद्यालय निरीक्षक ने हाईकोर्ट आदेश में भी कर दिया खेला

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 27 जनवरी को एक रिट याचिका की सुनवाई करते हुए आदेश दिया था कि प्रदेश भर के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में जितने भी तदर्थ प्रिंसिपल कार्यरत है उनकी जांच होने के बाद वेतन दिया जाए उक्त आदेश के क्रम मे शिक्षा निदेशक माध्यमिक, अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने प्रदेश के सभी सयुक्त शिक्षा निदेशक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को जांच करने के आदेश निर्गत किए। उक्त आदेश मिलने के बाद रवींद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा ने काफी दिनों बाद 21 फरवरी को सभी विद्यालयों के प्रबंधकों से 14 कालम में सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए उक्त आदेश की कॉपी शैलेन्द्र सिंह लेखाधिकारी माध्यमिक सहित अपने कार्यालय के समस्त पटल सहायक एवं लेखाकारों को भी उपलब्ध कराई गई थी। हाई कोर्ट के उक्त आदेश

- खेला करने में लेखाधिकारी से लेकर अनेकों पटल सहायको के जेब भारी

की जानकारी होने के बाद भी जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय के पटल सहायक ने बिना जांच हुए तदर्थ प्रिंसिपलो का पूरा वेतन लगाते हुए वेतन बिल बना दिए ओर लेखाकारों ने विधि विरुद्ध बनाए गए बिलों को चैक कर लेखाधिकारी के पास हस्ताक्षर होने के लिए भेज दिए जबकि लेखाधिकारी को अवैध रूप से निर्मित एवं चैक किए गए बिलों को रोकने की जिम्मेदारी थी। शैलेन्द्र सिंह का मानना है कि वेतन बिल रवींद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा महोदय की निगरानी मे बनाए जाते है ओर उनकी ही निगरानी में चैक किए जाते है उसके बाद ही मेरे पास अंतिम समय हस्ताक्षर के लिए आते है जिनको मैं विधिक प्रकिया मानते हुए पारित कर देता हु यदि उच्च न्यायालय की अवमानना हो रही हैं।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु केएम विश्वविद्यालय कटिबद्ध : कुलसचिव

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के सभागार में साइबर सिक्योरिटी पर ईसी कांउसिल सेमीनार का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, परीक्षा नियंत्रक समीक्षा भारद्वाज, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने संयुक्त रूप से सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया एवं सक्सेस टेल्स के सीईओ ( इसी कांउसिल से अनुबंधित सहयोगी कंपनी) अनुपम गुप्ता, डायरेक्टर सौरभ गुप्ता फैकल्टी सदस्य उज्जवल वारदानी, सेंटर हैड आशू शुक्ला का पटुका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। ईसी कांउसिल सेमीनार को संबोधित करते हुए सक्सेस टेल्स के सीईओ अनुपम गुप्ता ने कहा इंटरनेट के बढ़ते चलन के साथ ही भारत में साइबर सिक्योरिटी को भी खतरा बढ़ रहा।



## केएम अस्पताल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** मौसम परिवर्तन होने से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, जिसको लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष व केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने केएम अस्पताल की स्वास्थ्य टीम को गांव गांव जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य मेला लगाने के निर्देश दिए है। इसी श्रृंखला में केएम की मार्केटिंग टीम ने शेरगढ़ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए। वरिष्ठ चिकित्सकों को अपने गांव में देखकर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष व केएमयू के कुलाधिपति की भूरि भूरि प्रशंसा की है। मथुरा जनपद के ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य मेला लगाए जा रहे हैं। अब तक दर्जनों से अधिक गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाया जा चुका है, आने वाले दिनों में भी ऐसे शिविर गांव गांव लगाये जाएंगे। आज शेरगढ़ कस्बे में गणमान्य नागरिकों के सहयोग से शिविर लगाया गया।



# आपसी सौहार्द ही जिले की सबसे बड़ी ताकत : डीएम




अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने आगामी त्यौहार होली एवं रमजान को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से संवाद स्थापित करते हुए प्रशासन ने उनके सुझावों को गंभीरता से सुना और आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आश्वस्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। गंगा-जमुनी तहजीब को अक्षुण्ण बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क प्रकाश व्यवस्था तथा आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता समय से सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि सौहार्द और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील स्थलों की पहचान कर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा अफवाहों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

# रंग भरी एकादशी पर होली मिलन समारोह आयोजित

**मथुरा।** रंग भरी एकादशी के पावन अवसर पर आज नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा वृंदावन कान्हा गौशाला परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महापौर विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं नगर आयुक्त जग प्रवेश की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नगर आयुक्त महोदय जग प्रवेश, उपसभापति मुकेश सारस्वत, समस्त पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, महाप्रबंधक (जल), मुख्य अभियंता (निर्माण), अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता , अवर अभियंता, सहित नगर निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश प्रसारित किया। नगर आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रज में मनाया जाने वाला रंगोत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है।

# बांके बिहारी मंदिर में सुगम हुए दर्शन

## स्टील रेलिंग से थमी अफरातफरी, श्रद्धालुओं ने जताया संतोष

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में अब भक्तों को आराध्य के दर्शन के लिए घंटों की मशक्कत और धक्का-मुक्की से निजात मिल रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर्ड कमेटी की पहल पर मंदिर परिसर में लगाई गई नई स्टील रेलिंग के चलते दर्शन व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहा है।

तस्वीरों में स्पष्ट देखा जा सकता है कि रेलिंग लगने के बाद भीड़ अब कतारबद्ध होकर आगे बढ़ रही है। पहले जहां गर्भगृह के सामने भारी दबाव के कारण अफरातफरी का माहौल रहता था, वहीं अब श्रद्धालु बिना किसी अड़चन के शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन कर पा रहे हैं।

हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश और कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और



सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मंदिर में व्यवस्थाओं को और अधिक आधुनिक और सुलभ बनाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

कमेटी के सचिव और जिलाधिकारी सीपी सिंह ने व्यवस्था का जायजा लेते हुए बताया कि स्टील रेलिंग लगने से अब दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। भीड़ का दबाव गलियारों में समान रूप से बंट गया है जिससे प्रवेश और निकास की प्रक्रिया सुगम हुई है।

**श्रद्धालुओं का अनुभव :** मंदिर आए भक्तों का कहना है कि रेलिंग लगने से न केवल धक्का-मुक्की बंद हुई है, बल्कि अब वे परिवार और बच्चों के साथ सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोग भी इस बदलाव को सकारात्मक बता रहे हैं।

**व्यवस्थित कतारें :** स्टील रेलिंग के माध्यम से 'जिग-जैग' कतार प्रणाली लागू की गई है।

**सुरक्षा में वृद्धि :** भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल के साथ-साथ रेलिंग एक सुरक्षा कवच का काम कर रही है। कमेटी द्वारा हर पर्व और विशेष अवसर पर भीड़ प्रबंधन की समीक्षा की जा रही है।

# बीमा कंपनी के मुख्य प्रबंधक के नाम गैर जमानती वारंट जारी

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल के आदेश का पूर्ण अनुपालन न करने के कारण बीमा कंपनी के मुख्य प्रबंधक के विरुद्ध जारी किए गए गैर जमानती वारंट चंदौसी निवासी सुशांत अमन ने अपने व अपने परिवार की स्वास्थ् सुरक्षा के लिए स्टार हैल्थ इंश्योरेंस कम्पनी से बीमा कराया था एक दिन घर से बाजार जाते समय उनका पैर सड़क के गड्ढे में गिर गया जिस कारण उनके बॉय पैर में चोट आ गई उसका इलाज होम्योपैथी की दवाईयां से ठीक करने का प्रयास किया परंतु सुधार न होने पर बरेली के हॉस्पिटल में इलाज कराया तथा उस पर होने वाले खर्चे रु 134294/रु की मांग बीमा कम्पनी से की गई तो बीमा कम्पनी ने पुरानी बीमारी बता कर बीमा धनराशि देने से इंकार कर दिया जिस पर वो उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय से मिले और आप बीती समस्या बताई जिस पर

- 3048 रु कम अदा करने पर बीमा कंपनी के मुख्य प्रबंधक के नाम जारी हुए गैर जमानती वारंट

उनकी ओर से जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में परिवाद दर्ज कराया गया जहां आयोग ने दोनों पक्षों को सुनकर अपना निर्णय सुशांत अमन के पक्ष में सुनाया और बीमा कंपनी को उनके इलाज पर खर्च धनराशि मय ब्याज तथा वाद व्यय आदि के रूप में 15000 रु अतिरिक्त देने के आदेश 8 अगस्त 2025 में दिए जिसका अनुपालन इंश्योरेंस कम्पनी द्वारा नहीं किया गया तब अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा आयोग को बताया कि बीमा कंपनी ने आदेश का अनुपालन नहीं किया है तो आयोग ने बीमा कंपनी को तलब किया जिस पर बीमा कंपनी ने आदेश के अनुपालन में धनराशि रु 159366 रु के स्थान पर मात्र 156318रु ही अदा किये गये तो अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा आयोग में आपत्ति दर्ज की गई।

# ग्रामीणों ने पानी की टंकी दुरूस्त कराये जाने की मांग की

- गौरयापुर मे गहराई पेयजल समस्या, सफेद हाथी बनी पानी की टंकी
- जिम्मेदारों की अनदेखी से महीनो से खराब पड़ा नलकूप

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्रामीण अंचलों व नगरीय क्षेत्र के लोगो को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिये केन्द्र सरकार ने हर घर नल योजना की शुरूआत की। इस योजना का उदेश्य है कि प्रत्येक घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की पहुंच हो। जिससे लोगो के स्वास्थ्य व जीवन स्तर मे सुधार हो सके। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते ग्राम गौरयापुर मे खराब हुये नलकूप के कारण के पानी की टंकी शोपीस साबित हो रही है। ग्रामीणों ने शासन व प्रशासन से समस्या के निस्तारण की मांग की है।

बताते चलें कि हर घर नल योजना के अन्तर्गत क्षेत्र के ग्राम गौरियापुर मे केन्द्र सरकार द्वारा विगत वर्षो पूर्व एक पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराकर ग्रामीणो को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते वर्तमान समय में ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। विगत महीने पूर्व से नलकूप खराब हो गया था। योजना से संबन्धित किसी भी अधिकारी या कर्मचारी इस ओर ध्यान नही दिया। जब ग्रामीणो ने पानी की समस्या को लेकर नलकूप आपरेटर मुन्नू सिंह बाथम से पूछताछ की तो उक्त ऑपरेटर ने ग्रामीणो से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुये कहा कि अभी तक नलकूप का ही पानी पीते रहे हो। जाओ जब सही होगा तभी नलकूप से पानी उपलब्ध कराया जायेगा। कभी कहता समर खराब है, कभी कहता पाइप लाइन ठीक नही है। इस साफ जाहिर हो रहा है कि पंचायत कर्मियो लापरवाही से ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे। ग्रामीणो ने जिलाधिकारी से मांग करते हुये कहा है कि होली का त्योहार नजदीक है लोग पानी के लिये तरस रहे है, नलकूप को जनहित में शीघ्र ही ठीक कराया जाये अन्यथा ग्रामीण धरना प्रदर्शन के लिये बाध्य होंगे।

# अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करना योजना का उददेश्य है



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देशानुसार विशेष स्वनिधि ऋण आवेदन एवं वितरण अभियान के अंतर्गत पालिका कार्यालय में कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न वार्डो से आए हुए लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि प्रथम ऋण रुपये 15000 हेतु प्रसन्नजीत मिश्रा द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किये गये। शुक्रवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर रहे प्रसन्नजत मिश्रा ने बताया कि पी एम स्वनिधि योजना के प्रचार प्रसार हेतु होर्डिंग, बैनर एवं ध्वनि प्रसारण द्वारा नगर में लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजना से लाभान्वित किया जा सके। बताया कि उक्त योजना के प्रथम चरण में रुपये 15000, द्वितीय चरण में रुपये 25000 तथा तृतीय चरण में रुपये 50000 का ऋण लाभार्थी को बैंक के माध्यम से प्रदान किया जाता है। इस दौरान सीएमएम डूडा मेघना गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, आकाश कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइक डिवाइडर से टकराई, छात्र की मौत

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र में नए यमुना पुल पर गुरुवार देर रात सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा युवक के कोचिंग से घर लौटते वक्त हुआ। मृतक की पहचान नैनी के मुखिया नगर निवासी अजय पांडेय (25) पुत्र श्रीपत पांडेय के रूप में हुई।

परिजनों ने बताया कि अजय देर रात अपनी बाइक से घर वापस आ रहा था। इसी दौरान नए यमुना पुल पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचित किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

वहीं, दूसरी घटना नैनी के लिए पड़ोसी चौराहे के समीप डंपर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। फिलहाल अभी युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# खाद्य विभाग टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप

- कई दुकानों से खाद्य वस्तुओं के भरे नमूने, भेजे सैंपल

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खाद्य विभाग की टीम ने होली त्योहार से पूर्व नगर के तिर्वा रोड स्थित कई दुकानों पर छापामार कार्यवाही की, जिससे दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गया। खाद्य रसद विभाग की टीम के अधिकारियों ने कई दुकानों से वस्तुओं का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है।

मिली जानकारी के अनुसार खाद रसद विभाग की आयुक्त रौशन जैकब के निर्देश पर बीतेदिन खाद रसद विभाग की टीम ने जनपद कन्नौज के तिर्वा रोड गुरसहायगंज क्षेत्र में होली के त्योहार पर कई दुकानों पर छापा मारकर नमूना भरकर जांच के लिए भेजा है। टीम प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि होली त्यौहार पर मुनाफे के लिए कई दुकानदार एवं व्यापारी सिंथेटिक एवं नकली वस्तुओं का व्यापार करते हैं। जिससे उपभोक्ताओं एवं आम जनमानस के बीच तमाम प्रकार की बीमारियां न सिर्फ उत्पन्न होती हैं, बल्कि इस प्रकार की वस्तु में लोगों के लिए बहुत घातक होती हैं, उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि दुकानों से खोया पनीर एवं मानव निर्मित अन्य वस्तुओं को खरीदने से पहले उसकी जांच कर ले। उधर खाद्य विभाग की छापामार कार्यवाही से नगर व क्षेत्र के व्यापारियों के बीच हड़कंप मचा रहा।

# आजाद के नाम से काँपती थी अंग्रेजी हुकूमत : पवन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया नगर मण्डल द्वारा देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने मेडिकल कालेज गेट स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि-माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद का जीवन देश के युवाओं को देश की सेवा के लिए प्रेरित करता है, चन्द्रशेखर आजाद ने देश की स्वतंत्रता के लिए क्रांति का बिगुल बजाकर 14 वर्ष की उम्र में महात्मा गांधी द्वारा चलाये जा रहे असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया और अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद के नाम से अंग्रेजी हुकूमत थर-थर काँपती थी, मैं रहूं या ना रहूं, यह देश रहना चाहिए। इस कथन को चंद्रशेखर आजाद ने अपना बलिदान देकर सार्थक किया, देश के उनके बलिदान के लिए सदैव ऋणी रहेगा।

भाजपा नेता अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि युवाओ को चन्द्रशेखर आजाद का जीवन प्रत्येक देशवासी को समाज और देश की सेवा के लिए प्रेरित करता है, चन्द्रशेखर आजाद का बलिदान युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण कुमार मिश्र, वीरेंद्र पाठक, विजय कुशवाहा, अमरजीत मिश्र, आदित्य सिंह गोलू, प्रदीप विश्वकर्मा, डॉ विनोद पाण्डेय उपस्थित रहे।

## रंजिशन पथराव कर जानलेवा हमला किया, मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीतीरात क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा में एक पक्ष के एकत्र हुये करीब डेढ दर्जन से अधिक लोगों ने पथराव कर दूसरे पक्ष के करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों को घायल कर दिया जबकि प्रधानाचार्य पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया। पीडित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा निवासी प्रधानाचार्य मसरूर अहमद पुत्र अहमद रजा द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि बीतीरात गांव के ही जरीफुल पुत्र युसूफ, अयाज पुत्र दराज, अमन, साजेब पुत्रगण जावेद, जावेद पुत्र सहमीर, फैयाज पुत्र दराज, लाडले पुत्र रऊफ, सैफी पुत्र जहीर, मंगली पुत्र अब्दुल खान, मुन्ना पुत्र जरीफुल ने अपने घर की महिलाओ सहित 8-10 लोगों के साथ रंजिशन पथराव किया जिससे उसका पुत्र असीम शेख बेहोश हो गया। तथा रिफ़ाकात, शमीम व अंसार, नाजिल, सानू, खालिक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उक्तगणों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

# पालिका कर्मी के भाई के निधन पर उमड़ी शोक की लहर

- जनप्रतिनिधियों ने शोक संतप्त परिजनों से व्यक्त की संवेदना

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी शिक्षक पुत्र एवं पालिका कर्मी के भाई संजीव शर्मा के असामयिक निधन की खबर से नगर व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की सूचना मिलते ही छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय ने पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर के साथ आवास पर पहुंचीं और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। शुक्रवार को छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय ने नगर के मोहल्ला रामगंज पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाने के उपरान्त उन्होंने कहा कि युवा अवस्था में इस प्रकार का निधन अत्यंत दुखद है और यह पूरे समाज के लिए क्षति है। इस दौरान उन्होनें ने परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे स्वयं एवं उनकी पूरी टीम परिवार के साथ खड़ी है। उधर बीतीशाम संजीव शर्मा के निधन की सूचना पर पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। वहीं रोत बिलखते परिजनों अशोक शर्मा, रवि शर्मा, गगन शर्मा ने बताया कि मृतक के छोटे छोटे दो पुत्री व एक पुत्र हैं। संजीव शर्मा के निधन से नगर व क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

## पहली बार जैन साध्वियों के इतने विशाल संघ तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली में आगमन

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की शिष्या दृढ़मति माता एवं गुरुमति माता जी के साथ 50 साध्वियों का सत्य अहिंसा, नशा मुक्ति, शाकाहार एवं जैन धर्म का प्रचार प्रसार करते हुए अयोध्या बनारस से होते हुए तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली पहुंची। जैन महिला मंडल की मंत्री बाला जैन ने बताया कि पहली बार प्रयागराज में इतने विशाल संघ का आगमन होने जा रहा है। जैन समाज साध्वियों के आगमन से काफी उत्साहित है।जैन साध्वी संगम किनारे वटवृक्ष के दर्शन करते हुए एक दो दिनों में जीरो रोड स्थित जैन मंदिर में प्रवेश करेगी। इस रविवार तक मुनि श्री समता सागर महाराज के भी आने की संभावना है।

## अधिवक्ता राशिद अली एलआईसी के पैनल में शामिल



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपने पैनल में सक्षम और अनुभवी अधिवक्ताओं को शामिल किया है। जिसमे अधिवक्ता राशिद अली को मुकदमों की वकालत और कानूनी सलाह के लिए पैनल में शामिल किया गया है। जो कानूनी क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। ये सुचना उनको एलआईसी के प्रभारी अधिकारी विधि के द्वारा पत्र भेज कर दिया गया। राशिद अली की नियुक्ति पर इलाहबाद उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालय के कई प्रमुख अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

## शिक्षाविद शैल मिश्रा को दी श्रद्धांजलि



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** क्रॉस्थवेट गर्ल्स इंटर कॉलेज परिवार ने पूर्व प्राध्यापिका और शिक्षाविद शैल मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, शिक्षा के प्रति समर्पण और असंख्य विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन करने के लिए उन्हें याद किया।ज्ञात हो कि शैल मिश्रा का 26 फरवरी की मध्यरात्रि एक बजे उनका निधन हो गया था। 42 वर्षों की निरंतर सेवा के बाद वह क्रॉस्थवेट गर्ल्स कॉलेज से रिटायर हुई थीं। उसके बाद भी उनका स्नेह और आशीर्वाद विद्यालय और विद्यार्थियों को मिलता रहता था।

## एनयूजे प्रयागराज ने आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धाजँलि

**प्रयागराज।** आज नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के प्रयागराज जिला इकाई ने देश के आजादी के आन्दोलन के महानायक माँ भारती के बीर सपूत शहीद चंद्रशेखर आजाद को अपनी श्रदासुमन अर्पित कर श्रद्धाजँली दी। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया प्रयागराज के जिला इकाई के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने शेरे हिन्दुस्तान चंद्रशेखर आजाद के शहीद स्थल आजाद पार्क (अलफ्रेड पार्क) स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रदासुमन अर्पित कर श्रद्धाजँलि दी।

शहीद स्थल पर ही श्रद्धाजँलि सभा आयोजित की गयी। सभा को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद को सच्ची श्रद्धाजँलि तभी होगी जब हमारी पत्रकारिता मे देशहित सर्वप्रथम तथा निष्पक्ष पत्रकारिता हो। इस पावन अवसर पर एनयूजे प्रयागराज भारत सरकार से मांग करता है कि देश के आजादी के आन्दोलन मे अदम्य साहस वीरता तथा देश के प्रति त्याग ओर बलिदान को ध्यान रखते हुए शहीद चंद्रशेखर आजाद को भारत रत्न सम्मान दे।

# डीएम की संस्तुति पर बीएसए शालिनी श्रीवास्तव निलंबित, विभागीय जांच के आदेश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जनपद के बहुचर्चित कृष्ण मोहन सिंह आत्महत्या प्रकरण में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) शालिनी श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की ओर से 23 फरवरी 2026 को शासन को भेजी गई संस्तुति के आधार पर की गई।

उत्तर प्रदेश शासन के बेसिक शिक्षा अनुभाग-1 द्वारा जारी आदेश के अनुसार, माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में शिथिलता बरतने तथा लगभग एक वर्ष तक प्रभावी कार्रवाई न किए जाने के आरोप प्रथम दृष्टया सिद्ध पाए गए हैं। शासन ने इसे शासकीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं कदाचार की श्रेणी में माना है।

शासनादेश के तहत उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के नियम-4 के अंतर्गत निलंबन तथा नियम-7 के अंतर्गत विभागीय जांच संस्थित की गई है। जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक, गोरखपुर मंडल को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

निलंबन अवधि में संबंधित अधिकारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा तथा उनका संबद्धीकरण शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ कार्यालय से किया गया है।

इधर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का पद रिक्त होने के चलते शैक्षिक एवं प्रशासनिक कार्यो के सुचारु संचालन हेतु अग्रिम आदेशों तक प्राचार्य, डायट (देवरिया) को बीएसए का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

उल्लेखनीय है कि कृष्ण मोहन सिंह आत्महत्या प्रकरण में परिजनों की तहरीर पर थाना गुलहरिया में पूर्व में ही नामजद मुक़दमा दर्ज किया जा चुका है। साथ ही जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित उच्चस्तरीय जांच समिति की आख्या के आधार पर आरोपित पटल सहायक को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने स्पष्ट किया है कि जनपद में प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** सी.एम.पी. पी.जी. कॉलेज, प्रयागराज के जंतु विज्ञान विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर ÷कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाज के लिए वरदान या अभिशाप÷ नामक विषय पर वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत डॉ. हेमलता पंत, समन्वयक वाद- विवाद प्रतियोगिता, जंतु विज्ञान ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ सुधि श्रीवास्तव ने प्लांट सैंपलिंग देकर निर्णायक मण्डल के सदस्यों का स्वागत क्रमशः शोध छात्र चन्द्र प्रकाश व दीपांशी मिश्रा ने प्लांट सैंपलिंग दे कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. संजय सिंह, मुख्य अनुशासनाधिकारी, सी.एम.पी. कॉलेज रहे। प्रो. सिंह ने अपने वक्तव्य में बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें मशीनों को मनुष्यों की तरह सोचने के लिए प्रोग्राम किया जाता है। ए. आई. अपनी भूमिका एवं व्यापक उपयोगिता के कारण महत्वपूर्ण तकनीक के रूप में उभरा है। यह मनुष्यों की तुलना में बेहतर परिणाम दे सकती है। अतः इसका उपयोग गलत उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है। अतः इसके सकारात्मक पक्ष का लाभ उठाना चाहिए लेकिन नकारात्मक पहलुओं को कड़ाई से रोकने की तकनीक खोजनी होगी। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक क्रमशः डॉ. आशीष मिश्रा एवं डॉ. अनुराधा ने मुख्य भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में 27 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था।

इस प्रतियोगिता में जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक क्रमशः डॉ. मनोज जायसवाल, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. निधि त्रिपाठी, डॉ. अजीत कुमार सिंह एवं डॉ. चारू त्रिपाठी उपस्थित थे।

## एजी हरियाणा के रवि पुरुष एकल में चैंपियन



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** एजी हरियाणा के रवि ने उत्तर क्षेत्रीय भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष एकल के खिताब पर कब्जा जमाया। अमिताभ बच्चन कीड़ा संकुल (मेयोहाल) में शुक्रवार को खेले गए पुरुष एकल के फाइनल मुकाबले में रवि ने एजी हिमाचल के कार्तिक जिंदल को दो सीधे सेट में 21-18 और 21-19 से हराकर खिताब अपने नाम किया।मुख्य अतिथि प्रधान महालेखाकार (ऑडिट वन) राजकुमार और विशिष्ट अतिथि महालेखाकार डॉ. सुरेंद्र कुमार ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया। समन्वयक लोकेश नाथ त्रिपाठी और कल्याण सहायक अस्करी अब्बास ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष उपमहालेखाकार (प्रशासन) शैलेश कुमार अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन और शादाब रजा ने कार्यक्रम का संचालन किया। मैचों में सीएजी के राजेश कुमार राजपूत (मेघालय), विश्वजीत घोष (असम), शिव कुमार (तमिलनाडु) और ठाकुर चरणजीत सिंह (हरियाणा) ने रेफरी का दायित्व निभाया। इस मौके पर आरएसओ प्रेम कुमार, आरएस बेदी, मनीष गुप्ता, दिनेश कपूर, एमएच चौधरी, अरविंद कुमार, आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सक प्रतिदिन एनसीडी आईडी करें लागिंग

- एनसीडी की पहचान और रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की पहचान और रोकथाम के लिए शुक्रवार को धन्वंतरि सभागार में सहयोगी संस्था जपाईगो के सहयोग से डॉ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अनिल कुमार गुप्ता अध्यक्षता में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पीएचसी के चिकित्सा अधिकारियों को गैर संचारी रोंगो की जांच, ईलाज और कंट्रोल करने के टिप्स दिए गए। एनसीडी स्क्रीनिंग कार्यक्रम की वर्तमान प्रगति, लक्ष्यों की उपलब्धि, स्क्रीनिंग में आ रही चुनौतियों और सुधार के संभावित उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सीएमओ ने कहा कि चिकित्सक प्रतिदिन एनसीडी आईडी लागिंग करें।

सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी गैर संचारी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर पहचान न होने पर गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक सीएचसी पीएचसी पर 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की एनसीडी स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने कहा की सभी चिकित्सकों की एनसीडी आईडी बनाई जाए। उन्होंने अधिक से अधिक स्क्रीनिंग कर जांच के बाद मरीजों को उचित परामर्श और फॉलोअप सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। डिप्टी सीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ. अश्वनी पाण्डेय ने स्क्रीनिंग डेटा को समय पर पोर्टल पर अपलोड करने, आवश्यक जांच उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और दवाओं के नियमित वितरण को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनजागरूकता गतिविधियों को भी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), आशा और एएनएम के माध्यम से समुदाय में जागरूकता फैलाएं। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को स्क्रीनिंग के लिए प्रेरित करना है। सहयोगी संस्था जपाईगो से डॉ भूषण चौधरी, डॉ गौरव कपूर ने चिकित्साधिकारियो को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डॉ आरपी यादव, डॉ अंकिता, डॉ आनंद बहादुर सिंह, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, आदित्य कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कुरआन पढ़ने से उतरती है घर में बरकतः इक़रामुल

**प्रयागराज।** अल्लाह के नबी का फ़रमान है कि कुरआन पढ़ने वालों के लिए हर शब्द पर दस नेकियां हैं और यह कुरआन पढ़ने वालों के लिए मग़फिरत का ज़रिया है। कुरआन की तिलावत से घर में बरकत होती है। कुरआन मजीद अल्लाह का कलाम है, उसकी तरफ से भेजी गई यह आख़िरी किताब है। यह दुनिया में सबसे अधिक पढ़ी जाने वाली किताब है। रमजान के महीने में ही अल्लाह की तरफ से कुरआन अवतरित किया गया, जो सारी इंसानियत के लिए हिदायत का ज़रिया है। यह बात गुरुवार की देर रात हरवारा, धूमनगंज की लोहाशाह मस्जिद में कुरआन के मुकम्मल होने पर मौलाना इक़रामुल हक़ अज़हरी ने अपनी तक़रीर में कही। उन्होंने यह बात भी कही कि तरावीह की नमाज सुन्नते-मुअक्केदा है, जो हर मुसलमान के लिए ज़रूरी है। यह महीना रमजान का चांद देखकर शुरू होता है और ईद का चांद दिखने तक जारी रहता है। हरवारा की इस मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान आठ दिन में हाफ़िज़ ज़ियाउल हक़ साहब से कुरआन मुकम्मल किया।

# वृहद रोजगार मेले का डीएम ने कराया आयोजन

- चयनित युवाओं को प्रतीकात्मक रूप से डीएम ने वितरित किया नियुक्ति पत्र

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज डीएवी पीजी कालेज, आजमगढ़ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, राजकीय आई.टी.आई. एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृहद रोजगार मेले का आयोजन कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज के वृहद रोजगार मेले में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से 53 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है, जिनके द्वारा 6000 से ज्यादा युवाओं को चिन्हित कर रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। उन्होने कहा कि अधिक संख्या में युवा उत्साह के साथ वृहद रोजगार मेले मे प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री की अपेक्षा रहती है कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिले और उनकी आमदनी बढ़े, जिससे कि आम लोगों के आर्थिक स्थिति में सुधार हो एवं राज्य और देश के विकास में सहयोग कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि नौकरी के साथ-साथ जिन युवाओं को स्वरोजगार करना है, उसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होने बताया कि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जनपद आजमगढ़ में तीन हज़ार पांच सौ से ज्यादा युवाओं को लोन दिया गया है, जो कि चार साल तक ब्याज मुक्त रहेगा। यह गारंटी मुक्त लोन है। इसी तरीके से मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि योजनाएं स्वरोजगार के अवसर देती हैं। उन्होने कहा कि उपरोक्त योजनाओं के अन्तर्गत ऋण लेकर अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं। वृहद रोजगार मेले में एल. एण्ड टी., महादेव हनुमन्त विजय प्लेसमेन्ट सर्विस, विजन इण्डिया रमाया हेल्थ केयर, पेरीग्रीन, एन.एस.डी.सी, डिक्शन टेक्नोलाजी, सुब्रोश इण्डिया, कृष्णा मारूति, शिव शक्ति बायो टेक्नालाजी, आदि 53 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमे रिक्तियों की कुल संख्या 6000 के सापेक्ष लगभग 90000 से अधिक बेरोजगार युवकों ने प्रतिभाग किया। उपरोक्त कम्पनियों द्वारा 3000 बेरोजगार आवेदको का अपने तय मापदण्ड एवं शर्तो के अनुसार चयन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयनित युवाओं को प्रतिकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र वितरित किया। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया एवं कंपनियों के प्रतिनिधियों से उनके द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे नौकरियों के संबंध में जानकारी ली गई। इस अवसर पर उपनिदेशक (सेवा.) प्रयागराज परिक्षेत्र रविशेखर आनन्द, सहायक निदेशक सेवायोजन राममूर्ति, सहायक सेवयोजन अधिकारी मऊ आशुतोष प्रसाद, अपर सांख्यकी अधिकारी एम.आर. प्रजापति, प्रबन्धक डी.ए.वी. पी.जी. कालेज एडवोकेट आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, प्राचार्य डी.ए. वी महाविद्यालय प्रो. प्रेमचन्द यादव, प्रो. अनिल श्रीवास्तव, प्रो.सोम्यसेन, प्रो. पंकज, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, जिला सेवायोजन कार्यालय बलिया, मऊ एवं राजकीय आई.टी.आई. आजमगढ़, कौशल विकास, एवं ए.वी. पी.जी. कालेज आजमगढ़ के समस्त स्टाफ द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

# इंडो-वेस्टर्न गाउन से पाएं मॉडर्न और एलीगेंट लुक, बॉडी टाइप के हिसाब से स्टाइलिंग के गुर

आपके पास इंडो-वेस्टर्न गाउन में स्टाइलिंग के भी ढेरों ऑप्शन होते हैं। आप यह गाउन सगाई से लेकर शादी तक और गेट टू गेदर से लेकर त्योहारों तक कभी भी पहन सकती हैं। आपको सिर्फ ओकेजन को ध्यान में रखकर खुद को स्टाइल करना होता है। जब कभी भी हम सभी को पार्टी में जाना होता है, तो सबसे पहले यही ख्याल आता है कि क्या पहना जाए। पार्टी के लिए इंडो-वेस्टर्न गाउन सबसे बेहतर ऑप्शन माना जाता है। क्योंकि इसमें आपको मॉर्डन और एलीगेंट लुक मिलता है। हालांकि आपके पास इंडो-वेस्टर्न गाउन में स्टाइलिंग के भी ढेरों ऑप्शन होते हैं। आप यह गाउन सगाई से लेकर शादी तक और गेट टू गेदर से लेकर त्योहारों तक कभी भी पहन सकती हैं। आपको सिर्फ ओकेजन को ध्यान में रखकर खुद को स्टाइल करना होता है। लेकिन कई लड़कियों की शिकायत होती है कि इंडो-वेस्टर्न गाउन पहनने के बाद उनको वह लुक नहीं मिल पाता है, जिसकी वह उम्मीद करती हैं। ऐसा इसलिए होता है कि गाउन को सिलेक्ट करने और फिर उसको स्टाइल करने में कई बातों को नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप पार्टी में एकदम स्टनिंग नजर आ सकती हैं।

**समझदारी से चुनें गाउन**

अगर आप भी पार्टी में इंडो-वेस्टर्न गाउन पहन रही हैं, तो ऐसे में आपको सबसे पहले गाउन सिलेक्ट करना चाहिए। वहीं आजकल मार्केट में कई तरह के इंडो वेस्टर्न गाउन मिलते हैं। इसलिए आपको अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से गाउन पहनना चाहिए। ए-लाइन या फ्लेयर्ड गाउन अधिकतर बॉडी शेप पर फबता है। लेकिन अगर आपकी बॉडी ऑवरग्लास है और आपकी हाइट लंबी है, तो ऐसी स्थिति में आपको मरमेड फिट इंडो-वेस्टर्न गाउन कैरी करना चाहिए। वहीं मॉर्डन और बोल्ड लुक पाने के लिए स्लिट गाउन पहन सकती हैं।

**एक्सेसरीज करें स्टाइल**

इंडो वेस्टर्न गाउन के साथ परफेक्ट लुक पाने के लिए



एक्सेसरीज पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आपके गाउन की नेकलाइन हैवी है, तो आप नेकपीस स्किप कर दें। इसकी बजाय आप सिर्फ स्टेटमेंट इयररिंग्स कैरी करें। लेकिन अगर इंडो-वेस्टर्न गाउन की नेकलाइन सिंपल हो, तो आपको लेयर्ड नेकपीस या चोकर स्टनिंग लुक दे सकता है। आप एक्सेसरीज में बैंगल्स की स्टैकिंग कर सकती हैं या फिर बड़ा कड़ा पहन सकती हैं।

**हेयरस्टाइल**

जब तक आप एक परफेक्ट हेयरस्टाइल न बनाएं, तब तक लुक कंप्लीट नहीं माना जाता है। ऐसे में आप इंडो-वेस्टर्न गाउन के साथ एलीगेंट बन बना सकती हैं। यह हेयरस्टाइल केप गाउन या हाई नेक के साथ काफी अच्छा लगता है। इसके अलावा आप वेव्स, सॉफ्ट कर्ल्स या साइड स्वेप्ट हेयर लुक बना सकती हैं।

**फैब्रिक और डिटेल्स से लुक को बनाएं खास**

हालांकि आपको इंडो-वेस्टर्न गाउन में फैब्रिक ऑप्शन काफी सारे मिल जाएंगे। आप रेशम से लेकर शिफॉन, ऑर्गेंजा या जॉर्जेट आदि से अलग फैबिक्र को चुन सकती हैं। ऐसे में अगर आप पार्टी में रिच लुक पाना चाहती हैं, तो ऐसे में वेलवेट, सिल्क या साटन का फैब्रिक चुन सकती हैं। वहीं लाइट और कंफर्टेबल लुक पाने के लिए शिफॉन, जॉर्जेट या क्रेप फैब्रिक चुन सकती हैं।

## फेस्टिव सीजन में जान डाल देगा खूबसूरत और ट्रेंडी घाघरा



कुछ ही दिनों में भारत में फेस्टिव सीजन शुरु हो जाएगा। नवरात्रि पर्व में अब ज्यादा दिन बचें नहीं हैं। अगर आप डांडिया नाइट के लिए शानदार लुक वाला घाघरा की डिजाइंस तलाश कर रही हैं, तो यह लेख आपके लिए है। अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप ट्रेंडी डिजाइन वाले घाघरा को पहन सकते हैं।

भारत में हर एक त्योहार को धूमधाम से मनाया जाता है। जल्द ही नवरात्रि का पर्व आने वाला है। ऐसे में महिलाओं ने डांडिया नाइट और गरबा के लिए अपनी परफेक्ट आउटफिट के लिए तैयारियां शुरु कर दी होंगी। हम सभी लड़कियों को सुंदर दिखना काफी पसंद है। ऐसे में जब बात आउटफिट के लुक को क्रिएट करने की आती है, तो हम सभी ट्रेंडी डिजाइन वाले कपड़ों को जरुर वियर करते हैं। अगर आप भी फेस्टिव सीजन के लिए ट्रेंडी डिजाइन वाले घाघरा को स्टाइल करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। वैसे तो आपको घाघरा में अलग-अलग तरह के पैटर्न और कलर्स मिल जाएंगे।

**गोटा पट्टी वर्क वाला घाघरा**

घाघरा लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप गोटा पट्टी घाघरा को वियर कर सकते हैं। इस तरह के घाघरा में आपको काफी डिजाइंस मिल जाएंगे। ऑनलाइन या फिर आप बाजार से गोटा पट्टी वर्क वाला घाघरा को वियर कर सकते हैं। इतना ही नहीं आपको डबल शेड कलर वाले घाघरा आपको मिल जाएंगे। इस घाघरा लुक में आप काफी अट्रैक्टिव और सुंदर दिखेंगे। यह आपको 1,000 से 2,000 रुपये में मिल जाएंगे।

**घारचोला डिजाइन वाला घाघरा**

डांडिया नाइट में अपना जलवा बिखरने के लिए आप घारचोला डिजाइन वाले घाघरा को वियर कर सकते हैं। इस घाघरा को आप ने एक बार पहन लिया तो सब आपकी तारीफें करते न थकेंगे। इस लुक में आप काफी अट्रैक्टिव नजर आएंगे। बाजार में इस तरह के घाघरा आपको 500 से 1,500 रुपये में मिल जाएंगे।

**प्रिंटेड मल्टी कलर डिजाइन वाले घाघरा**

फेस्टिव सीजन में घाघरा चोली पहनने का एक अलग ही स्टाइल है। अगर आप भी डांडिया नाइट में चार चांद लगाना चाहते हैं, तो आप प्रिंटेड मल्टी कलर डिजाइन वाले घाघरा को वियर कर सकती हैं। इसके साथ ही आप मल्टी कलर डिजाइन वाली चोली भी वियर कर सकती हैं, जो आपके लुक को अट्रैक्टिव करेगी। लुक को शानदार बनाने के लिए आप साथ में एक्सेसरीज भी स्टाइल कर सकते हैं। जिससे आप और भी खूबसूरत

# टेलर से कुर्ती सिलवाते समय ध्यान रखें ये बातें, निखरकर आएगा आपका पूरा लुक

अगर आप भी किसी टेलर से अपने लिए कुर्ती बनवाने वाली हैं। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 ऐसी जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप अपने आउटफिट को परफेक्ट तरीके से टेलर से बनवा सकती हैं।

महिलाएं और लड़कियां अपने लुक को खास बनाने के लिए न सिर्फ चेहरे की खूबसूरती बल्कि अपने आउटफिट को भी परफेक्ट बनाती हैं। इसके लिए महिलाएं टेलर से डिजाइनर आउटफिट स्टिच करवाती हैं। ऐसे में अगर आप भी किसी टेलर से अपने लिए कुर्ती बनवाने वाली हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 ऐसी जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप अपने आउटफिट को परफेक्ट तरीके से टेलर से बनवा सकती हैं।

**सही फैब्रिक का करें चुनाव**

अगर आपको भी टेलर से कुर्ती



बनवानी हैं, तो सबसे पहले कपड़े का चुनाव करें। इसके लिए आपको सही फैब्रिक का चुनाव करना होगा। ऐसे में पार्टी वियर कुर्ती बनवाने के लिए शिफॉन, सिल्क या जॉर्जेट वाला फैब्रिक चुन सकती हैं। लेकिन अगर आप कहीं आने-जाने के लिए कुर्ती बनवा रही हैं, तो आपको रेयान या कॉटन का फैब्रिक सही रहेगा। क्योंकि सही फैब्रिक का चुनाव करने से आपका लुक गॉर्जियस लगेगा और सही फिटिंग भी आएगी।

**सही साइज या फिटिंग वाली कुर्ती दें**

इसके अलावा आप जब भी टेलर को कुर्ती बनाने के लिए दें, तो अपना सही साइज वाली नाप दें। आप चाहें तो टेलर को अपनी कोई फिटिंग वाली कुर्ती का नाप दे सकती हैं। आप टेलर को बताएं कि आपको बाजू कहां तक चाहिए और कैसे डिजाइन वाला गला बनवाना चाहती हैं। इस तरह से जानकारी देने से टेलर आसानी से आपका आउटफिट तैयार कर सकेंगे।

**ब्रा लूप का इस्तेमाल**

अगर किसी टेलर से कुर्ती या फिर कोई गाउन बनवाने वाली हैं, तो कुर्ती सिलवाने के दौरान ब्रा लूप जरूर लगवाएं। ऐसा करने से ब्रा की स्ट्रिप बाहर नहीं दिखेगी और न ही आपके कंधे से कपड़ा फिसलेगा। यह टिप्स आपके आउटफिट को शानदार और परफेक्ट बना देगी। साथ ही आपको गॉर्जियस लुक पाने में मदद करेंगे। इन बातों का ध्यान रखकर आप टेलर से कुर्ती सिलवा सकती हैं।

## मानसून में ज्वैलरी को प्रोटेक्ट करने के लिए आजमाएं टिप्स



ज्वैलरी तब सबसे जल्दी खराब होती है, जब वह बारिश के पानी, पसीना या लोशन आदि के संपर्क में आती है। इसलिए, ज्वैलरी उतारते समय उसे साफ करना बेहद जरूरी है। इसके लिए आप किसी मुलायम कपड़े की मदद लें। इससे आप अपनी ज्वैलरी की चमक को बेहद आसानी से बरकरार रख पाएंगी। मानसून का मौसम सिर्फ स्किन या सेहत के लिए ही परेशानी लेकर नहीं आता है, बल्कि यह ज्वैलरी पर भी बुरा असर डाल कसता है। दरअसल, इस मौसम में नमी और उमस बढ़ जाती है और इससे ज्वैलरी पर असर पड़ता है। बरसात में सोना अपनी चमक खो देता है, चांदी काली पड़ जाती है और नकली ज्वेलरी जल्दी फीकी लगने लगती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ज्यादा नमी धातु के साथ रिएक्ट करती है, इससे उनकी पॉलिश खराब हो जाती है। बारिश का पानी और पसीना ज्वैलरी को काफी नुकसान पहुंचाता है। हालांकि, ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इस मौसम में भी आप अपनी ज्वैलरी की बेहतर केयर कर सकती हैं। बस इसके लिए आपको थोड़ी सी समझदारी दिखाने की जरूरत है। जी हां, मानसून में ज्वैलरी की केयर करना मुश्किल नहीं है। बस आपको सही तरीके के बारे में पता होना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मानसून में ज्वैलरी को प्रोटेक्ट करने के लिए कुछ आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

**सिलिका जेल पैक का करें इस्तेमाल**

अगर आप मानसून में अपनी ज्वैलरी का ख्याल रखना चाहती हैं तो ऐसे में सिलिका जेल पैक का इस्तेमाल करना अच्छा आइडिया हो सकता है। सिलिका जेल छोटे-छोटे पैकेट्स होते हैं जो हवा की नमी को सोख लेते हैं। अगर आप इन्हें अपने ज्वैलरी बॉक्स में रखेंगी तो ऐसे में बॉक्स के अंदर नमी नहीं रहेगी और ऐसे में ज्वैलरी भी खराब नहीं होगी।

**जरूर करें साफ**

ज्वैलरी तब सबसे जल्दी खराब होती है, जब वह बारिश के पानी, पसीना या लोशन आदि के संपर्क में आती है। इसलिए, ज्वैलरी उतारते समय उसे साफ करना बेहद जरूरी है। इसके लिए आप किसी मुलायम कपड़े की मदद लें। इससे आप अपनी ज्वैलरी की चमक को बेहद आसानी से बरकरार रख पाएंगी।

**नमी से दूर रखने की कोशिश करें**

बारिश के मौसम में हवा में नमी बढ़ने से ज्वैलरी के खराब होने का डर काफी बढ़ जाता है। खासतौर से, चांदी और नकली गहने जल्दी काले या हरे पड़ जाते हैं। इसलिए, इन्हें नमी से बचाने की कोशिश करें। इसके लिए एयरटाइट पाउच या बॉक्स का इस्तेमाल किया जा सकता है। साथ ही, बारिश के दिन में ज्वैलरी पहनने से बचें। अगर आप उसे पहनना ही चाहती हैं तो ऐसे में उसे बैग में कैरी करें और फिर इवेंट या पार्टी में पहुंचकर पहनें। जिससे ज्वैलरी बारिश की बूंदों के संपर्क में ना आए।

## स्टाइलिश लुक के लिए कुर्ते के साथ बेल्ट करें स्टाइल

रोजाना हम सभी कपड़े को वियर करते हैं लेकिन स्टाइलिश बिल्कुल भी नजर नहीं आते हैं। कहीं न कहीं आउटफिट पहनने में गलती कर देते हैं। अगर आप भी कुर्ता पहनकर स्टाइलिश दिखना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। कुर्ते को स्टाइलिश पहनने के लिए आप बेल्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं कैसे बेल्ट स्टाइल करें। वैसे तो लोग बेल्ट का प्रयोग जींस साथ ही करते हैं। लेकिन वे यह नहीं जानते एथनिक वियर के साथ भी बेल्ट बेहद शानदार नजर आती है। साड़ी हो या फिर कुर्ता सबके साथ बेल्ट एकदम परफेक्ट लगती है। अगर आप भी पार्टी या फेस्टिवल में जलवा बिखरना चाहती हैं, तो आप कुर्ते के साथ बेल्ट को पहन सकती है। हर लड़की के वार्डरोब में कुर्ता जरुर रखा होता है। अगर आप भी सिपंल कुर्ते में एक स्टनिंग लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो आप बेल्ट पहन सकती है। आइए आपको बताते हैं कैसे बेल्ट स्टाइल



करें।

**सही बेल्ट चुनना**

जैसा कुर्ते का रंग उसी के हिसाब से बेल्ट चुनें। सिंपल से कुर्ते के लिए मोटी, स्टेटमेंट बेल्ट चुन सकते हैं। आपको इसमें चमड़े या कढ़ाई वाली बेल्ट मिल जाएगी। वहीं भारी कढ़ाई वाले कुर्ते के लिए पतली या डेलिकेट बेल्ट सही होगी।

**कमर को हाइलाइट करें**

कुर्ते पर बेल्ट को स्टाइल करें तो कमर पर बांधे जिससे आपकी कमर हाइलाइट हो। यदि आपका कुर्ता लंबा है तो इसे हल्का ही टक करके बेल्ट लगाएं। हाई-वेस्ट बेल्ट लंबे कुर्ते के लिए सबसे बेस्ट होती है। मिड-वेस्ट के लिए बेल्ट छोटे या मध्यम लंबाई के कुर्तों के लिए परफेक्ट होती है।

**रंगों का भी ध्यान रखें**

ध्यान रखें कि बेल्ट का रंग कुर्ते के रंग से कंट्रास्ट या कॉम्प्लिमेंट्री होना चाहिए। जैसे कि काले या डार्क रंग के कुर्ते के साथ गोल्डन, सिल्वर या लाल बेल्ट अच्छी लगी है। जबकि हल्के रंग के कुर्तों के लिए बेज या ब्राउन या पेस्टल रंग की बेल्ट चुनें।

**एक्सेसरीज के साथ मैचिंग करें**

बेल्ट वियर करने के साथ ही आप जूते, बैग या गहनें भी मैच कर सकते हैं। जैसे कि गोल्डन बेल्ट के साथ गोल्डन झुमके या चूड़ियां पहनें। ट्रेडिशनल लुक के लिए कढ़ाई वाली या जरी की बेल्ट चुन सकते हैं। इसके अलावा, आप फ्यूजन लुक के लिए लेदर या मेटालिक बेल्ट ट्राई करें।

# फेस शेप के हिसाब से जानिए बैंग्स या लेयर्स कौन सा हेयर कट है बेस्ट

जब भी बात हेयरकट की होती है, तो समझ नहीं आता है कि कौन सा कट हम पर अच्छा लगेगा। सिर्फ ट्रेंड के पीछे भागकर आप वह लुक नहीं पा सकती हैं, जिसकी हमें चाहत होती हैं। क्योंकि ऐसा होता है कि जो हेयर कट आपकी दोस्त पर अच्छा लग रहा हो, वह आप पर न अच्छा लगे। हम सभी अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंटल होना चाहते हैं। इसका सबसे अच्छी तरीका है कि आप न्यू हेयर कट ले सकती हैं। जब भी बात हेयरकट की होती है, तो समझ नहीं आता है कि कौन सा कट हम पर अच्छा लगेगा। सिर्फ ट्रेंड के पीछे भागकर आप वह लुक नहीं पा सकती हैं, जिसकी हमें चाहत होती हैं। क्योंकि ऐसा होता है कि जो हेयर कट आपकी दोस्त पर अच्छा लग रहा हो, वह आप पर न अच्छा लगे। यही वजह है कि आप अपने फेस शेप के हिसाब से परफेक्ट हेयरकट चुनें।

हेयर कट में बैंग्स और लेयर्स को भी काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। यह दोनों ऐसे हेयर कट हैं, जोकि यकीनन काफी ज्यादा अच्छे लगते

**जब भी बात हेयरकट की होती है, तो समझ नहीं आता है कि कौन सा कट हम पर अच्छा लगेगा।**

हैं। लेकिन आपके फेस पर कौन सा कट ज्यादा अच्छा लगेगा, वह आमतौर पर आपके फेस शेप पर भी निर्भर करता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको अपने फेस शेप के हिसाब से बताएंगे कि आपके ऊपर कौन सा हेयर कट अच्छा लगेगा।

**राउंड फेस शेप**

राउंड फेस के लोगों के गाल भरे होते हैं और फेस छोटा और गोल नजर आता है। इसलिए हेयर कट करवाने के दौरान प्रयास करें कि न्यू हेयर कट लेने के बाद फेस थोड़ा शार्प और लंबा नजर आए। इस तरह के फेस पर ब्लंट बैंग्स नहीं करवाना चाहिए। इसकी बजाय आप साइड से



आने वाले बैंग्स करवाएं, क्योंकि यह आपके फेस को थोड़ा स्लिम दिखाते हैं।

अगर आप लेयर्स की बात करें, तो चिन के नीचे से शुरू होने से लंबे लेयर्स करवा सकती हैं, वहीं हल्का फ्रेमिंग लेयर्स भी फेस को एक शेप देते हैं। इसलिए प्रयास करें कि आप न्यू कट लेने के दौरान साइड बैंग्स के साथ फेस फ्रेमिंग लेयर्स करवाएं।

**ओवल फेस शेप**

ओवल फेस शेप के साथ आप एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। इस फेस शेप पर आप कर्टेन बैंग्स से लेकर ब्लंट बैंग्स व व्हिस्पी बैंग्स कुछ भी ट्राई कर सकती हैं। वहीं लेयरिंग में भी आपके पास शॉर्ट लेयर से लेकर लॉन्ग लेयर तक किसी भी ऑप्शन की कमी नहीं है।

**स्क्वेयर फेस शेप**

इस तरह के शेप का माथा और जॉ लाइन दोनों चौड़े होते हैं। इसलिए जब आप हेयर कट लें, तो यह कोशिश करें कि चेहरे के जॉलाइन को थोड़ा सॉफ्ट लुक मिल सके। अगर आप बैंग्स ट्राई कर रही हैं, तो ऐसे में साइड या व्हिस्पी बैंग्स करवा सकती हैं। वहीं आप कर्टेन बैंग्स भी करवा सकती हैं। हालांकि अगर आप लेयर्स करवाना चाहती हैं, तो ऐसे में चिन से नीचे की फेदर लेयर्स करवा सकती हैं। इससे फेस को बैलेंस लुक मिलेगा। आप फेदर लेयर्स के साथ साइड या कर्टन बैंग्स ट्राई कर सकती हैं।

**हार्ट फेस शेप**

हार्ट फेस शेप का फोरहेड थोड़ा अधिक चौड़ा होता है। ऐसे में हेयर कट कराने के दौरान आपको माथे को छिपाना और चिन को भरा दिखाना है। इसलिए आप कर्टेन या साइड बैंग्स के जरिए अपने माथे को कवर कर सकती हैं। ऐसे फेस शेप पर माइक्रो या बेबी बैंग्स ना करवाएं, क्योंकि इससे आपका माथा अधिक चौड़ा लगेगा। वहीं इस तरह चिन लेंथ या शोल्डर लेंथ ट्राई कर सकती हैं। इसके साथ ही नीचे से वेवी या कर्ली फेस को स्मूद शेप देते हैं।

# नेल पॉलिश रिमूवर हो गया है खत्म, तो बिना चिंता किए इन हैक्स को अपनाकर छुड़ाएं नेल पॉलिश

कई बार होता है कि घर में रखा हुआ नेल पॉलिश रिमूवर यूज करते करते खत्म हो जाता है। लेकिन हम सभी नया नेल पॉलिश रिमूवर लाना भूल जाते हैं। ऐसे में अगर आपको कहीं जाना है आपके पास रिमूवर नहीं है, तो आप इन आसान हैक्स की मदद से आप नेल पॉलिश को छुड़ा सकते हैं।

खासतौर पर महिलाओं को नेल पॉलिश लगाने का काफी शौक होता है। सांजने-सांवरने के लिए नेल पॉलिश एक अहम भूमिका निभाती है। ऑफिस हो, पार्टी, शादी फंक्शन या फिर फेस्टिवल के दौरान हम सभी नेल पॉलिश जरुर लगाते हैं। हाथों को सुंदर बनाने के लिए नेल पॉलिश अच्छी भूमिका निभाती है। ज्यादातर महिलाओं को बार-बार हाथों में नेल पॉलिश लगाने का शौक जरुर होता है। अक्सर होता है कि जब आप घर पर हो और आपके पास जो नेल पॉलिश

**खासतौर पर महिलाओं को नेल पॉलिश लगाने का काफी शौक होता है। सांजने-सांवरने के लिए नेल पॉलिश एक अहम भूमिका निभाती है।**

रिमूवर है वो खत्म हो गया है, तो ऐसे में बड़ा गुस्सा आता है कि कैसे नेल पॉलिश अपने हाथों पर लगाएं। नेल पॉलिश रिमूवर खत्म होने के बाद आप अपने हाथों पर नेल पॉलिश नहीं लगा सकते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे है कि जिनकी मदद से आप आसानी से नेल पॉलिश को रिमूव कर सकते हैं।

**नेलपॉलिश रिमूवर हैक**



जब आप नेलपॉलिश को रिमूव करते हैं, तो आपको रिमूवर की जरुरत पड़ती है।

बाजार में कई सारे नेलपेंट रिमूवर मिल जाते हैं। लेकिन कुछ मौके ऐसे आते हैं जब आपको नेलपॉलिश हटानी हो लेकिन आपके पास रिमूवर नहीं होता है। ऐसे में आप ऑॅर्डर करने की बजाय घर में पड़े इन सामान की मदद से नेलपेंट का आसानी से छुटा सकते हैं।

**परफ्यूम या डियो का इस्तेमाल**

आपके घर में डियो या परफ्यूम जरुर होगा। तो आप डियो या परफ्यूम को यूज करके नेल पॉलिश को रिमूव कर सकते हैं। नेल पर परफ्यूम या डियो को स्प्रे करें और कॉटन से साफ करें।

**हैंड सेनेटाइजर**

यदि आपके पास पर्स या घर पर हैंड सेनेटाइजर है, तो आप इसके यूज से नेलपॉलिश को रिमूव कर सकते हैं। इसके लिए आप हल्का सा स्प्रे नेल पर करें और कॉटन से क्लीन कर दें।

**हेयरस्प्रे**

हेयर स्प्रे में एल्कोहल पाया जाता है। इसकी मदद से आप नेलपॉलिश को आसानी से छुड़ा सकते हैं। बस आपको अपने नेल्स पर स्प्रे करना है और फिर कॉटन से इसको साफ करें।

**टॉप कोट नेलपॉलिश**

यदि आपके पास कुछ भी नहीं है तो आप टॉप कोट वाली नेलपेंट लगाकर तुरंत कॉटन से छुड़ा सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपकी नेलपॉलिश छूट जाएगी।

**विनेगर और लेमन जूस**

इसके अलावा आप विनेगर और लेमन जूस का प्रयोग कर सकते हैं। विनेगर और लेमन जूस को मिलाकर उसमे नेल्स को रगड़ने से नेलपॉलिश छूट जाएगी।

**अल्कोहल का इस्तेमाल**

नेलपॉलिश रिमूव करने के लिए आप अल्कोहल को नेल्स पर रब कर सकते हैं। अल्कोहल कपड़े के धब्बे छुड़ाने में मदद करता है। इसलिए आप कॉटन की मदद से इसे नेलपॉलिश के ऊपर रगड़ के साफ कर सकते हैं।

## डार्क नेक और घुटनों का कालापन होगा दूर
## इस घरेलू स्किन केयर नुस्खों से पाएं बेदाग स्किन

गर्दन, घुटनों और घुटनों के कालेपन का समाधान आपकी रसोई में ही मौजूद है। बेसन, दही और कॉफी से बना यह पेस्ट एक असरदार उपाय है, जो त्वचा की डार्कनेस को कम करता है। बेसन एक प्राकृतिक क्लींजर है, दही लैक्टिक एसिड से स्किन को एक्सफोलिएट करता है और कॉफी डेड स्किन को रंगत निखारती है। यह मिश्रण त्वचा को साफ और चमकदार बनाता है।

क्या आप भी अपनी काली गर्दन, घुटनों और घुटनों से परेशान हैं? अक्सर इस वजह से कई लोग अपने पसंदीदा कपड़े नहीं पहनते हैं। ऐसे में अब आपको शर्मिंदा होने की ज़रूरत नहीं है। भरपूर है कि हम सब अपने चेहरे को चमकाने में लगे हैं। हालांकि शरीर के इन हिस्सों पर जमा जिद्दी कालापन हमारे पूरे लुक को खराब कर देता है। ऐसे में महंगे सैलून ट्रीटमेंट और केमिकल वाले लोशन पर हजारों रुपये खर्च करने की कोई ज़रूरत नहीं है। इसके लिए आपकी रसोई में रखी हुई चीजें बहुत काम की है। इस उपाय के करने से रातों-रात नहीं, चांद दिनों में जादू जरूर दिखा सकता है। एक्सपोर्ट्स ने बताया है कि काली गर्दन, घुटनों और घुटनों की स्किन को अनइनवन और ड्राई दिखाना है, लेकिन कई बार इसका इलाज महंगे प्रोडक्ट्स में नहीं, बल्कि किचन में छिपा होता है। इस उपाय के जरिए आप डार्कनेस कम करने, डेड स्किन हटाने और स्किन को साफ व निखार बनाने में मदद करता है।

**कालापन दूर करने वाला पेस्ट की सामग्री**

- 1 चम्मच बेसन
- 1 चम्मच दही
- 1 पैक (या 1 चम्मच) कॉफी

पेस्ट्री बनाने और लगाने का तरीका

- तीनों चीजों को अच्छी तरह मिलाकर सुखाने वाला पेस्ट बना लें।
- इस पेस्ट को गर्दन, कोहनी और घुटनों पर लगाएं।
- 10-15 मिनट तक सूखने दें।
- हल्के हाथों से स्क्रब करते हुए स्क्रब करें।
- इसे आप हफ्ते में 2 बार रेगुलर इस्तेमाल करें।

**यह पेस्ट क्यों असरदार है?**

- बेसनः बेसन एक नेचुरल क्लींजर है। यह त्वचा से गंदगी, एक्स्ट्रा ऑयल और जमी हुई डेड स्किन को हटाता है। रेगुलर इस्तेमाल से टैनिंग कम होती है और स्किन घुलनशील व चमकदार नजर आने लगती है।
- दहीः दही त्वचा को लैक्टिक एसिड त्वचा को हल्के से एक्सफोलिएट करता है और पिगमेंटेशन कम करने में मदद करता है।
- कॉफीः कॉफी में एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा का ज्यादा होती है और नेचुरल स्क्रब का काम करती है। यह डेड स्किन ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करती है और काली व रफ स्किन को धीरे-धीरे कम करती है।

## सियासी दलों की एक चरण में तमिलनाडु चुनाव कराने की मांग

**चेन्नई।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने चेन्नई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तमिलनाडु के चुनावी इतिहास और आगामी चुनावों से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि तमिलनाडु में पार्टियों ने विधानसभा चुनाव एक ही चरण में कराने का सुझाव दिया है और इस पर सभी कारकों पर विचार करने के बाद फैसला लिया जाएगा।

उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग का चुनाव के चरणों को लेकर निर्णय चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने राज्य के गौरवशाली लोकतांत्रिक अतीत का उल्लेख करते हुए प्राचीन कुडवोलाई प्रणाली का भी जिक्र किया, जो दर्शाता है कि लोकतंत्र की जड़ें तमिलनाडु में कितनी गहरी हैं।

सीईसी ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का जिक्र कर चुनाव आयोग के पारदर्शी उद्देश्य पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी योग्य व्यक्ति को मतदान प्रक्रिया से बाहर नहीं रखा जाएगा और न ही किसी अयोग्य व्यक्ति को शामिल होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करेगा कि चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी हों। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि तमिलनाडु में सभी 75,000 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

चुनाव आयोग की ओर से तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को और अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए कई नई पहलों की घोषणा की गई। इनमें से एक प्रमुख पहल यह है कि पोस्टल बैलेट की गिनती इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की मतगणना से दो चरण पहले की जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह भी स्पष्ट किया गया कि वीवीपैट की गिनती अनिवार्य रूप से की जाएगी।

## नौसेना को एक और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत मिला

### अब कांपेंगे भारत के दुश्मन, युद्धपोत अंजदीप के शामिल होने से बढ़ी नौसेना की ताकत




**चेन्नई।** भारतीय नौसेना की समंदर में ताकत बढ़ चुकी है। नौसेना को एक और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत अंजदीप मिल गया है। उथले पानी में काम करने की क्षमता वाले आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों की श्रृंखला का यह तीसरा युद्धपोत 27 फरवरी को चेन्नई में नौसेना में शामिल किया गया। इस समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल हुए। यह जहाज कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया है।

यह पोत डॉल्फिन हंटर के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें नष्ट करना है। यह पोत स्वदेशी, अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली से लैस है। चेन्नई बंदरगाह पर आयोजित एक आधिकारिक समारोह में एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से जहाज को कमीशन किया।

**किस पर रखा गया युद्धपोत का नाम अंजदीप?**

अंजदीप नाम कर्नाटक के कारवार तट के पास स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है। यह युद्धपोत 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ बना है। इससे देश की रक्षा निर्माण क्षमता को बल मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। अंजदीप नौसेना के इसी नाम वाले पुराने युद्धपोत का नया अवतार है। पुराना युद्धपोत 2003 में रिटायर हो गया था।

77 मीटर लंबे इस जहाज में एक हाई-स्पीड वाटर-जेट प्रोपल्शन सिस्टम लगा है, जो इसे त्वरित प्रतिक्रिया और निरंतर संचालन के लिए 25 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। नौसेना ने कहा कि कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित, आईएनएस अंजदीप एक अत्याधुनिक पोत है जिसे विशेष रूप से तटीय युद्ध वातावरण की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है।

पनडुब्बी रोधी युद्ध की भूमिका के अलावा यह युद्धपोत तटीय निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों और खोज एवं बचाव अभियानों को अंजाम देने के लिए भी सुसज्जित है।

**मुख्य विशेषताएं**

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इसे डॉल्फिन हंटर के रूप में डिजाइन किया गया है।

जो तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बी का पता लगाकर उसे निष्क्रिय करने में सक्षम है।

करीब 77 मीटर लंबे इस श्रेणी के युद्धपोत वॉटरजेट से चलने वाले नौसेना के अब तक के सबसे बड़े युद्धपोत हैं।

इनमें अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी पनडुब्बी रोधी रॉकेट और उथले पानी में काम करने वाला सोनार सिस्टम लगाया गया है।

इससे समुद्र के काफी अंदर तक मौजूद दुश्मन के खतरों का पता लगाने और उनको नष्ट करने की क्षमता बढ़ेगी।

## बंगाल: एक साथ चार विधानसभाओं से शुरू होगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा पर पेंच फंस गया है। 2 मार्च को अमित शाह इसे हरी झंडी दिखाने वाले हैं, लेकिन पुलिस से अनुमति नहीं मिलने के बाद पार्टी ने कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने राज्यभर में 'परिवर्तन यात्रा' निकालने की तैयारी तेज कर दी है। पार्टी के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2 मार्च को इस यात्रा को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाएंगे। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, अमित शाह 1 मार्च को रात करीब 10 बजे कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद वे प्रदेश नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति और संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा करेंगे। भाजपा नेताओं के अनुसार, 2 मार्च की सुबह दक्षिण 24 परगना जिले के रायदिघी विधानसभा क्षेत्र से परिवर्तन यात्रा का औपचारिक शुभारंभ होगा। यहां अमित शाह कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इसी दिन राज्य के चार अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से चार समानांतर परिवर्तन यात्राएं एक साथ शुरू की जाएंगी। इधर, राज्य पुलिस ने परिवर्तन यात्रा के लिए अनुमति नहीं दी है। इसके बाद भाजपा ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पार्टी ने 22 फरवरी को संबंधित थानों में अनुमति के लिए आवेदन दिया था, लेकिन मंजूरी नहीं मिलने पर अदालत में याचिका दायर की गई। सूत्रों के अनुसार, जस्टिस शुभ्रा घोष की अदालत में मामले की सुनवाई होने की संभावना है। भाजपा का कहना है कि वह कानूनी प्रक्रिया के तहत अनुमति हासिल कर कार्यक्रम को सफल बनाएगी। राज्य की सियासत में इस घोषणा के बाद हलचल तेज हो गई है। अब सबकी नजरें अदालत के फैसले और अमित शाह के प्रस्तावित दौरे पर टिकी हैं।

## कोलकाता में भूकंप के ज़ोरदार झटके

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के टाकी से 26 km दक्षिण-पूर्व में था। भूकंप दोपहर 1:22 बजे पर 9.8 km की गहराई पर आया, जिसका कोऑर्डिनेट 22.451°N और 89.139°E था। अधिकारियों ने अभी तक किसी नुकसान या मौत की सूचना नहीं दी है। शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे कोलकाता में ज़ोरदार भूकंप आया, जिसके झटके पूरे शहर में महसूस किए गए। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंपीय डेटा ने भूकंप की पुष्टि की है, प्रारंभिक रिपोर्ट में इसकी तीव्रता 5.3 बताई गई है। SGS ने बताया कि भूकंप का केंद्र पश्चिम बंगाल के टाकी से 26 km दक्षिण-पूर्व में था। भूकंप दोपहर 1:22 बजे पर 9.8 km की गहराई पर आया, जिसका कोऑर्डिनेट 22.451°N और 89.139°E था। अधिकारियों ने अभी तक किसी नुकसान या मौत की सूचना नहीं दी है।

## केजरीवाल-सिसोदिया को बरी करने वाली कोर्ट का बड़ा फैसला

### दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले के सीबीआई अफसर पर होगी जांच

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज जॉनसन ने जांच अधिकारी के खिलाफ जांच का आदेश दिया है, जिसने कथित तौर पर सरकारी कर्मचारी कुलदीप सिंह को मामले में आरोपी नंबर एक बनाया था। कुलदीप सिंह उस समय डिप्टी कमिश्नर ऑफ एक्साइज के तौर पर काम कर रहे थे। दिल्ली की कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के उस अधिकारी के खिलाफ डिपार्टमेंटल जांच का आदेश दिया, जिसने दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले की जांच की थी। इस मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को आज बरी कर दिया गया। राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज जॉनसन ने जांच अधिकारी के खिलाफ जांच का आदेश दिया है, जिसने कथित तौर पर सरकारी कर्मचारी कुलदीप सिंह को मामले में आरोपी नंबर एक बनाया था। कुलदीप सिंह उस समय डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ एक्साइज के तौर पर

**सस्पेक्ट्स**

**कोर्ट ने जांच अधिकारी के इस तरीके पर भी गंभीर चिंता जताई कि कुछ लोगों को सस्पेक्ट्स के कॉलम में रखा गया**

काम कर रहे थे। जेजे सिंह ने कोर्ट में कहा कि मैं ए1 [सिंह] को आरोपी बनाने के संबंध में डिपार्टमेंटल जांच की सिफारिश कर रहा हूं। कोई सबूत नहीं है। मैं दोहरा रहा हूं, कोई सबूत नहीं है, और आपने उन्हें आरोपी नंबर 1 बनाया है। एक डिटेल्ड ऑर्डर में, जज ने कहा कि आईओ की जांच पहले से सोची-समझी और कोरियोग्राफ की गई थी और सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ आरोप बिना किसी भेदभाव के जांच का मकसद




नहीं थे, बल्कि पहले से बनी कहानी में फिट करने के लिए बनाए गए थे। कोर्ट ने जांच अधिकारी के इस तरीके पर भी गंभीर चिंता जताई कि कुछ लोगों को सस्पेक्ट्स के कॉलम में रखा गया, जबकि साथ ही उन्हें चार्जशीट में सरकारी गवाह के तौर पर बताया गया। खास तौर पर, कोर्ट ने उस समय के एक्साइज कमिश्नर अरवा गोपी कृष्ण और उस समय के डिप्टी कमिश्नर आनंद कुमार तिवारी का जिक्र किया, जिन्हें सस्पेक्ट्स के तौर पर लिस्ट किया गया था। कोर्ट ने कहा कि कृष्णा को उसी समय सरकारी गवाह नंबर 74 के तौर पर बताया गया था, और इस तरीके को शक वाला और चिंता की बात बताई। कोर्ट ने कहा कि इस विरोधाभासी बात को प्रोसेस में गड़बड़ी कहकर नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। यह एक सोची-समझी और सोची-समझी चाल दिखाती है, जिससे जांच अधिकारी ने बताई कहानी को ढीला रखने की कोशिश की है, प्रॉसिक्यूशन केस को मजबूत करने के लिए व्यक्ति के बयान पर भरोसा किया है, और साथ ही यह ऑप्शन भी रखा है कि अगर केस, जैसा बताया गया है, ज्यूडिशियल जांच में फेल हो जाता है, तो उसी व्यक्ति को फंसाया जा सकता है। इसमें ज़ोर देकर कहा गया कि इस तरह की दोहरी व्यवस्था से साफ पता चलता है कि जांच अधिकारी को शुरू से ही लगाए जा रहे आरोपों की अंतरिम जमानत का पता था और उन्हें डर था कि कोर्ट के सामने रखा गया, शायद करीबी न्यायिक जांच में टिक न पाए। इसके अलावा, कोर्ट ने कहा कि सीबीआई ऑफिसर के तरीके से एंटीसिपेटरी मैनिपुलेशन का पता चला, जिसे सच का पता लगाने में कोर्ट की मदद करने के बजाय जांचकर्ता को बचाने के लिए डिजाइन किया गया था।

## मुंबई में विदेशी महिला से छेड़छाड़, वीडियो वायरल होने पर एक्शन में आई पुलिस

**मुंबई।** भारत की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई में एक विदेशी महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस घटना की वजह से भारत में पर्यटकों की सुरक्षा के मुद्दे पर एक बार फिर से चर्चा छिड़ गई है। सोशल मीडिया पर लोग इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

महाराष्ट्र के मुंबई में एक विदेशी महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महिला ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर दो लोगों पर आरोप लगाए हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने दोनों संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना दक्षिण मुंबई में हुई, जहां दो अज्ञात व्यक्तियों पर कथित तौर पर महिला का पीछा करने और बार-बार मना करने के बावजूद तस्वीरें लेने का प्रयास करने का आरोप है।

पीड़िता की पहचान इनस फरीया के रूप में हुई है, जो एक यूट्यूबर हैं। फरीया पिछले दो महीनों से भारत की यात्रा कर रही हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट में बताया कि भारत में उनका अधिकांश अनुभव सुखद और स्वागतपूर्ण रहा है, लेकिन यह घटना अलग थी।

फरीया के अनुसार, दोनों संदिग्धों ने लगभग 15 मिनट तक उनका पीछा किया और बार-बार ना कहने के बावजूद सेल्फी लेने पर अड़े रहे। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें असहज महसूस हुआ और वे काफी आक्रामक थे। एक समय तो उन्हें जगह बनाने के लिए शारीरिक रूप से उन्हें दूर धकेलना पड़ा। मुंबई पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि स्थानीय पुलिस और उप पुलिस आयुक्त (जोन 3) ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि संदिग्धों की तलाश जारी है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस वर्तमान में संदिग्धों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए काम कर रही है।

## ईरान पर सैन्य कार्रवाई को लेकर जेडी वेंस बोले- अमेरिका नहीं बनेगा मध्य पूर्व में किसी लंबे युद्ध का हिस्सा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एयर फोर्स टू पर वॉशिंगटन पोस्ट को दिए एक विशेष साक्षात्कार में महत्वपूर्ण बयान दिया है। वेंस ने उन आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया कि अमेरिका मध्य पूर्व में किसी लंबे युद्ध का हिस्सा बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के विरुद्ध नए सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हों, लेकिन अमेरिका के एक और लंबे क्षेत्रीय संघर्ष में शामिल होने की कोई संभावना नहीं है।

एयर फोर्स टू में वॉशिंगटन पोस्ट को दिए साक्षात्कार में वेंस ने कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य हमले अभी भी विचाराधीन हैं, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि ऐसी कार्रवाई वर्षों तक चलने वाले संघर्ष में तब्दील हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सोचना कि हम मध्य पूर्व में वर्षों तक बिना किसी अंत के युद्ध में उलझे रहेंगे, इसकी कोई संभावना नहीं है।

जेडी वेंस ने आगे कहा कि उन्हें



नहीं पता कि ट्रंप आखिरकार क्या निर्णय लेंगे। विकल्पों में ईरान को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकने के लिए सैन्य हमले करना या समस्या का कूटनीतिक समाधान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी कूटनीतिक विकल्प को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन यह वास्तव में इस बात पर निर्भर करता है कि ईरानी क्या करते हैं और क्या कहते हैं।

ईरान के चारों ओर अमेरिकी सेना की भारी तैनाती के बीच गुरुवार को जिनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता जारी रही। लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। मध्यस्थों ने कहा कि बातचीत अगले सप्ताह जारी रहेगी। ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि वे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को सत्ता से हटाने के लिए सत्ता परिवर्तन में रुचि रखते हैं। उन्होंने इस महीने पत्रकारों से कहा था कि यह सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है।

इराक युद्ध में अपनी सेवाएं दे चुके 41 वर्षीय पूर्व मरीन सैनिक वेंस ने एक बार फिर अपनी विदेश नीति संबंधी सोच स्पष्ट की है। उन्होंने पहले भी स्वयं को विदेशी सैन्य हस्तक्षेपों को लेकर संशय की दृष्टि रखने वाला बताया था। गुरुवार को उन्होंने दोहराया कि आज भी उनके विचारों में कोई परिवर्तन नहीं आया है और वे इसी रुख पर कायम हैं। वेंस का कहना है कि उनका मानना है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सोच भी इसी दिशा में रही है।

उन्होंने कहा, देखिए, जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका फर्स्ट राष्ट्रपति हैं, और वे ऐसी नीतियां अपनाते हैं जो अमेरिकी जनता के हित में हैं। उन्होंने अतीत की गलतियों को दोहराने के प्रति आगाह किया।

## जो होना है, वह हमने बता दिया, यूरेनियम संवर्धन पर ईरानी विदेश मंत्री अराघची की अमेरिका को दो टूक

**जिनेवा।** अमेरिका का आकलन है कि ईरान ने अभी तक हथियार कार्यक्रम फिर से शुरू नहीं किया है, लेकिन उसने ऐसे कदम उठाए हैं जो भविष्य में परमाणु हथियार बनाने की स्थिति में उसे सक्षम बना सकते हैं। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है।

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के दौरान जिनेवा में दोनों देशों ने वार्ता की। कई घंटों की बैठक के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि यह गहरी चिंता भरी लंबी बातचीतों में से एक है। जिनेवा में अब तक हुई इन चर्चाओं के बाद कोई समझौता नहीं हो सका, जिससे पश्चिम एशिया में फिर से युद्ध की आशंका बनी हुई है।

अब्बास अराघची ने गुरुवार को ईरानी सरकारी टीवी से बातचीत में कहा कि जो कुछ होना है, वह हमारी ओर से साफ कर दिया गया है। हालांकि उन्होंने बातचीत के विवरण



साझा नहीं किए। अमेरिकी पक्ष की ओर से भी तत्काल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई और व्हाइट हाउस ने भी प्रतिक्रिया नहीं दी।

जिनेवा में हुई कई घंटों की अप्रत्यक्ष वार्ता के बावजूद दोनों पक्षों के बीच कोई समझौता नहीं हो सका। वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने कहा कि बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हालांकि, उन्होंने भी विस्तार से जानकारी नहीं दी। आगे की वार्ता का दौर अगले सप्ताह वियना में होगा, जहां अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का मुख्यालय स्थित है।

वार्ता समाप्त होने से ठीक पहले ईरानी सरकारी टीवी ने बताया कि तेहरान यूरेनियम संवर्धन जारी रखने के अपने अधिकार पर अडिग है और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध हटाने की मांग कर रहा है। यह रुख अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मांगों से अलग माना जा रहा है। ट्रंप की मांग है कि ईरान यूरेनियम संवर्धन, लंबी दूरी की मिसाइल कार्यक्रम पूरी तरह रोके। इसके साथ ही हमास और हिजबुल्लाह जैसे समूहों को समर्थन देना बंद करे। वहीं, ईरान का कहना है कि वह केवल परमाणु मुद्दे पर बात करेगा।

**अराघची ने फिर दी चेतावनी**

अराघची ने एक साक्षात्कार में फिर से चेतावनी दी कि अगर अमेरिका हमला करता है तो क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकाने वैध लक्ष्य माने जाएंगे और इससे व्यापक क्षेत्रीय युद्ध छिड़ सकता है। उन्होंने इसे बहुत डरावना बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में किसी की जीत नहीं होगी।

## तालिबान का पाकिस्तान पर बड़ा हमला, इस्लामाबाद के पास आर्मी कैंप को ड्रोन से उड़ाया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अफगान तालिबान ने ड्रोन से हवाई हमले करने का दावा किया है। तालिबान के रक्षा मंत्रालय और एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी दी कि उन्होंने पाकिस्तान में सैन्य ठिकानों पर ड्रोन से सफल हवाई हमले किए हैं। वहीं, पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि आतंकियों ने ड्रोन का इस्तेमाल करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें एंटी-ड्रोन सिस्टम से मार गिराया गया और इसमें किसी भी तरह का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री ने जानकारी दी है कि पाकिस्तानी तालिबान ने ड्रोन से हमले करने की कोशिश की थी। उन्होंने बताया कि सभी ड्रोन को मार गिराया गया और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर तोरखम के पास ओमारी कैंप में रात भर हुए एक मोर्टार हमले के बाद डरावना और अफरातफरी का माहौल है। समाचार एजेंसी एएफपी से बात करते हुए एक 65 वर्षीय व्यक्ति गंदर खान ने बताया, ÷बच्चे, महिलाएं और बूढ़े लोग भाग रहे थे। मैंने खून देखा, हमले में दो-तीन बच्चे और दो-तीन महिलाएं घायल हुईं।÷ एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि दहशत के कारण कई बच्चे लापता हो गए और लोग डर के मारे अपने कागज, पैसे और सहायता राशि तक छोड़कर भाग गए।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर जारी संघर्ष को लेकर दोनों तरफ से बड़े दावे किए जा रहे हैं। विभिन्न समाचार एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने कहा है कि लड़ाई में 133 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 200 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, तालिबान सरकार ने अपने 8 लड़ाकों के मारे जाने और 11 के घायल होने की जानकारी दी है। तालिबान ने यह भी दावा किया है कि उसने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया और दो सैन्य ठिकानों समेत 19 चौकियों पर कब्जा कर लिया है। हालांकि, पाकिस्तान ने अपने केवल दो सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि की है।

## न्यूयॉर्क के मेयर ममदानी ने राष्ट्रपति ट्रंप से की मुलाकात, दिया नकली अखबार

**वॉशिंगटन।** ट्रंप के साथ बैठक में ममदानी ने अजरबैजान की कोलंबिया विश्वविद्यालय की छात्रा एली अघायेवा की हिरासत का मुद्दा भी उठाया। छात्रा को संघीय आव्रजन एजेंटों ने गिरफ्तार किया था। ममदानी ने ट्रंप से अघायेवा को रिहा करने पर विचार करने का आग्रह किया। व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के कुछ ही समय बाद एक फोन कॉल में ट्रंप ने मेयर को बताया कि अघायेवा को रिहा कर दिया जाएगा। यह रणनीति डोनाल्ड ट्रंप को लुभाने के लिए बनाई गई है, जो अपनी मीडिया कवरेज को लेकर काफी चौकन्ने रहते हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक मेयर के बीच पिछले साल हुई पहली मुलाकात के बाद से सौहार्दपूर्ण संबंध बने हुए हैं। जोहरान ममदानी की संचार निदेशक अन्ना बहर ने बताया कि मेयर की टीम ने ट्रंप को दिखाने के लिए एक नकली मुखपृष्ठ और सुर्खियां तैयार कीं। जिससे उन्हें पता चले कि नए संघीय आवास निवेश से किस तरह की प्रतिक्रिया हो सकती है। नकली न्यूयॉर्क डेली न्यूज के मुखपृष्ठ पर लिखा है, ट्रंप ने शहर से कहा÷ चलो निर्माण करें। यह 1975 के उस मशहूर मुखपृष्ठ का एक व्यंग्यात्मक रूप है, जिस पर लिखा था, फोर्ड ने शहर से कहा मर जाओ। जो जेराल्ड फोर्ड की ओर से शहर को वित्तीय सहायता पर रोक लगाने की कसम का संदर्भ था। न्यूयॉर्क के मेयर ने ट्रंप के साथ अखबारों के पहले पन्नों वाली बैठक की तस्वीर अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट की। बहर ने कहा कि ट्रंप, ममदानी के प्रस्ताव को लेकर बेहद उत्साहित थे। इस प्रस्ताव के तहत क्वींस के सनसाइड यार्ड में रेल यार्ड के ऊपर एक डेक बनाने के लिए 21 अरब डॉलर से अधिक के संघीय अनुदान प्राप्त करके 12,000 नए किफायती घर बनाए जा सकेंगे। मेयर कार्यालय का अनुमान है कि इस परियोजना से 30,000 नौकरियां पैदा हो सकती हैं और यह पिछले 50 वर्षों में आवास और बुनियादी ढांचे में किया गया सबसे बड़ा निवेश होगा। बहर ने बताया कि जब ट्रंप और ममदानी की आखिरी मुलाकात नवंबर में हुई थी, तब राष्ट्रपति ने ममदानी को न्यूयॉर्क शहर में मिलकर बड़ी-बड़ी चीजें बनाने के विचार के साथ उनके पास वापस आने के लिए प्रोत्साहित किया था।

## जम्मू-कश्मीर पर दुष्प्रचार फैलाने वाले पाकिस्तान को कड़ी फटकार, भारतीय प्रतिनिधि ने लिया आड़े हाथ



**संयुक्त राष्ट्र।** मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 61वें नियमित सत्र के दौरान भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर आईना दिखाते हुए उसे भ्रम की दुनिया में रहने वाला देश बताया है। भारत ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के लिए शायद यह यकीन करना असंभव है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का विकास बजट, इस्लामाबाद की ओर से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मांगे गए हालिया आर्थिक पैकेज से दोगुने से अधिक है।

जिनेवा में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने उत्तर देने के अधिकार का उपयोग करते हुए यह तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जिस देश में नागरिक सरकारें बमुश्किल ही अपना कार्यकाल पूरा कर पाती हैं, वहां से लोकतंत्र पर उपदेश लेना हास्यास्पद और खोखला प्रतीत होता है। सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के आम चुनावों और विधानसभा चुनावों में हुआ रिकॉर्ड मतदान इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि वहां की जनता ने पाकिस्तान की ओर से प्रायोजित आतंकवाद और हिंसा की विचारधारा को पूरी तरह नकार दिया है।

भारत ने फिर वैश्विक मंच पर यह दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। सिंह ने कहा कि अब एकमात्र लंबित विवाद पाकिस्तान की तरफ से भारतीय क्षेत्रों पर किया गया अवैध कब्जा है। पाकिस्तान को उन क्षेत्रों को तुरंत खाली कर देना चाहिए। ओआईसी जैसे संगठन पाकिस्तान के दुष्प्रचार का जरिया बनकर अपनी निष्पक्षता खो रहे हैं।

पाकिस्तानी दुष्प्रचार पर कड़ा प्रहार करते हुए भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि पिछले वर्ष जम्मू-कश्मीर में उद्घाटित दुनिया का सबसे ऊंचा चेनाब रेल ब्रिज नकली है तो निश्चित रूप से पाकिस्तान मतिभ्रम का शिकार है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि जहां पाकिस्तान अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए आईएमएफ से गुहार लगा रहा है।

# भारत सरकार ने फर्जी भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के संचालन पर लगाई रोक

- खेल मंत्रालय के निर्देश से रविकांत चौहान की गतिविधियों पर एक्शन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भारतीय दिव्यांग क्रिकेट के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक घटनाक्रम सामने आया है। भारत सरकार के खेल मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से संज्ञान लेते हुए उस तथाकथित ÷भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम÷ के संचालन को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश जारी किए हैं, जिसका संचालन डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के सचिव रविकांत चौहान द्वारा किया जा रहा था।

सरकारी स्तर पर प्राप्त जानकारी और शिकायतों की जांच के बाद यह पाया गया कि रविकांत चौहान द्वारा संचालित टीम अधिकृत नहीं थी और इसका संचालन नियमों एवं अधिकार क्षेत्र के विपरीत किया जा रहा था।

उल्लेखनीय है कि संबंधित संस्था कर्नाटक सोसायटी अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत है, जिसका कार्यक्षेत्र केवल कर्नाटक राज्य तक सीमित है, जबकि इसके बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के नाम से गतिविधियां संचालित की जा रही थीं।

इस संबंध में दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा पूर्व में भी संबंधित अधिकारियों को कई बार चेतावनी और आपत्ति दर्ज कराई गई थी। इसके अतिरिक्त, रविकांत चौहान की मूल संस्था फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा भी उन्हें पद से बर्खास्त किया जा चुका है। डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों द्वारा भी स्पष्ट किया गया कि रविकांत चौहान अब संस्था के सदस्य नहीं रहे हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए इस संबंध में प्रधानमंत्री के शिकायत पोर्टल पर भी औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि संबंधित टीम का संचालन अधिकृत नहीं है और इसे तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के सचिव हारून रशीद ने इसे सत्य और न्याय की बड़ी जीत बताया। उन्होंने कहा, यह दिव्यांग क्रिकेट के हितों की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

# अपना दल का धरना, यूजीसी लागू करने की मांग

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अपना दल (कमेरावादी) के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रयागराज जिले के सिविल लाइंस स्थित पत्थर गिरजाघर धरना स्थल पर एक विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने एक सूत्रीय मांग रखते हुए यूजीसी एक्टिव रेगुलेशन 2026 को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की।

धरने में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी प्रयागराज के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रदेश में यूजीसी रेगुलेशन 2026 लागू करने की मांग की गई।

धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट दिलीप पटेल, प्रदेश अध्यक्ष बौद्धिक मंच मोहम्मद अबरार, जिला अध्यक्ष गंगा पार अरुण पटेल तथा जिला अध्यक्ष जमुना पार एडवोकेट रमेश चंद्र पटेल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए एडवोकेट दिलीप पटेल ने कहा कि सरकार यूजीसी का नाम लेकर उसके मूल उद्देश्यों का हनन कर रही है, जबकि उसे सही मायनों में लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूजीसी रेगुलेशन 2026 ओबीसी, एससी, एसटी, विकलांगजनों, गरीब महिलाओं और अन्य वंचित वर्गों के लिए एक वरदान साबित हो सकता है, लेकिन सत्ता में बैठे लोग इसे लागू करने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक

- हाईकोर्ट से मिली शंकराचार्य को अंतरिम राहत

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को हाई कोर्ट से अंतरिम राहत मिल गई है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की बेंच ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत की याचिका पर फैसला रिजर्व करते हुए फिलहाल उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि आदेश सुनाए जाने तक उनकी गिरफ्तारी नहीं होगी। इस आदेश के बाद पुलिस फिलहाल स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। हालांकि कोर्टद ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जांच में सहयोग करने को भी कहा है। अब सभी की नजरें कोर्ट के अंतिम फैसले पर टिकी हैं। हाई कोर्ट में शुक्रवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मामले में अग्रिम जमानत की पोषणीयता पर बहस हुई। इसमें राज्य सरकार और शिकायतकर्ता के अधिवक्ताओं ने अग्रिम जमानत का विरोध किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने दलीलें पेश कीं। उनकी ओर से शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी की क्रिमिनल हिस्ट्री की जानकारी दी गई। कोर्ट में इस मामले में दर्ज एफआईआर को भी पढ़ा गया। एक बच्चे के बारे में कहा गया कि वह मार्कशीट में बालिग है। उधर, शिकायतकर्ता की ओर से हाई कोर्ट में पेश हुए अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत का विरोध किया। दोनों पक्षों के वकीलों के बीच हुई जिरह को सुनने के बाद कोर्ट ने अग्रिम जमानत पर अपना फैसला सुनाया। सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता ने अपनी दलीलें पेश कीं। उन्होंने भी अग्रिम जमानत का विरोध किया। बता दें कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, मुकुंदानंद और दो-तीन अन्य लोगों के खिलाफ दो बटुकों की ओर से पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज होने के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। पुलिस द्वारा एफआईआर न किए जाने पर आशुतोष ब्रह्मचारी ने 173 (4) के तहत जिला अदालत में याचिका दाखिल की थी। रेप एंड पोक्सो स्पेशल कोर्ट के जज विनोद कुमार चौरसिया के आदेश के बाद झुंसी थाने की पुलिस ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, मुकुंदानंद और दो-तीन अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

# विधायक ने सीसी मार्ग का किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के अतरौलिया विकासखण्ड के दादर गांव में विधान परिषद सदस्य बलराम यादव एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. संग्राम यादव द्वारा सीसी मार्ग का लोकार्पण किया गया। दादर में 220 मीटर का सीसी मार्ग विधायक निधि से बनवाया गया। विधायक डॉ. संग्राम यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश सरकार की सरकार जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। यह सरकार हमें धर्म और जाति में बांटने काम कर रही है। भारत की आत्मा गांव में बसती है। अगर देश को सशक्त बनाना है तो पहले गांव को नगर पंचायत जैसी सुविधा देने की जरूरत है। आज यह सरकार गरीब तबके के लोगों को शिक्षा से दूर करना चाहती है।

इस दौरान विधायक डॉक्टर संग्राम यादव ने शंकराचार्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानन्द का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा हमें इस सरकार को उखाड़ फेंकना है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख अतरौलिया चन्द्रशेखर यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे विधायक अपने विधानसभा के हर गांव को मुख्य मार्गो से जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस कड़ी में हर गांव में सीसी मार्ग का लोकार्पण कर रहे है। यही नहीं क्षेत्र के जो भी गरीब परिवार गम्भीर बीमारियों से जूझ रहा है उन्हें अपनी विधायक निधि से आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रजीत यादव ने आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचेत राजभर ने की। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा से सूद समेत हिसाब लेगी। इस दौरान उन्होंने देश व प्रदेश में बढ़ रहे अपराध पर चिंता व्यक्त की। जिला पंचायत सदस्य शीतला प्रसाद निषाद ने कहा कि भाजपा देश को गर्त में ले जा रही है। आने वाले समय मे जनता उन्हें जबाब देगी। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश यादव ने किया। इस मौके पर सपा नेता प्रधान बलराम यादव, बृजराज यादव, परमेन्द्र यादव इरशाद अहमद, चन्द्रदेव राजभर, अभिषेक यादव उर्फ लालू, घनानंद गिरी, उमाकांत यादव, राजेश, राजेन्द्र यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्कूली वाहन के चालकों/परिचालकों को डीएम ने निःशुल्क चश्मा का किया वितरण



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा माह के दौरान नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में परीक्षणोपरान्त चश्मा हेतु योग्य पाये गये 257 स्कूली वाहन के चालकों/परिचालकों को निःशुल्क चश्मा का वितरण किया। जिलाधिकारी ने चालकों/परिचालकों को सम्बोधित करते हुये स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए एवं सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में अति संवेदनशील रहें। उन्होने सभी चालकों/परिचालकों को समय-समय पर नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में छूटे हुए चालकों/परिचालकों का आगे भी शिविर के माध्यम से परीक्षण करवाकर निःशुल्क चश्मे का वितरण किया जायेगा। उन्होने कहा कि यदि आंखों के सर्जरी की आवश्यकता होगी, तो सरकार के निर्देशानुसार उसकी भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री की विशेष अभिलाषा रहती है कि चालक/परिचालक के आंख की रोशनी कम होने के कारण कोई दुर्घटना न हो। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 एनआर वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) श्री अतुल कुमार यादव एवं सर्वोदय पब्लिक स्कूल, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, जी0डी0 ग्लोबल स्कूल सहित अन्य स्कूलों के चालक/परिचालक उपस्थित रहे।

# अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अधिवक्ताओं ने दिया धरना



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व संयुक्त मंत्री नितिन कुमार दुबे व पूर्व कार्यकारिणी सदस्य आलोक मिश्रा के नेतृत्व में आज प्रयागराज विकास प्राधिकरण के द्वारा अवैध प्लाटिंग पर अंकुश न लगाने व विभाग द्वारा अवैध तरीके से धन उगाही करने के विरोध में पीडीए के उपाध्यक्ष के दरवाजे पर सैकड़ो अधिवक्ताओं के साथ धरना दिया गया। धरना में बताया गया कि उस्तापुर, महमूदाबाद, झूंसी तहसील फूलपुर में अवैध प्लाटिंग दान बहादुर यादव, रमेश यादव व अभय राज यादव द्वारा जबरन करने के विरोध में दिनांक 7 फरवरी से लगातार लिखित शिकायत उपाध्यक्ष व सचिव को की गई थी। उपाध्यक्ष व सचिव द्वारा कार्यवाही की बात कहे जाने के बावजूद आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहां जे ई.द्वारा लगातार हीलाहवाली की जा रही थी। धरना स्थल पर जोनल अधिकारी ने जाकर सचिव से बात कराया और कल दोपहर 12:00 बजे तक का अतिक्रमण ध्वस्त करने का आश्वासन देने के बाद अधिवक्ताओं द्वारा धरना समाप्त किया गया। धरने में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री लोकेश सिंह, पूर्व संयुक्त मंत्री आलोक शुक्ला, लवलेश मिश्रा, शिव मनोरथ शुक्ला, संत लाल यादव, अतुल तिवारी, दीप प्रकाश सोनकर उर्फ दीपू, विमल सोनकर सहित सैकड़ो अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# गंभीर रूप से पीड़ित व्यक्ति को रेडक्रास सोसायटी से बीस हजार की आर्थिक सहायता दी गयी

**आजमगढ़।** जनपद के ग्राम गनपतपुर, पोस्ट अतरौलिया, तहसील बुढ़नपुर निवासी श्री वीरेन्द्र पुत्र रामाधार द्वारा गंभीर बीमारी एवं आर्थिक संकट के संबंध में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार ने संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण का परिचय देते हुए तत्काल सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार द्वारा अपने कक्ष में इंडियन रेडक्रास सोसायटी, आजमगढ़ के माध्यम से पीड़ित श्री वीरेन्द्र को उपचार एवं आवश्यक पारिवारिक सहयोग हेतु ?20,000 (बीस हजार रुपये) की तात्कालिक आर्थिक सहायता राशि अपने हाथों से प्रदान की गई। इस सहायता से पीड़ित परिवार को उपचार संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आलेन्द कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एन आर वर्मा ने बताया कि जनपद प्रशासन समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए निरंतर संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है तथा आपात परिस्थितियों में पात्र व्यक्तियों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी की इस मानवीय एवं जनकल्याणकारी पहल की स्थानीय स्तर पर व्यापक सराहना की जा रही है।

## सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आमना एक मिनार मस्जिद सोसाइटी, ग्राम व पोस्ट तीतर वाड़ा, तहसील कैराना, जिला-शामली के पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी / सदस्य हैः-1. श्री दाउद अध्यक्ष 2. श्री जहूर हसन उपाध्यक्ष 3. श्री युनुस सचिव 4. श्री रूस्तम हसन उपसचिव 5. श्री इनाम कोषाध्यक्ष 6. श्री युनूस सदस्य 7. श्री आस मोहम्मद सदस्य सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मस्जिद के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मस्जिद के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की गई है।

**आज्ञा से..(शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स,साहनपुर मंडल

## आम सूचना

श्रीमती कमलेश पत्नी श्री राजू शर्मा नि.नूरपुर अंदर हदूद,बलजीत कॉलोनी,देवबंद,सहारनपुर को उसके पति राजू शर्मा ने अपनी 1 संपत्ति दिनांक 24.3.2025 को कार्यालय उप रजिस्ट्रार देवबंद सहारनपुर में बही स.1 जिल्द 9450 पेज 301 318 क्रमांक 3993 पर पंजीकृत कराई हुई है जिसकी कमलेश ही मालिक है । परिवार के सदस्य श्री पवन शर्मा जेठ, श्रीमती राजेश्वरी सास, ननद ममता शर्मा पत्नी सत्य प्रकाश शर्मा ननद मंजु शर्मा पत्नी श्री प्रवीन शर्मा का उक्त संपत्ति से किसी प्रकार का कोई वास्ता या विवाद नहीं है श्रीमती कमलेश आधार हाउसिंग फाइनेंस कंपनी,पार्श्वनाथ प्लाज़ा शाखा सहारनपुर से उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण ले रही है यदि किसी को उज़्र हो तो 7 दिन के भीतर एड.अभिषेक गर्ग,चै.98 कलेक्ट्रेट कोर्ट, स0पुर से संपर्क करें. मो09897082232

## न्यायालय सूचना

इश्तहार मजरिया अदालत प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय सहारनपुर प्रकीर्ण वाद संख्या 118 सन 2025 श्रीमती नन्दनी पत्नी श्री शुभम मित्तल पुत्री स्व0 श्री सतीश कुमार निवासी लाल तप्पड़, निकट फन वैली, डोईवाला, जनपद देहरादून (उत्तराखण्ड)। आवेदिका।... .बनाम.... आम जनता....(विपक्षी) दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती नन्दनी वास्ते हुसूल सर्टिफिकेट गार्जन एण्ड वार्ड्स एक्ट अन्तर्गत धारा- 7. 25 किफायत द्वारा दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती नन्दनी मुतवफ्फा अजय कुमार आदि अपने वसूजिव एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद हरगवाह मुसम्मा श्रीमती नन्दनी ने दरख्वास्त हुसूल सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारीख 24.03.2026 वास्ते समात दरख्वास्त के उजर हो या असालतन या वकालतन बवक्त 10 बजे सुबह न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार सहारनपुर में वक्त मुकर्रर पर हाजिर हो कर अपना उज्र पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा । हाजिर हुक्म मुनासिब निस्ब दरख्वास्त मजकूर से सादिर होगा। अलमरकुम 26 माह 2 सन 2026 ई0

आज्ञा से -अदालत प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्यायालय सहारनपुर।

# मैनपुरी में सैम-मैम बच्चों के इलाज में लापरवाही पर डीएम नाराज़

- एनआरसी में कम भर्ती पर अधिकारियों को सख्त निर्देश
- पोषण पुनर्वास केंद्रों में बच्चों की भर्ती बढ़ाने के आदेश

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला पोषण समिति की बैठक के दौरान विभागीय योजनाओं की समीक्षा करने पर पाया कि जनपद में 1540 सैम एवं 3666 मैम बच्चे जनवरी 2026 में चिन्हित हैं लेकिन माह जनवरी में मात्र 10 सैम बच्चे ही पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती कराये गये, विकास खंड करहल, किशनी, मैनपुरी देहात, बरनाहल से एक भी बच्चा एन.आर.सी. में भर्ती नहीं कराया गया है जबकि विकास खंड घिरोर, जागीर, सुल्तानगंज से 01-01 बच्चा ही भर्ती कराया गया है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बाल विकास परियोजना अधिकारियों, प्रभारी चिकित्साधिकारियों द्वारा चिन्हित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने में दिलचस्पी नहीं दिखायी जा रही है। उन्होने करहल, किशनी, मैनपुरी देहात, बरनाहल के प्रभारी चिकित्साधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों को आदेशित करते हुये कहा कि क्षेत्र के चिन्हित मैम बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती कराने में रूचि दिखायें, स्वास्थ्य, बाल विकास विभाग के अधिकारी चिन्हित सैम-मैम बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, सैम बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित कर बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करायें ताकि उनकी सेहत में सुधार हो सकें। श्री सिंह ने चेहरा प्रमाणीकरण की समीक्षा में पाया कि फरवरी तक 139833 पात्र लाभार्थियों के सापेक्ष 134066 का चेहरा प्रमाणीकरण हो चुका है, चेहरा प्रमाणीकरण के साथ 133134 की ई-के.वाई.सी. भी हो चुकी है, चेहरा प्रमाणीकरण कार्य में सबसे बेहतर कार्य किशनी, मैनपुरी, सुल्तानगंज, कुरावली, बरनाहल में हुआ है, करहल, जागीर, बेवर, घिरोर, मैनपुरी देहात में अन्य विकास खंडों के सापेक्ष चेहरा प्रमाणीकरण की प्रगति धीमी है, विकास खंड करहल में 10914 के सापेक्ष 9982, विकास खंड जागीर में 9595 के सापेक्ष 8855, विकास खंड बेवर में 18149 के सापेक्ष 17047, विकास खंड घिरोर में 13325 के सापेक्ष 12642 एवं मैनपुरी देहात में 17181 के सापेक्ष 15962 का चेहरा प्रमाणीकरण ई-के.वाई.सी. के साथ हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा के दौरान पाया कि मैनपुरी देहात में लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 18.65, सुल्तानगंज में 21.44, किशनी में 20.07 प्रतिशत की पूर्ति की गयी है, योजना में सबसे बेहतर कार्य कुरावली, बरनाहल, जागीर में हुआ है। उन्होने आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण की समीक्षा के दौरान पाया कि वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 44 आंगनवाडी केन्द्रों के सापेक्ष 39 पर कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष 05 पर कार्य प्रगति पर है जबकि वर्ष 2024-25 में 47 आंगनवाडी केन्द्रों के निर्माण के सापेक्ष 38 पर ही कार्य प्रारंभ हुआ है, शेष 09 स्थानों पर अभी कार्य प्रारंम्भ नही हुआ है, नगला धुरा, एलाऊ, वसावनपुर, कुसमाखेड़ा, भूपतिपुर, कसद, अर्जुनपुर गढ़ी, द्वारिकापुर, राजपुरकला आदि स्थानों पर कार्य प्रारंम्भ नहीं हुआ है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचालित 1788 आंगनबाड़ी केन्द्रों के सापेक्ष शत-प्रतिशत आंगनबाड़ी केद्रों में इन्फ्राकिट उपलब्ध करायी जा चुकी है, निदेशालय स्तर से 209 सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु ई.सी.सी.ई., इन्फ्राकिट की आपूर्ति जनपद में हो रही है, सत्यापन के उपरांत इनका वितरण आंगनबाड़ी केन्द्रों पर किया जायेगा।

# बिलरियागंज में सामूहिक विवाह का आयोजन

**आजमगढ़।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद आजमगढ़ में आज विकास खण्ड परिसर बिलरियागंज में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें 05 विकास खण्ड-बिलरियागंज, महराजगंज, हरैया, अजमतगढ़, मिर्जापुर एवं 05 नगर पंचायत के कुल 156 जोड़ों का पंजीकरण हुआ था और कुल-146 जोड़े उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश चन्द्र यादव, बिलरियागंज ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री की यह महत्वपूर्ण योजना है, अब किसी गरीब परिवार के पुत्री के हाथ धन के अभाव में पीले होने से नहीं रहेंगे। सरकार इस योजनान्तर्गत रूपये 100000 (रु0 एक लाख मात्र) व्यय करती है, जिसमें से रू0 60,000 विवाहोपरान्त कन्या के खाते में तथा रू0 25,000 के लगभग 26 सामान, जिसमें 05 साड़ी का सेट, प्रेसर कुकर, 08 किलो स्टेनलेस स्टील का डिनर सेट, सीलिग फैन, प्रेस, दो गद्दे, डबल बेड की चादर, 40 ग्राम चांदी की पायल, 10 ग्राम बिछिया आदि सामान सम्मलित हैं, रू0 15,000 आयोजन पर व्यय किये जाते हैं। कार्यक्रम में उप निदेशक, समाज कल्याण आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़, आर0के0 चौरसिया,सुनील राय स0क0 पर्यवेक्षक, पारसनाथ स0क0 पर्यवेक्षक, सुधांशु मिश्र एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण भी मौके पर उपस्थित रहे।

## कार्यालय जिला पंचायत, फिरोजाबाद

**पत्राँक-1688/निर्माण-पंजी0नवी0/जि0पं0/2025-26** **दिनांक-26 फरवरी, 2026**

### ठेकेदारी पंजीकरण/नवीनीकरण सूचना

**जिला पंचायत फिरोजाबाद के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पंजीकरण हेतु इच्छुक व्यक्तियों/फर्मो से आवेदन पत्र जिला पंचायत कार्यालय, फिरोजाबाद में दिनांक 25 मार्च 2026 की सांय 4:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं प्राप्त आवेदनों की जाँचोपरान्त पात्र ठेकेदारों/फर्मो का पंजीयन निर्धारित जमानत धनराशि मु0-20,000/- (बीस हजार मात्र) की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 (जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत फिरोजाबाद के पदनाम से बन्धक हो) जमा की जायेगी एवं पंजीकरण शुल्क तथा अनुज्ञा शुल्क क्रमशः रू0- 10000/- एवं रू0- 5000/- जमा करना होगा। नवीन पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न करनी होगी। :-**

**1- चरित्र प्रमाण पत्र, 2- हैसियत प्रमाण पत्र (जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत), 3- जी0एस0टी0 पंजीयन की प्रति, 4- आयकर विभाग का पैन कार्ड, 5- पासपोर्ट साइज दो रंगीन फोटो, 6-आधार कार्ड, 7- शपथ पत्र मु0-100/- के स्टाम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित, 8- शपथ पत्र मु0-10/- के स्टाम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित (इस आशय का कि जिला पंचायत, फिरोजाबाद के पदाधिकारी, सदस्य एवं अधिकारी/कर्मचारी में मेरा कोई सगा सम्बन्धी नहीं है)।**

**पूर्व से पंजीकरण का नवीनीकरण कराने हेतु प्रार्थना पत्र के साथ शपथ पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र (जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत) की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न करनी होगी।**

**हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र की वैधता अवधि की समाप्ति पर पंजीकरण स्वतः निलम्बित समझा जायेगा। वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत वैधता की समाप्त होने पर नवीन चरित्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त जमानत धनराशि, पंजीकरण शुल्क एवं अनुज्ञा शुल्क जमा कराया जायेगा। उक्त के परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। किसी प्रकार की अन्य जानकारी किसी भी कार्यशील दिवस में कार्यालय जिला पंचायत, फिरोजाबाद से की जा सकती है।**

**(रनवीर सिंह)** अभियन्ता, जिला पंचायत, फिरोजाबाद
**(मणीन्द्र सिंह)** अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, फिरोजाबाद
**(हर्षिता सिंह)** अध्यक्ष, जिला पंचायत, फिरोजाबाद

## भारतीय रेल

### ''सार्वजनिक अधिसूचना''

रेलवे एवं परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्ट, 50 हट्र्ज ए. सी. सिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाइन के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्शन (खण्ड) | मण्डल (डिवीजन) | दिनाँक |
|---|---|---|
| उत्तरी रेलवे के कानपुर–लखनऊ खंड में 160 किमी/घंटा तक गति वृद्धि के कार्य के संबंध में 2x25 केवी एटी फीडिंग प्रणाली हेतु उन्नाव स्थित रेलवे लोकेशन सं. कि.मी. 52/25–27 (चेनाज 52/950.000) पर 2x25 केवी उप–अनुभागन एवं समानांतरन पोस्ट (SSP) का संबंधित उपकरणों सहित ऊर्जीकृत करना। | लखनऊ | 05.03.2026 |

### उत्तर रेलवे
### 25 केवी एसी ट्रैक्शन लाइन का आरंभ
### ''सड़क उपयोगकर्ताओं हेतु अधिसूचना''

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेल खंड ''उत्तरी रेलवे के कानपुर–लखनऊ खंड में 160 किमी/घंटा तक गति वृद्धि के कार्य के संबंध में 2x25 केवी एटी फीडिंग प्रणाली हेतु उन्नाव स्थित रेलवे लोकेशन सं. कि.मी. 52/25–27 (चेनाज 52/950.000) पर 2x25 केवी उप–अनुभागन एवं समानांतरन पोस्ट (SSP) का संबंधित उपकरणों सहित ऊर्जीकृत करना'' पर 25 केवी विद्युत ट्रैक्शन का शुभारंभ किया जाएगा। सभी समपार फाटक हाइट गेज का निर्माण सड़क की सतह से स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई **4.78 मीटर** पर अत्यधिक ऊंचाई भारों को ट्रैक्शन लाइन **(कांटेक्ट तार), जो की समपार फाटक पर रेल लेवल से 5.5 मीटर न्यूनतम ऊंचाई पर हो,** के खतरनाक संपर्क में आने से बचाव के उद्देश्य से किया गया है। एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारित वाहनों के लिए उपर्युक्त निर्धारित ऊंचाई का अवलोकन करें तथा यह भी ध्यान रखें कि सड़क वाहनों में लदा हुआ भार हाइट गेज में किसी भी परिस्थिति में न टकराए।

**अधिक ऊँचे भार से निम्न खतरे है:**

1. हाइट गेज को नुकसान और तत्पश्चात् सड़क व रेल लाइन का अवरोध।
2. स्वयं वाहन अथवा ले जाये जाने वाले सामान अथवा उपकरण को ख़तरा ।
3. बिजली के तारों से संपर्क अथवा खतरनाक समीपता के कारण आग फैलने व जान माल को ख़तरा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)**
**उत्तर रेलवे, लखनऊ**

**सं.: 328/Elect./C/Dy.CEE/LKO/Warning/2 दिनांक: 26.02.2026** **674/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक / निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई–निविदा ई. पी. सी. मोड पर आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल, उत्तर प्रदेश, भारत में जौनपुर–जफराबाद रेल मार्ग के दोहरीकरण के संबंध में जौनपुर–जफराबाद खंड में स्थित चाइनेज–2820 मीटर, किमी–826.710 पर मौजूदा रेल पुल (स्पैन 16 x 25.520 मीटर प्लेट गर्डर) के समानांतर दो पटरियों के लिए महत्वपूर्ण पुल संख्या–75 (स्पैन 14 x 30.5 मीटर कम्पोजिट गर्डर) का डिजाइन और निर्माण, जीएडी, इंडेक्स प्लान और सेक्शन में दर्शाए गए सांकेतिक लेआउट के अनुसार, प्रोटेक्सन कार्य, मौजूदा पुल को तोड़ना और आरएफपी दस्तावेजों में उल्लिखित अन्य संबंधित कार्यों कार्य शामिल हैं। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 30 (तीस) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 160.23 करोड़ |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 80,11,700/- |
| 5 | प्री बिड कॉनफ्रेंस | • प्रथम प्री बिड मीटिंग - दिनांक - 20.03.2026 समय 11.00 बजे<br>• बिड पूर्व पूछताछ प्राप्त करने की अंतिम तिथि -दिनांक 20.03.2026<br>• रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि - दिनांक 08.04.2026<br>• द्वितीय प्री बिड मीटिंग (यदि आवश्यक)- आवश्यक नहीं<br>• रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि– लागू नहीं<br>स्थान–कार्यालय मुख्य परियोजना प्रबंधक, निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी, वाराणसी कैंट, उत्तर प्रदेश – 221002 एवं आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट पर साझा की गई ऑनलाइन वीसी लिंक के माध्यम से भी। |
| 6 | ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | पूर्ण निविदा प्रपत्र दिनाँक 28.02.2026 से 15.05.2026 (भारतीय समयानुसार 11.00 बजे) तक रेलवे वेबसाइट के आफिसियल पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है। निविदाकर्ता अपनी तकनीकी एवं वित्तीय बिड आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 15.05.2026 भारतीय समयानुसार 11.00 बजे तक अवश्य जमा करें। ऑनलाइन प्राप्त निविदाएँ दिनाँक 20.05.2026 को भारतीय समयानुसार 17.00 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 28.02.2026 से 15.05.2026 तक भारतीय समयानुसार 11.00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगें। उपर्युक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें RFP एवं ईपीसी डॉक्युमेंट्स में ऑनलाइन दिये गए हैं। |

**संख्या 2-W/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी ई.पी.सी दिनाँक: 26.02.2026** **658/26**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# टाटा मोटर्स ने वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के साथ किया समझौता 40 ग्रीन हाइड्रोजन-पावर्ड हैवी-ड्यूटी ट्रकों की होगी तैनाती

**तूतीकोरिन।** देश के नेट-ज़ीरो उत्सर्जन के लक्ष्य की ओर एक अहम कदम बढ़ाते हुए, भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल व्हीकल निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स ने तूतीकोरिन (तमिलनाडु) के वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत पोर्ट पर 40 ग्रीन हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन इंजन से चलने वाले हैवी-ड्यूटी प्राइम मूवर्स तैनात किए जाएंगे। रूश्च पर माननीय केंद्रीय पोर्ट्स, शिपिंग और वॉटरवेज़ मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में साइन किए गए।

समझौते के अनुसार, टाटा मोटर्स सबसे पहले एक हाइड्रोजन-पावर्ड प्राइम मूवर का ट्रायल शुरू करेगी, जिसके बाद अगले दो वर्षों में चरणबद्ध तरीके से 40 Hw ICE प्राइम मूवर्स तैनात किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट की फंडिंग बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा की जाएगी, जो ग्रीन एनर्जी अपनाने और एक टिकाऊ व फ्यूचर-रेडी समुद्री इकोसिस्टम बनाने के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पार्टनरशिप पर अपने विचार शेयर करते हुए, श्री सुसांता कुमार पुरोहित, IRSEE, चेयरपर्सन, VOCPA, ने कहा, टाटा मोटर्स के साथ हमारी पार्टनरशिप VOC पोर्ट के नेट-ज़ीरो एमिशन हासिल करने की कोशिश में एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रकों के आने से हमारे कार्गो हैंडलिंग ऑपरेशन काफ़ी हद तक डीकार्बनाइज़ होंगे, साथ ही भारत में सस्टेनेबल पोर्ट-लेड लॉजिस्टिक्स के लिए एक बेंचमार्क सेट होगा। इन ग्रीन हाइड्रोजन ट्रकों को धीरे-धीरे शामिल करने में मदद करने के लिए, पोर्ट 2 MW का इलेक्ट्रोलाइज़र और एक खास हाइड्रोजन रिफ्यूलिंग स्टेशन बनाने की योजना पर भी काम कर रहा है। यह प्रोजेक्ट ग्रीन फ्यूल से जुड़ी कई दूसरी कोशिशों के साथ मिलकर एक मज़बूत ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम बनाने और VOC पोर्ट को सस्टेनेबल मैरीटाइम इंफ्रास्ट्रक्चर में लीडर बनाने के हमारे कमिटमेंट को और मज़बूत करता है।

MoU की घोषणा पर बोलते हुए, टाटा मोटर्स लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट और बिज़नेस हेड - ट्रक्स, श्री राजेश कौल ने कहा, वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटीज़ के साथ हमारा कोलेबोरेशन हाइड्रोजन से चलने वाले हेवी-ड्यूटी ट्रकिंग को असल दुनिया के पोर्ट ऑपरेशन्स में लाने में एक अहम मील का पत्थर है। पिछले कई महीनों में, हमने कार्गो हैंडलिंग एप्लीकेशन्स में हाइड्रोजन ट्रक्स के लिए रास्तों का पता लगाने के लिए पोर्ट अथॉरिटीज़ के साथ मिलकर काम किया है। यह पायलट TCO पैरिटी का पता लगाने और ग्रीन हाइड्रोजन के साथ भारत के पोर्ट्स को ज़्यादा साफ़ और सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस की ओर बदलने में मदद करने की क्षमता दिखाने में मदद करेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए गाड़ियों के बेड़े में टाटा मोटर्स प्राइमा 55-टन प्राइम मूवर शामिल है, जिसे टिकाऊ, लागत प्रभावी और हाई-परफॉर्मेंस ट्रांसपोर्टेशन के लिए तैयार किया गया है। प्रीमियम प्राइमा केबिन और उन्नत ड्राइवर-असिस्ट सुरक्षा फीचर्स से लैस ये ट्रक ड्राइवर की सुविधा को बढ़ाते हैं, उनकी थकान कम करते हैं और प्रोडक्टिविटी में सुधार करते हैं, साथ ही सुरक्षा के नए मानक भी स्थापित करते हैं।

टाटा मोटर्स बैटरी इलेक्ट्रिक, सीएनजी, एलएनजी, हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन और हाइड्रोजन फ्यूल सेल जैसी वैकल्पिक ईंधन तकनीकों पर आधारित नए मोबिलिटी समाधान विकसित करने में सबसे आगे है। कंपनी छोटे कमर्शियल वाहनों, ट्रकों, बसों और वैन सहित विभिन्न सेगमेंट में वैकल्पिक ईंधन से चलने वाले कमर्शियल वाहनों का एक मजबूत पोर्टफोलियो पेश करती है। साल 2025 में, टाटा मोटर्स ने भारत के प्रमुख माल ढुलाई मार्गों पर हाइड्रोजन-पावर्ड ट्रकों के ट्रायल शुरू किए थे। इसके अलावा, कंपनी ने 15 हाइड्रोजन एफसीईवी बसों का टेंडर भी जीता था, जो वर्तमान में भारतीय सड़कों पर सफलतापूर्वक चल रही हैं।

# सोनाक्षी सिन्हा और ज़हीर इकबाल एशियन पेंट्स के वेयर द हार्ट इज़ सीज़न 9 में अपने बांद्रा स्थित घर के द्वार खोलते हैं



**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स वेयर द हार्ट इज़ सीज़न 9 के नए एपिसोड में, बॉलीवुड के प्यारे कपल ने 'सा'दा' के द्वार खोले, जिसका अरबी में अर्थ है 'खुशी और आनंद' और संस्कृत में इसका मतलब है 'सरल', जिसका अर्थ है ज़िंदगी की सरल खुशियां। यह पेंटहाउस कपल की उस सोच को दर्शाता है जहां कम्फर्ट को तवज्जो दी गई है। यहां किसी भी चीज़ को छूने, एक जगह से दूसरी जगह हटाने में कोई हिचक नहीं होती और यहां आप सहजता से खुशी से झूम सकते हैं। प्रवेश करते ही लिविंग एरिया दिखता है जहां धूप और प्राकृतिक रोशनी है, जिससे सुकून और अपनेपन का एहसास होता है। बड़ी-बड़ी कांच की खिड़कियों और चारों ओर फैली बालकनी से शहर का नज़ारा लगातार नज़र आता है, जबकि इसका लेआउट आवाजाही, मेलजोल और सहजता को बढ़ावा देता है। घर में सौम्य, शांत रंगों का इस्तेमाल किया गया है, जिन्हें अलग-अलग जगहों पर सोच-समझकर चटख रंगों से लेयर किया गया है, जैसे कि बोल्ड रेड रेफ्रिजरेटर से लेकर ऑरेंज सोफा तक। एशियन पेंट्स के नए रॉयल प्ले वॉल2फ्लोर टेक्सचर्ड फ्लोरिंग से घर को एक प्राकृतिक एहसास मिलता है, जिसे छूकर महसूस करने का मन करता है। घर का इंटीरियर दो अलग-अलग संवेदनाओं को सहजता से एक साथ लाता है। सोनाक्षी बताती हैं कि घर का एक हिस्सा बीच होम्स और प्राकृतिक टेक्सचर से प्रेरित है, जो उस हिस्से को बहुत सौम्य और आरामदायक बनाते हैं। सोनाक्षी कहती हैं मुझे पत्थर की दीवारें और कंक्रीट का फर्श बहुत पसंद है, लेकिन मैंने रंगों को हल्का रखा है क्योंकि इस रिश्ते में मैं खुद रंगीन इंसान हूं,। घर का दूसरा हिस्सा ज़हीर की पसंद के अनुसार सजाया गया है, जो न्यूयॉर्क के लॉफ्ट स्टाइल की तरह ज़्यादा व्यवस्थित और खूबसूरत है। सोनाक्षी आगे बताती हैं यहां हर चीज़ का एक उद्देश्य और अहमियत है, जो ज़हीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस घर का अगर कोई दिल है, तो वो है बातचीत का कोना जो इसके विशाल डेक पर बना हुआ है। फर्श पर बना यह कोना एशियन पेंट्स रॉयल प्ले टेक्सचर से बना है। स्टोन वॉल के सामने गमलों में लगे पौधों से घिरा यह कोना बेहद आरामदायक है और उनके दोस्तों का बेहद पसंदीदा कोना बन गया। सोनाक्षी कहती हैं, एक बार यहां बैठ जाओ, तो उठने का मन ही नहीं करता। हमारे सभी दोस्त यहां आकर हमारे साथ समय बिताते हैं।

# शहरी जलधाराओं की सुरक्षा के लिये शुरू की गयी ट्रैश शील्ड प्लान योजना

**लखनऊ।** प्लास्टिक प्रदूषण की बढ़ती चुनौती का समाधान करने और शहरी जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज (एचडीबीएफएस) ने सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन सीईई के साथ साझेदारी में लखनऊ में 'ट्रैश शील्ड प्लान' शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य स्मार्ट कचरा अवरोधकों ट्रैश बैरियर्स की स्थापना के साथ-साथ सामुदायिक स्तर पर अन्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पहलों को लागू करना है। यह पहल लखनऊ की चयनित शहरी नहरों के हिस्सों में तैरते हुए कचरे के प्रबंधन पर केंद्रित है, जिनमें पकरिया घाट और हनुमान सेतु के आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। इन स्थानों पर भौगोलिक स्थिति और उपयोग के पैटर्न के कारण विभिन्न प्रकार का कचरा प्रवाह होता है। रणनीतिक स्थानों पर स्मार्ट ट्रैश बैरियर्स की स्थापना के माध्यम से, यह परियोजना तैरते हुए मलबे को नीचे की ओर बड़े जलस्रोतों में जाने से रोकने का प्रयास करती है।

स्थानीय रूप से डिजाइन और निर्मित ये ट्रैश बैरियर्स किफायती और मॉड्यूलर प्रकृति के हैं, जिससे इन्हें विभिन्न चौड़ाई और जल प्रवाह दर वाली जलधाराओं में आसानी से स्थापित किया जा सकता है। एकत्रित कचरे को साफ कर नगर निकायों को सौंप दिया जाता है, ताकि उसका पर्यावरण-अनुकूल तरीके से निपटान किया जा सके या उसे मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटीज में भेजा जा सके, जहां आगे पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की प्रक्रिया की जाती है। इस प्रकार व्यवस्थित निपटान यह सुनिश्चित करता है कि अपशिष्ट प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र में प्रवेश न करे और साथ ही नगर निकायों की मौजूदा अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को भी सुदृढ़ करता है। यह पहल निर्धारित स्थानों पर प्लास्टिक कचरे को अनुमानित रूप से 50 प्रतिशत तक कम करती है और महत्वपूर्ण नदियों एवं समुद्री पर्यावरण में प्लास्टिक मलबे के प्रवेश को रोकती है। इसके माध्यम से हर वर्ष लगभग 80द्100 टन प्लास्टिक और अन्य मलबे का संग्रहण संभव हो पाता है, जिससे जलीय आवासों के पुनर्स्थापन में मदद मिलती है और जल गुणवत्ता संकेतकों में लगभग 30 प्रतिशत तक सुधार होता है। इसके अतिरिक्त, कचरे के जमाव से होने वाले नालों के अवरोध को समाप्त कर बाढ़ के जोखिम को कम किया जाता है और शहरी जल प्रणालियों को अधिक स्वस्थ बनाने में योगदान मिलता है। इस परियोजना में एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के सहयोग पर टिप्पणी करते हुए, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ पीपल एंड ऑपरेशंस, आशीष घाटनेकर ने कहा,एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज में हमारे लिए स्थिरता केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे तंत्र विकसित करने के बारे में है जो समुदायों को साझा संसाधनों के संरक्षण में भागीदारी करने में सक्षम बनाते हैं। लखनऊ में ट्रैश शील्ड पहल का समर्थन करके, हम स्वच्छ जलधाराओं में योगदान देने के साथ-साथ सामुदायिक स्तर पर जिम्मेदार अपशिष्ट प्रथाओं को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। सीईई के साथ सहयोग हमें अवसंरचना समाधान को जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन के साथ जोड़ने का अवसर देता है, जिससे शहरी पारिस्थितिक तंत्र पर दीर्घकालिक प्रभाव सुनिश्चित होता है।

इस पहल पर बोलते हुए, सीईई की सीनियर प्रोग्राम डायरेक्टर, सुश्री प्रीति आर. कनौजिया ने कहा, नहरें और शहरी जल निकासी तंत्र अक्सर नदी प्रणालियों में प्रवेश करने वाले प्लास्टिक कचरे के प्रारंभिक मार्ग होते हैं। लखनऊ में एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ यह साझेदारी एक व्यावहारिक और विस्तार योग्य मॉडल प्रस्तुत करती है, जो अवसंरचना समाधान को सामुदायिक सहभागिता और व्यवहार परिवर्तन के साथ एकीकृत कर स्रोत स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने का प्रयास करती है।÷ ट्रैश शील्ड पहल को भारत के विभिन्न स्थानों पर लागू किया जा चुका है, जहां तमिलनाडु, अहमदाबाद, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में नहर एवं जलस्रोत पुनर्स्थापन परियोजनाएं पहले ही संचालित की जा चुकी हैं।

# बैंगलुरु में आरंभ हुयी आईईएसए विज़न समिट




**लखनऊ।** इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर हेतु देश के प्रधान उद्योग निकाय, इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन ने बैंगलुरु के लीला भारतीय सिटी कन्वेंशन सेंटर में आईईएसए विज़न समिट 2026 का उद्घाटन किया। इंडस्ट्री, सरकार और एकेडेमिया के सबसे तेज़ दिमागों को एकजुट करने वाले दो दिवसीय समिट डिज़ाइन टू मैन्युफैक्चरिंगः सिनर्जी ऑफ प्रोडक्ट, प्रोडक्शन एंड स्किल ने भारत के प्रोडक्ट नेशन बनने के सपने में एक बड़े बदलाव का इशारा दिया। आईईएसए के प्रेसिडेंट अशोक चांडक ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा भारत पहले ही सेमीकंडक्टर डिज़ाइन में वैश्विक लीडरशिप दिखा चुका है। अगला कदम स्पष्ट है हमें वैल्यू चेन पूरी करनी होगी। हमें उस वृद्धि को बनाए रखने के लिए बिना किसी समझौते के क्वालिटी और बहुत कुशल कार्यबल के साथ बड़े पैमाने पर विश्व स्तरीय उत्पाद रचने, निर्माण और मैन्युफैक्चर करने होंगे। भारत के पास दुनिया को सशक्त करने के लिए इंजीनियरिंग प्रतिभा है। अब हमें साहस से इनोवेट करने का पक्का इरादा, प्रतिस्पर्धी तरीके से मैन्युफैक्चर करने का अनुशासन और अपने लोगों को लगातार कुशल बनाने के दूरगामी नजरिये की ज़रूरत है सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक टेक्नोलॉजी ईकोसिस्टम के लिए भी। आईईएसए के चेयरपर्सन श्री रुचिर दीक्षित ने कहा आईईएसए विज़न समिट, पिछले कुछ सालों में, एक कॉन्फ्रेंस से कहीं ज्यादा बन गया है यह एक नेशनल कन्वर्जेंस प्लेटफॉर्म बन गया है जहां विचार, सहभागिता, नीति, नवाचार और निष्पादन एक साथ मिलकर असली असर डालते हैं। यह समिट उद्योग के अग्रणियों, सरकार के नीति निर्माताओं, वैश्विक निवेशकों, स्टार्ट-अप इनोवेटर्स, शिक्षा जगत और ईकोसिस्टम पार्टनर्स' को एक साथ लाता है - सभी एक ही मकसद से एकजुट हैं भारत को सेमीकंडक्टर डिज़ाइन, मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन के लिए एक ग्लोबल हब में बदलना। समिट को संबोधित करते हुए श्री अमितेश कुमार सिन्हा, सीईओ और अतिरिक्त सचिव, आईएसएम, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग ग्यारह सालों में छह गुना बढ़ी है यह नीतिगत इरादे, इंडस्ट्री के भरोसे और वैश्विक साझेदारी पर बनी नींव है। हम अपने सेमीकंडक्टर मिशन के अगले चरण में आगे बढ़ रहे हैं, और हम ऐसा दीर्घकालिक इरादे के साथ कर रहे हैं। भारत विभिन्न एआई एप्लीकेशंस डिज़ाइन करने पर काम कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत एनएसएम एआई के लिए ज़रूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के डिज़ाइन और डैवलपमेंट पर काम कर रहा है। आईएसएम 2.0 में, डिज़ाइन, मैन्युफैक्चरिंग और पैकेजिंग के लिए सहयोग जारी रहेगा और सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम डैवलपमेंट के लिए इसे और बढ़ाया जाएगा।

## सैमसंग इंडिया ने लॉन्च की अपनी सबसे एडवांस्ड AI फोन सीरीज़ गैलेक्सी S26; शानदार ऑफर्स के साथ प्री-ऑर्डर शुरू



**गुरुग्राम** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने घोषणा की है कि उसकी बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी S26 सीरीज़ आज से भारत में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है। गैलेक्सी S26 अल्ट्रा, गैलेक्सी S26+ और गैलेक्सी S26 अब तक का सबसे आसान और नैचुरल एजेंटिक एआई मोबाइल अनुभव देते हैं। चाहे बात प्लानिंग की हो, जानकारी खोजने की या फिर कंटेंट को कैप्चर और एडिट करने की–गैलेक्सी S26 सीरीज़ हर काम को इतना आसान बना देती है कि यूजर्स को तकनीक की बारीकियों के बजाय सिर्फ बेहतरीन नतीजों पर ध्यान देना होता है।सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ, जेबी पार्क ने कहा, गैलेक्सी S26 सीरीज़ को इस तरह बनाया गया है कि यह लोगों की जीवनशैली और काम करने के तरीके को गहराई से समझ सके। यह एजेंटिक एआई के साथ सैमसंग की एक नई दिशा को दर्शाता है, जो रोजमर्रा के छोटे-मोटे कामों को खुद संभाल लेती है ताकि आप उन चीज़ों पर समय बिता सकें जो वास्तव में मायने रखती हैं–जैसे परिवार के साथ वक्त बिताना, अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और लाइफ के हर पल का मजा लेना। इसके विकास में हमारे बेंगलुरु और नोएडा के रिसर्च सेंटर्स के इंजीनियर्स ने अहम भूमिका निभाई है। मुझे यह बताते हुए भी गर्व हो रहा है कि गैलेक्सी S26 सीरीज़ का निर्माण हमारी नोएडा स्थित फैक्ट्री में किया जाएगा।गैलेक्सी S26 सीरीज़ के प्री-ऑर्डर 25 फरवरी से सभी बड़े ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर्स पर शुरू हो चुके हैं। आप आज से ही सैमसंग की वेबसाइट 222.samsung.com/in/live-offers/ पर सैमसंग लाइव के ज़रिए भी इसे प्री-ऑर्डर कर सकते हैं।गैलेक्सी S26 सीरीज़ के सभी मॉडल्स एक जैसे खूबसूरत डिजाइन और शानदार रंगों–कोबाल्ट वायलेट, व्हाइट, ब्लैक और स्काई ब्लू–में उपलब्ध हैं।

## लीड्सकनेक्ट ने ग्लोबल एग्रोटेक 2026 में अगली पीढ़ी के AI प्लेटफ़ॉर्म का प्रदर्शन किया

**लखनऊ।** आईसीएफए ग्लोबल एग्रोटेक 2026 के समानांतर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान, आईसीएआर - भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में आयोजित इस आयोजन में, बी.एल. एग्रो की सहायक कंपनी लीड्स कनेक्ट ने अपने प्रमुख नॉलेज प्लेटफॉर्म कालिका (नॉलेज एनालिटिक्स एंड लेवरेजिंग इंटेलिजेंस फ़ॉर कृषि अनुसंधान) के अंतर्गत–जो एक स्पेसटेक- AI इकोसिस्टम फ्रेमवर्क है–एक उच्च-प्रभावी सेमिनार एवं किसान सहभागिता श्रृंखला का आयोजन किया। इस पहल के माध्यम से यह प्रदर्शित किया गया कि एकीकृत डिजिटल समाधान किस प्रकार उत्तर प्रदेश के कृषि परिदृश्य को रूपांतरित करने के लिए तैयार हैं। इस कार्यक्रम में नीति-निर्माताओं, वित्तीय संस्थानों, वैज्ञानिकों, उद्योग जगत के अग्रणियों तथा प्रगतिशील किसानों की सहभागिता देखी गई, जो डिजिटल कृषि, निवेश और सतत विकास को बढ़ावा देने के ग्लोबल एग्रोटेक 2026 के व्यापक उद्देश्यों के अनुरूप रही। इस दिन भर चले सेमिनार में कृषि, जोखिम, वित्त, आनुवंशिकी और उन्नत विश्लेषिकी पर केंद्रित सत्र आयोजित किए गए, जिनका संचालन लीड्स ग्रुप और उसके साझेदार टीमों के विशेषज्ञों ने किया। इकोसिस्टम की चुनौतियों, डिजिटल समाधान, फिनटेक हस्तक्षेप, क्षेत्रीय केस स्टडीज़ और नवाचार-प्रेरित उत्पाद इकोसिस्टम पर चर्चाओं के माध्यम से इस कार्यक्रम ने यह उजागर किया कि कैसे डेटा, आनुवंशिकी, वित्त और परामर्श प्रणालियाँ एकीकृत होकर किसान-केंद्रित मॉडल में परिवर्तित होकर सतत विकास को संभव बना सकती हैं। कृषि, जो भारत की जीडीपी में लगभग 18त्न का योगदान देती है और देश की श्रम शक्ति के 40त्न से अधिक को रोजगार प्रदान करती है, के संदर्भ में हाइपरलोकल,्ढ्ढ संचालित इंटेलिजेंस की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। कालिका फ्रेमवर्क उन्नत विश्लेषिकी, सैटेलाइट इंटेलिजेंस, प्रत्याशीय (एक्चुरियल) मॉडलिंग और क्षेत्र-स्तरीय डेटा को एकीकृत करता है।

# भारत के नंबर 1 एसी ब्रांड वोल्टास ने एआई-संचालित स्प्लिट एयर कंडीशनर पेश किए




**नई दिल्ली।** टाटा समूह के भारत के नंबर 1 एसी ब्रांड, वोल्टास ने अपना समर 2026 पोर्टफोलियो पेश किया है। इसकी अगुवाई AI-इनेबल्ड वर्टिस स्प्लिट एसी सीरीज कर रही है, जो विशेष रूप से भारतीय परिस्थितियों के लिए तैयार की गई इंटेलिजेंट कूलिंग की दिशा में एक निर्णायक कदम है। समर 2026 रेंज का मुख्य आकर्षण वोल्टास का AI पावर्ड इन्वर्टर स्प्लिट एसी पोर्टफोलियो है। इसमें सिर्फ मैनुअल टेम्परेचर कंट्रोल से आगे जाकर एक ऐसा सिस्टम बनाया गया है जो लगातार सीखकर खुद को बेहतर बनाता रहता है। नई वर्टिस AI सीरीज भारत के बेहद अलग और गर्म मौसम के अनुसार खुद को ढालती है। यह तापमान, नमी और इस्तेमाल के पैटर्न को समझकर काम करती है।

AI एडाप्टिव कूलिंग यह कूलिंग की तीव्रता को अपने आप एडजस्ट करती है, ताकि जरूरत से ज्यादा ठंडक न हो और परिवार के हर सदस्य को उनकी पसंद के अनुसार व्यक्तिगत आराम मिले।

AI एनर्जी मैनेजर वोल्टास इंटेलिजेंस ऐप के साथ एकीकृत यह फीचर यूज़र्स को महीने की बिजली खपत का लक्ष्य तय करने की सुविधा देता है। इसके बाद, एसी रियल-टाइम में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाता है ताकि आराम और बिजली की बचत के बीच सही संतुलन बना रहे–यह भारतीय घरों की सबसे बड़ी चिंता का सीधा समाधान है। AI जियोफेंसिंग यह फीचर यूज़र के घर पहुंचने से पहले ही कमरे को ठंडा करना शुरू कर देता है, ताकि उन्हें घर पहुंचते ही तुरंत आराम मिले। साथ ही, जब घर में कोई नहीं होता, तो यह अनावश्यक बिजली की खपत को रोकता है। समर 2026 का यह अभियान तकनीक के इस बड़े बदलाव को एक ऐसी पृष्ठभूमि में पेश करता है, जिसे हर भारतीय परिवार पहचान सके। वोल्टास माँ-बेटे के बीच के वास्तविक प्रेम और स्नेह के माध्यम से पीढ़ियों के उस अटूट भरोसे को और मजबूत करता है, जो उसने सालों में कमाया है। सुपरस्टार रणबीर कपूर और नीतू कपूर द्वारा अभिनीत यह फिल्म घर के एक हल्के-फुल्के, लेकिन बहुत ही चिर-परिचित पल को खूबसूरती से दर्शाती है। फिल्म में नीतू कपूर याद करती हैं कि बचपन में रणबीर को एसी चलने पर हमेशा ठंड लगती थी, जिससे तापमान को कम-ज्यादा करने की वह चिर-परिचित नोंक-झोंक शुरू हो जाती थी जो देश के लगभग हर घर की कहानी है। रोज़मर्रा की यह बातचीत अब इस बात का एक सशक्त प्रतीक बन गई है कि कूलिंग तकनीक कितनी विकसित हो चुकी है। वर्टिस AI सीरीज के साथ अब एसी को बार-बार रिमोट से एडजस्ट करने की ज़रूरत नहीं पड़ती।

# सेवानिवृत्ति योजना में छिपे जोखिमों का खुलासाः ऑम्नीसायंस कैपिटल की नई रिपोर्ट



**इंदौर।** मुंबई स्थित प्रमुख निवेश प्रबंधन फर्म ऑम्नीसायंस कैपिटल जो वैज्ञानिक एवं शोध-आधारित निवेश ढांचे पर आधारित रणनीतियों में विशेषज्ञता रखती है, ने ÷सेवानिवृत्ति योजना का विज्ञान÷ दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति में छिपे जोखिमों का प्रबंधन÷ शीर्षक से एक विस्तृत शोध-आधारित रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट भारत में बढ़ती जीवन प्रत्याशा और लंबी सेवानिवृत्ति अवधि के संदर्भ में वित्तीय योजना की जटिलताओं तथा उसमें निहित संरचनात्मक जोखिमों को रेखांकित करती है। रिपोर्ट के अनुसार, आज सेवानिवृत्ति केवल बचत का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि यह रणनीतिक पूंजी प्रबंधन का विषय बन चुका है। ऑम्नीसायंस कैपिटल के अध्यक्ष एवं मुख्य पोर्टफोलियो प्रबंधक अश्विनी शामी ने कहा कि वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में पारंपरिक निवेश साधन जैसे फिक्स्ड डिपॉज़िट या लाइफ एन्युटी, लंबी अवधि की मुद्रास्फीति के प्रभाव से पूंजी की रक्षा करने में पर्याप्त सक्षम नहीं हैं। उनके अनुसार, यदि सेवानिवृत्ति 35 से 40 वर्षों तक चलती है, तो पूंजी को सुरक्षित रखना और साथ ही वास्तविक क्रय शक्ति बनाए रखना एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण की मांग करता है। रिपोर्ट में चार प्रमुख सेवानिवृत्ति विकल्पों–फिक्स्ड डिपॉज़िट , लाइफ एन्युटी, सिस्टेमेटिक विद्ड्रॉअल प्लान और इक्विटी-आधारित आक्रामक रणनीति–का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया है। अध्ययन ?1 करोड़ की प्रारंभिक पूंजी, ?6 लाख की वार्षिक आय आवश्यकता और 100 वर्ष तक जीवन प्रत्याशा की परिकल्पना पर आधारित है। विश्लेषण दर्शाता है कि एफडी-आधारित निवेश में 70 वर्ष की आयु तक मुद्रास्फीति-समायोजित आय में 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट संभव है और मध्य-70 के दशक तक पूंजी समाप्त होने का जोखिम बना रहता है। लाइफ एन्युटी से आजीवन आय तो सुनिश्चित होती है, परंतु निश्चित भुगतान संरचना के कारण 100 वर्ष की आयु तक वास्तविक क्रय शक्ति में 80 प्रतिशत से अधिक की कमी आ सकती है। वहीं, एसडब्ल्यूपी मॉडल भी 80 के शुरुआती वर्षों तक पूंजी समाप्ति के जोखिम से पूरी तरह मुक्त नहीं पाया गया। रिपोर्ट यह निष्कर्ष भी प्रस्तुत करती है कि डेट बफर के साथ संतुलित इक्विटी-आधारित रणनीति दीर्घकालिक दृष्टि से अधिक प्रभावी सिद्ध हो सकती है।

# WSDS 2026 में दुनियाभर के नेता, मंत्री और दक्षिण एशियाई देश एक मंच




**नई दिल्ली।** द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) द्वारा आयोजित वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट 2026 के 25वें संस्करण के दूसरे दिन, स्थिरता को लेकर वैश्विक चर्चा को और आगे बढ़ाया गया। इसमें नेचर-पॉज़िटिव विकास, हरित औद्योगिक बदलाव, भविष्य की तकनीकों और बहुपक्षीय सहयोग को फिर से मज़बूत करने पर ज़ोर दिया गया।एक उच्च-स्तरीय पूर्ण सत्र के दौरान, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री, श्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, पिछले एक दशक में, मौजूदा सरकार के नेतृत्व में भारत के समुद्री क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। यह बदलाव सिर्फ क्षमता बढ़ाने और काम में तेज़ी लाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अब यह टिकाऊ रणनीति की ओर बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के विज़न से प्रेरित होकर, आज समुद्री प्रशासन में हरित विकास को आर्थिक प्रगति के केंद्र में रखा गया है। भारत अपने बंदरगाहों पर नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने, कार्बन न्यूट्रैलिटी, ग्रीन शिपिंग कॉरिडोर और बड़े स्तर पर ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे संस्थागत सुधारों और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों का पूरा समर्थन हासिल है। मल्टीलेटरलिज्म ऐज़ अ फोर्स फॉर होप एंड इम्पैक्ट (आशा और प्रभाव की ताकत के रूप में बहुपक्षवाद) शीर्षक वाले मंत्रीस्तरीय सत्र में जलवायु और विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय सहयोग की अहमियत को रेखांकित किया गया।

# रणबीर कपूर अब बन गए हैं सलोनी सरसों तेल, सलोनी सोया बड़ी और स्टेफिट रिफाइंड तेल के नए ब्रांड एंबेसडर




**मुंबई।** महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज, जो कि भारत के खाद्य तेल क्षेत्र में एक भरोसेमंद और तेजी से बढ़ता हुआ नाम है, इसने अब अपने प्रमुख ब्रांडों– सलोनी (सरसों तेल और सोया बड़ी) और स्टेफिट (रिफाइंड तेल) के लिए रणबीर कपूर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह साझेदारी, कंपनी के ब्रांड को राष्ट्रीय स्तर बनाने की और भारत भर के बाजार में अपनी पैठ को तेज़ी से बढाने के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारतभर की गृहिणियों की पसंद 'सलोनी' सरसों तेल ने उनकी ही पसंद के हीरो रणबीर कपूर को अपना ब्रांड एंबेसडर चुना है, ताकि सलोनी हर रसोई की शान बन सके। यह साझेदारी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कंपनी के दीर्घकालिक रणनीतिक उद्देश्यों के अनुरूप है, इसमें महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज ने सालाना आय में 25% की महत्वाकांक्षी बढ़ोतरी के साथ, लगातार डबल डिजिट (दोहरे अंकों) के विकास का लक्ष्य रखा है। इस विकास को नए नए क्षेत्रों में विस्तार करके, ग्रामीण बाजारों में अन्दर तक पहुंच बनाके और मजबूत ट्रेड मार्केटिंग एवं चैनल एक्टिवेशन के द्वारा हासिल किया जाएगा। उत्तर और पूर्वी भारत में मजबूत लीडरशिप (नेतृत्व) के साथ-साथ, ज़्यादा से ज़्यादा उपभोक्ताओं द्वारा पसंद किए जाने, समर्पित ग्राहक आधार और अपने मौजूदा चैनल पार्टनर्स की लगातार सफलता के साथ, महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज अब राष्ट्रीय विस्तार के एक नए चरण में प्रवेश कर रही है और पूरे भारत में सक्रिय रूप से नए चैनल पार्टनर्स को अपने साथ जोड़ रही है। अपने मुख्य बाजारों में इसका यह शानदार प्रदर्शन, अब इसके विकास के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। कंपनी अब अपने डिस्ट्रीब्यूशन (वितरण) नेटवर्क को मजबूत करने और नए-नए व तेजी से बढ़ते बाजारों में बढ़ती मांग का लाभ उठाने के लिए, प्रतिबद्ध सुपर स्टॉकिस्टों, डीलरों और वितरकों को अपने साथ जोड़ रही है। यह निर्णय महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक (मैनेजिंग डायरेक्टर) श्री दिनेश राठौड़ के दीर्घकालिक विज़न (दृष्टिकोण) को दर्शाता है।

# होली त्यौहार के मद्देनजर 2 सुपर जोनल, 6 जोनल व 38 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती

**डीएम का निर्देश सभी मजिस्ट्रेट तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराएं**

**कंट्रोल रूम स्थापित :** कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 05564-240590 है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन (सहकारिता) नीरज कुमार गौड़ तथा जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो स्टाफ सहित ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जनपद में होलिका दहन एवं होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। त्योहार के मद्देनज़र विशेष सतर्कता बरतते हुए जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर द्वारा सुपर जोनल, जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तहसील व पुलिस चौकीवार तैनाती की गई है।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, हाटा एवं तमकुहीराज हेतु अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया है। वहीं सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना, खड्डा एवं कप्तानगंज के लिए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रेम कुमार राय को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में कसया, हाटा, तमकुहीराज, पडरौना, खड्डा एवं कप्तानगंज तहसीलों के उप जिलाधिकारियों को उनके-अपने क्षेत्र का जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 38 अधिकारियों की तैनाती की गई है। इनमें जनपद स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं, जिन्हें पुलिस चौकीवार, कस्बा चौकीवार एवं प्रमुख चौराहों पर नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त 02 जोनल एवं 06 सेक्टर मजिस्ट्रेट रिजर्व में भी रखे गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर यह सुनिश्चित करेंगे कि कहीं भी कानून-व्यवस्था संबंधी विवाद उत्पन्न न हो। किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था में बाधा आने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक एवं उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। संबंधित उप जिलाधिकारी एवं थाना प्रभारी से समन्वय बनाते हुए स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाएगी। वर्तमान में धारा 163 लागू है, जिसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। 2 मार्च से 4 मार्च, 2026 तक सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने चौकी एवं थाना क्षेत्र में तैनात रहेंगे तथा अधिकारियों को सूचित करते रहेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया है कि वे चौकी इंचार्ज, थानाध्यक्ष, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अधिकारी , विद्युत विभाग एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के संपर्क नंबर अपने पास रखें।

# राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक युगांतरकारी कदम : संजय शुक्ल



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के निर्देशन में राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण के अंतर्गत दो बैचों में शिक्षक, एआरपी, डायट मेंटर और बीईओ सहित कुल 180 लोग प्रशिक्षित किए गए। शुक्रवार को दूसरे बैच में 105 प्रतिभागियों को डायट प्राचार्य द्वारा प्रमाणपत्र वितरित करके प्रशिक्षण का समापन किया गया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल परख का सामान्य प्रसार मात्र नहीं है, बल्कि यह देश की शैक्षिक गुणवत्ता को मापने के लिए आयोजित होने वाला एक वृहद और वैज्ञानिक राष्ट्रीय सर्वेक्षण है। कहा कि परख सर्वेक्षण भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक युगांतरकारी कदम है। प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता डॉ रविनाथ त्रिपाठी और सह नोडल प्रवक्ता शशि दर्शन त्रिपाठी ने परख सर्वेक्षण के परिचय, इसके ऐतिहासिक संदर्भ और राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न सत्रों में अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और सर्वेक्षण को निष्पक्ष व सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता डॉ गोविन्द, वंदना चौधरी, ऋचा शुक्ला, अलीउद्दीन खान, सरिता चौधरी, वर्षा पटेल, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बंद पड़ी पडरौना चीनी मिल को फिर से चालू कराने की कवायद हुई तेज

**भूमि जांच में 150 एकड़ पर अनियमितता उजागर, किसानों ने दिया हर संभव सहयोग का आश्वासन**



पडरौना चीनी मिल चालू कराने हेतु किसानों एवं प्रतिनिधियों से वार्ता करते डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में कृषक प्रतिनिधियों, चीनी मिल प्रबंधन एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागीय विकास कार्यों की समीक्षा के साथ बंद पड़ी पडरौना चीनी मिल को पुनः संचालित कराने के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुई।

कृषक प्रतिनिधि छोटेलाल सिंह एवं अन्य किसानों ने बैठक में बंद चीनी मिल, पडरौना को पुनः चालू कराने की मांग प्रमुखता से उठाई। इस पर जिलाधिकारी ने अब तक की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि भूमि अभिलेखों की गहन जांच में लगभग 100 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जिस पर वर्तमान में खेती की जा रही है। इसके अतिरिक्त करीब 50 एकड़ भूमि पर अवैध खरीद-फरोख्त कर कब्जा किए जाने की जानकारी मिली है, जिसके संबंध में विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। बैठक में किसानों ने भरोसा दिलाया कि यदि पडरौना मिल को पुनः चलाने के लिए कोई सक्षम पक्ष आगे आता है, तो वे गन्ना मूल्य भुगतान से संबंधित अपने समस्त वाद माननीय उच्च न्यायालय से वापस लेने को तैयार हैं।

किसानों ने कहा कि वे ब्याज छोड़कर केवल मूलधन लेने पर सहमत होंगे, ताकि मिल संचालन में कोई बाधा न आए। जिलाधिकारी ने कृषक प्रतिनिधियों से संबंधित वादकारियों के शपथ-पत्र शीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। साथ ही चीनी मिल प्रतिनिधियों से भी इस विषय पर सकारात्मक पहल करने को कहा। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि नई चीनी मिल की स्थापना अथवा पुनः संचालन से गन्ना क्षेत्रफल में वृद्धि होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने चीनी मिल प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि समयानुसार ड्रेनों की सफाई सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए शीघ्र ड्रेनों की सूची उपलब्ध कराई जाए, जिससे आगामी पेराई सत्र से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुचारु की जा सकें।

# हाईस्कूल गणित में 2734 व इंटर भौतिक विज्ञान में 1735 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो रहा परीक्षा, जिले को 6 जोन व 22 सेक्टरों में बांट गया**

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 194 केंद्रों पर संपन्न हो रही है। शुक्रवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित विषय में 2734 व इंटर भौतिक विज्ञान में 1735 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। कहीं से भी अनुचित साधन प्रयोग करने का समाचार नही प्राप्त हुआ था।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल गणित विषय में कुल 43,300 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 40,566 उपस्थित हुए। अनुपस्थित परीक्षार्थियों में 2162 बालक और 572 बालिकाएं शामिल है। इस तरह से हाई स्कूल गणित में 2734 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली में ही इंटर ट्रेड विषय में 643 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से 34 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली इंटर भौतिक विज्ञान में कुल 32996 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें बालक वर्ग से 17325 और बालिका वर्ग से 13936 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि बालक वर्ग से 1230 और बालिका वर्ग से 505 अनुपस्थित रहे। इस तरह से भौतिक विज्ञान में 1735 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा की निगरानी के लिए सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शुचिता पूर्ण और नकलविहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों को छह जोन और 22 सेक्टर में बांटा गया है। डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित है। इसे सभी केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों से जोड़ दिया गया है। इसके अलावा सभी केंद्रों पर परीक्षक तैनात करने के साथ ही केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण गुप्ता ने बताया कि प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के रखने के लिए स्ट्रांग रूम एवं उनके सीलिंग व पैकिंग रूम में वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे एवं रिकॉर्डिंग के लिए डीवीआर लगाए गए हैं। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों की वेब कास्टिंग के जरिए मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

# कुशीनगर में ममता हुई शर्मसार, गन्ने की खेत में मिली नवजात शिशु

**कुशीनगर।** जिले में एक बार फिर शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है। शुक्रवार सुबह कसया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा भैंसहा के टोला छितौना पट्टी में एक गन्ने के खेत में एक दिन की नवजात शिशु मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

ग्रामीणों को गन्ने की खेत में रोती नवजात कि आवाज सुनाई दी, नजदीक जाने पर देखा कि एक दिन की नवजात बच्ची शिशु जमीन पर अकेले पड़ी रो रही है। कुछ ही देर मे आस-पास के ग्रामीण भी इकठ्ठे हो गये। स्थानीय एक महिला ने नवजात बच्ची को लेकर कुछ देर देखभाल की। ग्रामीणों के मुताबिक भोर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने गन्ने की खेत में सुबह नवजात बच्ची को रखकर चला गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 पुलिस पहुंची। ग्रामीणों की मदद से नवजात को अपने संरक्षण मे लेकर नवजात शिशु को ईलाज के लिए सीएचसी कसया पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां नवजात का ईलाज चल रहा है।

# ग्राम सचिवालय के आधुनिकरण से ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे मिलेगी सभी सुविधाएं : सांसद

**बोदरवार में दो मंजिला ग्राम सचिवालय व पंचायत भवन का सांसद ने किया लोकार्पण**




ग्राम सचिवालय का लोकार्पण करते सांसद विजय कुमार दुबे

**अवधनामा संवाददाता**

**बोदरवार, कुशीनगर।** बोदरवार ग्राम सभा में लाखों की लागत से कायाकल्प के बाद तैयार बहुप्रतीक्षित ग्राम सभा सचिवालय व पंचायत भवन का कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे ने सैंकड़ो ग्रामीण की उपस्थिति में पूजन, अर्चन तथा दीप प्रज्ज्वलित किया और शिलापट्ट का फीता खींच कर लोकार्पण किया।

लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि सचिवालय के आधुनिकरण से ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं सुलभ होगी। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। शुक्रवार को बोदरवार में पूर्व निर्मित ग्राम सचिवालय तथा पंचायत भवन जर्जर हो गया था। जिससे ग्रामीणों तथा कर्मियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अभिलेखों को रखने का कोई सुरक्षित स्थान नहीं था। रखरखाव में असुविधा हो रही थी। कायाकल्प के तहत निर्मित दो मंज़िली पंचायत भवन में दो महिला स्नान घर, माधव केशव तथा अटल दो हाल, सचिव कार्यालय, सचिव आवास, प्रधान कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, तीन शौचालय की अत्याधुनिक सुविधा सचिवालय में सुलभ है।

आगे सांसद ने कहा कि ग्राम प्रधान बोदरवार को विद्युत उपकेन्द्र के लिए जमीन की व्यवस्था करने को कहा गया है। जमीन उपलब्ध होते ही विद्युत उपकेन्द्र उपलब्ध करा दिया जायेगा। ग्राम सभा में स्थित छठ पोखरे के सुंदरीकरण के लिए दस लाख का अनुदान होली के बाद उपलब्ध करा दिया जायेगा। पोखरे की सुंदरीकरण के बाद छठ के व्रती महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। बोदरवार बाजार की आबादी को देखते हुए नगर पंचायत के लिए प्रस्तावित किया गया है। विशिष्ठ अतिथि तथा दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अतुल सिंह ने कहा बहुउद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण ग्राम सभा की जरूरतों और ग्रामीणों की सुविधाओं का ध्यान रखकर किया गया। भवन आधुनिक सुविधाओं से लैश है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम गोरखपुरी तथा संचालन जितेन्द्र मिश्र व अवधेश गिरी ने संयुक्त रूप से किया। ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया ने सभी ग्रामीणों व आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# इलाज या कारोबार, प्रसूता की मौत ने खोली आर्यन अस्पताल की पोल

**आर्यन हॉस्पिटल ने मातृत्व की चीख : ऑपरेशन थियेटर से उठी लापरवाही की गंध,**

**महिला की मौत, ताला जड़कर गायब हुआ अस्पताल प्रबंधन**



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जनपद के पड़रौना कोतवाली व कुबेरस्थान सीएचसी क्षेत्र के खिरकिया स्थित आर्यन हॉस्पिटल के घोर लापरवाही के कारण एक महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है हॉस्पिटल प्रबंधन ने पहले नार्मल प्रसव कराने का दावा किया, बाद मे प्रसव पीड़िता की गंभीर स्थिति का दुहाई देकर आपरेशन किया। इलाज मे लापरवाही के वजह से महिला की हालत बिगड़ती गई और मौत हो गई। मौत के बाद अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई, परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया, यह देख अस्पताल प्रबंधन ताला लगाकर गायब हो गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची तो अस्पताल बंद मिला।

मृतका पड़ोसी राज्य बिहार के बगहा पश्चिमी चंपारण बोरबल गांव की रहने वाली बताई जा रही है। मृतका के पति पंकज पासवान का आरोप है कि पत्नी को सामान्य प्रसव का आश्वासन देकर भर्ती किया गया था। बाद में ऑपरेशन की बात कहकर अतिरिक्त धनराशि जमा कराई गई। ऑपरेशन के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई, लेकिन समय पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं हुए। परिजनों का कहना है कि समुचित इलाज न मिलने से उसकी मौत हुई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक परिवार के लोगो को समझाने के बजाय सख्ती दिखाते हुए खडेद दिया। इसी बीच अस्पताल संचालक हॉस्पिटल से फरार हो गया। बाद मे स्टाफ हॉस्पिटल पर ताला जडकर गायब हो गये।

**डीएम ने जांच का दिया निर्देश :** घटना की जानकारी जब जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को हुई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को टीम गठित कर मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश के अनुपालन मे सीएमओ डॉ. चंद्र प्रकाश ने तत्काल मौके पर टीम भेजकर जांच करने के लिए निर्देशित किया। लेकिन जांच को जब टीम आर्यन हॉस्पिटल पहुंची तो वहा ताला लगा हुआ मिला।

**सीएमओ बोले :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्र प्रकाश का कहना है कि घटना की जानकारी होने के तत्काल बाद प्रकरण की जांच के लिए टीम गठित की गई है। टीम जब अस्पताल पहुंची तो वहां कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं था। तथ्य जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

सूबे के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने निजी अस्पतालों में लापरवाही के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश पहले ही दे चुके हैं। इसके बावजूद कुशीनगर मे विभाग के जिम्मेदार, मरीजों के जिन्दगी से खिलवाड़ करने वाले हॉस्पिटलों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर मामलो को ठंडे बस्ते मे डालकर अपने दायित्वों की इतिश्री कर देते है।

# छापेमारी में मिली 78 लीटर कच्ची शराब और 250 किग्रा लहन

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत होली पर्व के दृष्टिगत अवैध कच्ची शराब की बिक्री एवं तस्करी के रोकथाम के लिए शुक्रवार को जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम भवसिंहपर जलालपुर माफी खेखरुआ भूलीनगर कचनाव व थौरी में आकस्मिक दबिश दी गयी। क्षेत्र- 3 के थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक व थाना जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम थौरी भूलीनगर व कचनाव से लगभग 78 ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 250 किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया । इस कार्यवाही मे 04 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई।

# युवा शक्ति ही विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला




**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का भव्य आयोजन शुक्रवार को नगर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में माई भारत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। जिसमें जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ओम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें प्रो किरन सिंह केएनआईपीएस सुल्तानपुर प्रो निशा सिंह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुल्तानपुर डॉ.ब्रजेश सिंह प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुसाफिरखाना डॉ.गौरव त्रिपाठी तथा डॉ.कमलेश चौरसिया उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के वक्तव्यों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी मूल्यांकन करते हुए परिणाम घोषित किए। प्रतियोगिता में तनवी सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिया मौर्य को द्वितीय स्थान अनुभा द्विवेदी को तृतीय तथा सेजल मिश्रा को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में माय भारत मेरा युवा भारत अमेठी के प्रतिनिधि के रूप अश्वनी शर्मा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# मार्च में शिफ्ट होगा मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में इमरजेंसी चिकित्सा

**कुशीनगर।** मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में इमरजेंसी चिकित्सा व्यवस्था शिफ्ट होगी। मार्च में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इससे मरीजों को सहूलियत होगी। अब तक पुरानी बिल्डिंग में इमरजेंसी संचालित होने से एंबुलेंस से आने जाने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में मरीजों को दरवाजे से अंदर जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नई बिल्डिंग का फाउंडेशन ऊंचा होने से तीमारदार मरीजों को गोद में उठाकर या व्हीलचेयर पर ले जाते हैं। प्राचार्य के निर्देश पर इमरजेंसी व्यवस्था पहले नई बिल्डिंग में शिफ्ट होगी। वार्ड और डॉक्टर के कक्ष में अधूरे कार्यों को पूरा कराया जा रहा है। इससे एंबुलेंस सीधे इमरजेंसी के गेट तक पहुंच जाएगी और मरीज को इलाज के लिए लेकर जाने में दो से तीन मिनट लगेंगे। पुरानी बिल्डिंग में आठ से दस मिनट लगता है। प्राचार्य डॉ. सुभाष गुप्ता ने बताया कि मार्च के अंत तक इमरजेंसी को नई बिल्डिंग में शिफ्ट करा दिया जाएगा।

# नेबुआ नौरंगिया बीडीओ के दोनों वाहनों में लगी भीषण आग, पेट्रोल डालकर आगजनी की आशंका



**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के रामपुर खुर्द गांव में गुरुवार की देर रात घर के बाहर खड़ी दो गाड़ियों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते दोनों गाड़ियां धू-धू कर जलने लगीं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग सहम गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि जली हुई गाड़ियां आर.के. सेठ, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) नेबुआ नौरंगिया की हैं। घटना की सूचना मिलते ही नेबुआ नौरंगिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। फिलहाल दोनों गाड़ियां पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी हैं। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है।

# पेड़ी गन्ना की उत्पादन क्षमता बावग से अधिक, लागत 30-35% कम : ओपी गुप्ता

**200 कुंतल प्रति एकड़ उपज से नहीं होगा लाभ, 300-400 कुंतल का रखें लक्ष्य**



**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** गन्ने की बावग फसल कटने के बाद खेत में बचे ठूंठों की भूमिगत आंखों (कलिकाओं) से उचित तापमान पर जो नई फसल तैयार होती है, उसे पेड़ी गन्ना कहा जाता है। पेड़ी फसल गन्ना उत्पादन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुशीनगर जनपद में लगभग 2 लाख 15 हजार किसान 96 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की खेती कर रहे हैं, जिसमें कुल क्षेत्रफल का 50 से 55 प्रतिशत हिस्सा पेड़ी गन्ना के अंतर्गत आता है।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र, पिपराइच (गोरखपुर) के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पेड़ी गन्ने की उत्पादन क्षमता बावग गन्ने की तुलना में अधिक होती है, जबकि इसकी लागत 30 से 35 प्रतिशत तक कम आती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसान पेड़ी गन्ने से मात्र 200 कुंतल प्रति एकड़ उपज लेते हैं तो उन्हें लाभ नहीं मिल पाएगा, क्योंकि वर्तमान लागत के हिसाब से कम से कम 300 से 400 कुंतल प्रति एकड़ उत्पादन आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि श्री ओम प्रकाश गुप्ता ने कृषक अध्ययन यात्राओं के दौरान उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, हरियाणा, आंध्रप्रदेश, गुजरात, बिहार और उड़ीसा के गन्ना अनुसंधान संस्थानों, आधुनिक चीनी मिलों व कृषक प्रक्षेत्रों का भ्रमण कर नवीनतम तकनीकी जानकारियां प्राप्त की हैं, जिनका लाभ वे समय-समय पर किसानों को प्रदान करते रहते हैं।

अधिक उपज के लिए किसानों को यू.पी. 05125, को. 98014, को.शा. 13235, 13231, 18231, को. 0118, को.से. 8452, को.से. 13452, को.लख. 14201, को.से. 17451 आदि प्रजातियों का चयन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वही गन्ना बोएं जिसकी पेड़ी क्षमता अच्छी हो।

**संतुलित उर्वरक व प्रबंधन जरूरी :** पेड़ी फसल से अधिक उत्पादन के लिए बावग गन्ने की कटाई 15 जनवरी के बाद भूमि की सतह से करनी चाहिए। कटाई के बाद दो पंक्तियों के बीच गहरी जुताई-गुड़ाई आवश्यक है। एक एकड़ के लिए 50 किग्रा यूरिया, 75 किग्रा डीएपी या चार बोरी सिंगल सुपर फास्फेट, 25 किग्रा म्यूरेट ऑफ पोटाश तथा 4 किग्रा साई पावर प्लस का प्रयोग करें। उचित नमी की स्थिति में पेड़ी फसल को 25 प्रतिशत अधिक यूरिया की आवश्यकता होती है। खड़ी फसल में जून तक दो बार में कुल 100 किग्रा यूरिया सिंचाई के बाद देना लाभकारी है। इसके साथ ही 70-75 कुंतल सड़ी गोबर खाद का प्रयोग उत्पादन बढ़ाता है।

### उपज कम होने के कारण

श्री गुप्ता ने बताया कि पेड़ी फसल की कम उपज के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं, जैसे–

* उपयुक्त प्रजातियों का चयन न करना
* जाड़े में गन्ने की कटाई
* संतुलित उर्वरकों का समय से प्रयोग न करना
* खाली स्थानों की भराई न करना
* बावग और पेड़ी फसल में भेदभावपूर्ण प्रबंधन
* सिंचाई एवं फसल सुरक्षा में लापरवाही
* असमय अधिक वर्षा एवं अनुचित प्रबंधन

### पेड़ी गन्ना के लाभ

* 20-25 कुंतल बीज गन्ने की बचत (10-12 हजार रुपये प्रति एकड़)
* खेत की तैयारी, नाली निर्माण व बुवाई में लगभग 5 हजार रुपये प्रति एकड़ की बचत
* उत्पादन अधिक, लागत कम
* बावग गन्ने से लगभग डेढ़ माह पहले तैयार, * चीनी परता अधिक
* पर्ची व भुगतान शीघ्र प्राप्त

उन्होंने सुझाव दिया कि किसान अधिकतम दो पेड़ी लें और चीनी मिलें अपने परिक्षेत्र में 60-65 प्रतिशत क्षेत्र पेड़ी गन्ना के अंतर्गत रखें, जिससे चीनी परता में वृद्धि सुनिश्चित होगी।

### सिंचाई व सहफसल

फरवरी-मार्च में सिंचाई व गुड़ाई अवश्य करें। जहां पौधे नहीं उगे हों, वहां किनारे की लाइन से पौधे निकालकर रोपाई करें। मूंग या उड़द को सहफसल के रूप में बोना लाभकारी रहेगा।

### कीट नियंत्रण के उपाय

पिहिका कीट नियंत्रण हेतु सिंचाई करें। रेड टाइगर कीटनाशक 2 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। प्रभावित पौधों को काटकर हटा दें तथा ठूंठों पर ट्राईको फफूंदनाशक का छिड़काव करें।

# नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**बस्ती।** शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा के साथ कम्पनी बाग में निर्माणाधीन गुरू गोविन्द सिंह चौक और आवास विकास में सी.सी. रोड, नाली निर्माण का निरीक्षण किया।नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाय। कहा कि चुनाव के समय नागरिकों से विकास के जो वायदे किये गये थे उसे चरणबद्ध ढंग से पूरा कराया जा रहा है। उन्होने नागरिकों से आग्रह किया कि स्वच्छता अभियान और नगर पालिका क्षेत्र को स्वस्थ, सुन्दर बनाने की दिशा में योगदान और सुझाव दें। निरीक्षण के दौरान सभासद परमेश्वर शुक्ल पप्पू के साथ ही गुड्डू पाण्डेय, अमृत पाल 'सनम', साहेब सचदेवा, अमरीक सिंह विक्की, दिलप्रीत सिंह, सत्य प्रिय मौर्या, हर प्रीत सिंह, जेई सिविल अर्पित निगम, अंदिता श्रीवास्तव, हर्षित, सूरज गुप्ता, विवेक श्रीवास्तव, नीरज पाण्डेय के साथ ही स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पानी परात को हांथ छुयो नहिं.....



**अमेठी।** भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के मित्रता की मिसाल दुनिया मे आज भी दी जाती है।यह प्रसंग कथा वाचक ने बड़े मार्मिक ढंग से वर्णित किया। विकास खण्ड के पूरे चंद्रिका दरखा गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा में शुक्रवार को कथा व्यास विमल कृष्ण शास्त्री ने बताया कि संदीपनि मुनि के आश्रम में श्री कृष्ण और सुदामा ने शिक्षा ग्रहण की थी दोनों बालसखा थे। कालांतर में श्री कृष्ण द्वारिकाधीश बने और सुदामा गरीब ब्राह्मण हुए।पत्नी सुशीला के हठ पर सुदामा अपने मित्र से मिलने द्वारिका पहुंचे। जहां नगर वासियों के तमाम तिरस्कार को दरकिनार कर सुदामा ने श्रीकृष्ण से मिलने का निश्चय किया। समाचार पाकर द्वारिकाधीश का विह्वल होकर अपने मित्र से मिलने नंगे पैर दौड़ पड़े। कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के मिलन का वर्णन करते हुए बताया कि पानी परात को हाथ छुयो नहि नैनन के जल से पगु धोयो। देखि सुदामा की दीन दशा करुणा करके करुणानिधि रोए। कहा कि आज समाज में मित्रता स्वार्थ के बस हो रही है। कथावाचक ने यदु दत्तात्रेय संवाद गुरु से अधिक शिष्य का महत्व भगवान के 16108 विवाह प्रसंगों का वर्णन करते हुए परीक्षित के मोक्ष की कथा विस्तार से वर्णन किया।कहा कि आधुनिकता के चकाचौंध में बढ़ती विषमता का एकमात्र समाधान श्रीमद्भागवत महापुराण में ही मिल सकता है।

# तेंदुए का शव मिलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

■ वन विभाग द्वारा पैनल गठित कर कराया जा रहा पीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव सेहरामऊ दक्षिणी में एक तेंदुए का शव खेतों में पड़ा मिला है फिलहाल अभी तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है लेकिन जैसे ही ग्रामीण गांव से बाहर निकले और उन्होंने खेतों में तेंदुए का शव पड़ा देखा तो दहसत में आ गए और जैसे ही क्षेत्र में लोगों को भनक लगी तो लोग तेंदुए का शव देखने के लिए जुटने शुरू हो गए जहां 1 घंटे के अंदर काफी भीड़ लग गई ग्रामीणों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय वन अधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद को दी इसके बाद वन विभाग की पूरी टीम जिसमें पुष्पेंद्र कनौजिया , भी मौके पर पहुंचे रेंजर शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया सेहरामऊ दक्षिणी गांव में तेंदुए का शव बरामद हुआ है विभाग द्वारा तेंदुए के शव का एक डॉक्टरों के पैनल के माध्यम से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### क्षेत्र में और तेंदुआ होने की आशंका ग्रामीणों में दहशत

उधर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में दूसरा तेंदुआ भी हो सकता है ग्रामीण बताते हैं तेंदुए की उम्र लगभग एक से डेढ़ वर्ष है जिससे आशंका जताई जा रही है कि क्षेत्र में और तेंदुआ हो सकता है चर्चा यह भी है कि तेंदुए की मौत आपसी संघर्ष में भी हो सकती है ग्रामीण बताते हैं इससे पहले भी कई बार क्षेत्र में तेंदुआ होने की चर्चा हो चुकी है लेकिन तेंदुए की पुष्टि कभी नहीं हुई। फिलहाल तेंदुलकर की मौत का मुख्य कारण पीएम के बाद ही स्पष्ट होगा।

# वसी ने थामा कांग्रेस का हाथ

■ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने दिलाई सदस्यता

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जनपद में आज अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर ग्राम नगरौर में कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह का जोरदार स्वागत करते हुए एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका संचालन जिला महामंत्री हमजा शाहिद ने किया। इस दौरान छात्र नेता मोहम्मद वसी वसी मेहदी ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी में पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। उक्त अवसर जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने पार्टी ध्वज लेकर विधिवत सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि जो छात्र हित की बात करेगा वही देश में राज करेगा। जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि छात्र शक्ति ही असली राष्ट्र शक्ति है।हर व्यक्ति नीचे से ऊपर उठता है जिसमें कांग्रेस पार्टी बहुत सहयोग करती है, जिसका मै स्वयं जीता जागता उदाहरण हूँ जिसने काफी राजनीति के बारे में सोचा ही नहीं था लेकिन कांग्रेस ने मुझे जिलाध्यक्ष बनाकर देश में सबसे कम उम्र के जिलाध्यक्ष के रूप में पहचान दे दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईद के बाद वृहद स्तर पर छात्र संगठन का सम्मेलन करने का किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मरहूम कांग्रेस नेता डाक्टर असगर मेहंदी को खिराजे अकीदत पेश करते हुए उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर चर्चा हुई।इस अवसर पर विनय सिंह हमजा शाहिद सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# त्यौहारों के मद्देनज़र जनपद में शांति, सुरक्षा और भाईचारा बनाए रखें : जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** आगामी त्यौहारों होली, रमजान, ईद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने हेतु विभिन्न धर्म के धर्मगुरूओं के साथ कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की गरिमामयी उपस्थिति में पीस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी, इस बैठक का मुख्य उददेश्य जनपद में शांति, सुरक्षा और भाईचारा बनाए रखना है, बैठक में उपस्थित समस्त धर्मगुरूओं ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन देते हुए आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण बनाने हेतु अपने आपको कृत संकल्पित किया, बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि यदि हमें 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो हमे अपने त्यौहारों को एकता और भाईचारें की मिशाल बनाना होगा, उन्होने जोर देकर कहा कि एक संगठित समाज और एकजुट लोग ही भविष्य के विकसित भारत के नींव रख सकते है, हम सभी को एक दूसरें की भावनाओं को और धर्मो का सम्मान करना चाहिए, यदि कही भी विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसकी सूचना त्वरित प्रशासन को दें, जिलाधिकारी ने धर्मगुरूओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सबसे बडे वालिंटियर है, अतः आपकी जिम्मेदारी समाज के प्रति बढ जाती है, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फै लाने वालों से सावधान रहें, और किसी भी भ्रामक पोस्ट को देखकर भ्रमित न हो, यदि चौराहें या सार्वजनिक स्थलों पर कोई अराजकता फै लाता दिखें तो पुलिस को तत्काल सूचित करें, हमारा साझा प्रयास होना चाहिए कि हर त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाए, बैठक के दौरान धर्मगुरूओं ने प्रशासन से त्यौहारों के दृष्टिगत बिजली, स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की, जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बुनियादी सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोई कोताही न बरती जाए, प्रशासन पूरी तरह से मुश्तैद है और आम जनमानस की सहायता के लिए तत्पर है, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पाण्डे के साथ समस्त उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## डा0 अम्बेडकर सेन्ट्रल कमेटी का हुआ गठन

**टूंडला।** डा. भीमराव अम्बेडकर की 135 जयंती के अवसर पर सेन्ट्रल कमेटी के अध्यक्ष सुधांशू मित्रा द्वारा गणमान्य व्यक्तियों के बीच नई कमेटी गठित की गई। जिसमें संयोजक संजीव कुमार एडवोकेट प्रधान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश निगम, उपाध्यक्ष मो. शहीद, विपिन कुमार सिंह, जोगेन्द्र सिंह, योगेन्द्र पाल सिंह, जितेन्द्र जाटव, जितेन्द्र निमेष, शहजाद खॉन, महासचिव देवेन्द्र कुमार नागर, सचिव भूपेन्द्र सिंह, शुभम सिंह, मोहित कुमार, सद्दाम सोदान सिंह, डा. करन, अतुल कर्दम सहसचिव अंकुश नागर, कुनाल आनन्द, विशाल कुमार, कोषाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह प्रत्यक्ष कुमार, संगठन मंत्री मो. बसीम जौली, मोहित कुमार, अपूर्व सिंह, नितेष कुमार, सरक्षक मंडल मो. सेफ, मो. फरहान, राहुल निगम, मनध्वी आनन्द, राशू अन्सारी मो. सत्तार, सियाराम बौद्ध, बंगाली बाबू रोशनलाल निडर, लाखन सिंह वर्मा, धर्मप्रकाश, कुलदीप बौहरे, रमेश चन्द्र व्यास, मो. हुसैन, अनिल कुमार शर्मा, चन्द्र प्रकाश, डा. वृजेश कुमार, रघुवीर सिंह भाई जी, आर.के. सिंह बघेल, बसंत लाल, प्रीतम सिंह, गोपाल स्वरूप, प्रकाशवीर, डा. मानिक चन्द्र, संजय यादव प्रधान, राजाराम, मानसिंह, बबलू, बाबा, एसपी सिंह, जंडेल सिंह, मुकेश जाटव, भीकम सिंह, प्रवीन, कुमार सेमर, गोरीशंकर, रमेश चन्द्र व्यास, मुन्ने खाँ आदि बनाये गये।

# खान-पान में मिलावट के विरूद्ध निरन्तर छापामारी जारी

■ 20 कि0ग्रा0 खोआ व 24 कि0ग्रा0 कलाकन्द मिठाई को कराया नष्ट

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी फिरोजाबाद के आदेश पर खान पान में मिलावट के विरुद्ध निरन्तर छापामारी जारी है। होली त्यौहार के दृष्टिगत खोवा, रंगीन कचरी, खाद्य तेल, घी, मिठाइयों पर विशेश निगरानी रखी जा रही है। सहायक आयुक्त (खाद्य) चन्दन पाण्डेय द्वारा गठित टीमों ने जिले भर में निम्नानुसार कार्यवाही सम्पादित की है।

सांती रोड, सैलई स्थित कौशिकी स्वीट्स के कारोबार कर्ता श्यामवीर सिंह से कलाकन्द मिठाई का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा 20 कि0ग्रा0 खोआ एवं 24 कि0ग्रा0 कलाकन्द मिठाई को नष्ट कराया गया। नगला शेख में कारोबार कर्ता से जितेन्द्र की निर्माण इकाई से खोआ का एक नमूना संग्रहित किया गया। स्वरुप नगर, लाइनपार में कारोबार कर्ता विजय कुमार की दुकान नत्थीलाल स्वीट्स से खोआ का एक नमूना संग्रहित किया गया। टूण्डला स्थित बांके बिहारी स्वीट्स के कारोबार कर्ता गिरीश की दुकान से खोआ का नमूना लिया गया। चन्दन पाण्डेय ने बताया कि त्यौहारों पर खाद्य पदार्थो की बिक्री बढ जाती है, एसी स्थिति में मुनाफा कमाने के उद्देश्य से कतिपय कारोबारियों द्वारा मिलावट को बढावा दिया जाता है, जिस पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा स्वंय एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय रख कर कार्यवाही की जा रही है, मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। आम जनमानस एवं उपभोक्ताओं से अपील है कि वह बाजारों में कुछ भी खरीदने से पूर्व कच्चे खाद्य पदार्थो को सूंघ कर, चखकर खरीदें तथा पैक्ड पदार्थो पर निर्माता का पूर्ण नाम पता, निमार्ण तिथि, बेस्ट बिफोर, एक्सपायर तिथि आदि को देख कर ही खरीदें तथा विशेषरुप से अधिक चटकदार, रंगीन मिठाइयों, कचरी का परहेज करें।

# सांसद बहराइच की अध्यक्षता में संपन्न हुई दिशा की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अषोक जायसवाल, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह सहित निकायों के अध्यक्ष, प्रमुखगण, समिति के सदस्यगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना गारण्टी की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिया गया कि जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनकी सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दे। इसी प्रकार उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देष दिया कि स्वयं सहायता समूहों की संख्यात्मक सूची एवं लखपति दीदियों की सूची भी उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देष दिये गये। ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार का अधिक से अधिक कृषक लाभ प्राप्त कर सके। इसके लिए मण्डी सचिव को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा बाहरी मण्डी में उपज की बिक्री हेतु किसानों को सहयोग प्रदान करने के निर्देष दिये गये। उप निदेषक कृषि को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत भुगतान की गयी धनराषि व कृषको की सूची जनप्रतिनिधियों के साथ साझा करने के निर्देष दिये गये। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा निर्देष दिया गया कि समस्त चिन्हित स्थानों पर षीघ्र से षीघ्र जन औषधि केंद्रों को संचालित कर आमजन को सभी अनुमन्य औषधियां उपलब्ध करायी जाय। उन्होनें जन औषधि केन्द्रों पर वेण्डर नामित किये जाने के निर्देष दिये गये। बैठक के दौरान जिला दिव्यांगजन सषक्तिकरण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 03 व 25 दिसम्बर 2025 को विकास भवन व महराज सिंह इण्टर कालेज में दिव्यांगजनों को जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सहायक उपकरणों का वितरण कराया गया है। इस सम्बंध में सभी पात्र दिव्यांगजनों को विभागीय योजनाओं से आच्छादित किया जाय। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान सांसद डॉ. गोंड द्वारा सुझाव दिया गया कि जो मार्ग अतिआवश्यक है उनके प्रस्ताव की प्रति जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करा दी जाय। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अन्तर्गत चयनित कलस्टरों के अवशेष कार्य को पूर्ण करने के लिए सांसद द्वारा समय सीमा तय किये जाने का निर्देश दिया गया।

# कैंसर से जंग के बाद स्वास्थ्य जागरूकता की मिसाल बनीं अर्चना शुक्ला

■ मिलेट्स को बना रहीं जन-आंदोलन

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** स्वास्थ्य से जुड़े अपने जीवन के सबसे कठिन दौर – कैंसर से संघर्ष – ने अर्चना शुक्ला को भीतर तक बदल दिया। इस चुनौतीपूर्ण अनुभव ने उन्हें सही पोषण और संतुलित आहार के वास्तविक महत्व का एहसास कराया। उन्होंने समझा कि हमारे पारंपरिक अनाज, विशेषकर श्री अन्न (मिलेट्स), केवल भोजन नहीं बल्कि औषधीय गुणों से भरपूर एक सशक्त जीवनशैली का आधार हैं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने "Naturalistic" की स्थापना की। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक मिलेट्स को आधुनिक जीवनशैली से जोड़ना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उनका मानना है कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यदि हम अपने खानपान में पारंपरिक अनाजों को शामिल करें, तो अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। शुक्ला का विश्वास है कि देश की असली शक्ति हमारे किसान भाई-बहन हैं। यदि स्थानीय और पारंपरिक फसलों को प्रोत्साहन दिया जाए, तो इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी बल्कि भूमि की उर्वरता और पर्यावरण संतुलन भी सुदृढ़ होगा। वे बताती हैं कि मिलेट्स कम पानी में तैयार हो जाते हैं, जलवायु परिवर्तन के अनुकूल हैं और टिकाऊ खेती (Sustainable Farming) के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। "Naturalistic" के माध्यम से वे 'खेत से थाली तक' (Farm to Plate) की श्रृंखला को सशक्त बनाने में जुटी हैं। इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है। उनका मानना है कि जब कृषि, पोषण और नारी सशक्तिकरण एक साथ आगे बढ़ते हैं, तभी सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। अर्चना शुक्ला के लिए यह पहल केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि किसानों, महिलाओं और समाज के बेहतर स्वास्थ्य को समर्पित एक संकल्प है।

# फार्मर रजिस्ट्री कार्य में शिथिलता बरतने पर 9 लेखपालों का वेतन रोकने के आदेश

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जनपद में फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की धीमी प्रगति और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों पर जिलाधिकारी ने कड़ा रूप अपनाया है, जिलाधिकारी रमेश रंजन ने तहसील जसराना के 9 लेखपालों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश दिए हैं और उप जिलाधिकारी जसराना को कारण बताओं नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है, जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में यह पाया की तहसील जसराना में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अत्यंत असंतोषजनक है बार-बार निर्देशों के बावजूद भी जसराना तहसील की प्रगति केवल 60.72 प्रतिशत की पाई गई है। 24, 25 एवं 26 फरवरी को लगातार शून्य कार्य करने वाले 9 लेखपालों आलोक कुमार, अमित कुमार प्रथम, अनोखेलाल, देवेंद्र पाल, जितेंद्र कुमार, नवीन कुमार, पंकज कुमार, प्रवीण कुमार, संजय सिंह का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने का आदेश जिलाधिकारी ने दिया है, जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी जसराना को फटकार लगाते हुए कहा है कि उनके द्वारा प्रभावी समीक्षा न करने के कारण ही अधीनस्थ कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 15 मार्च 2026 तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो जाए, किसी भी आधार पर शीथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, साथ ही जो कर्मचारी इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आगामी मोस्ट प्रांतीय सम्मेलन 2026 का आयोजन बैंतीकला में

**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)** निषाद भवन, विनोवापुरी में मोस्ट प्रांतीय सम्मेलन 2026 व मोस्ट कार्य-कार्यक्रम विस्तार हेतु मीटिंग की गई। मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगला मोस्ट प्रांतीय सम्मेलन जून माह में विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा के बैंतीकला में किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक रज्जन प्रसाद प्रदेश निर्णायक कमेटी मोस्ट, संचालन राम उजागिर यादव जनरल सेक्रेटरी मोस्ट, अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद करेंगे। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि यदि संविधान को मानने वाले राजनीतिक दलों द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट दिया जाता है तो मोस्ट पदाधिकारियों को चुनाव लड़ाया जाए। मीटिंग में सर्वसम्मति से निशा बौद्ध को महासचिव महिला विंग व मौसम बौद्ध को जिला सह संयोजक चयनित किया गया।मीटिंग में मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरूजी÷, प्रदेश कमेटी बाबू रज्जन प्रसाद, प्रदेश कमेटी इ. मनोरम वर्मा, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, प्रदेश कमेटी मोस्ट पूर्व विधायक सफ़्दर रजा खां, जिला प्रमुख डा. गोविन्द भगत, जिला प्रमुख महिला विंग नंदनी बौद्ध, जिला संयोजक राकेश निषाद, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र निषाद, प्रमुख धनपतगंज रमाकांत यादव, संयोजक जयसिंहपुर विवेक निषाद, डा. राहुल निषाद, मोस्ट रक्षक दल रोहित निषाद, लालजी बौद्ध, ब्लॉक संयोजक रवि निषाद, राधा निषाद, राकेश यादव प्रदेश कमेटी मोस्ट सहित दर्जनों मोस्ट पदाधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-1 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 1575/EE-1/नि. दिनांक- 27/02/2026

**(अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 06/03/2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 06/03/2026 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जल कल विभाग लखनऊ के नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्ट मनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | (18%) जी.एस.टी. | योग | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Boring work of mini Tubewell size 200*200 at Society Park Narhi. | 8400.00 | 450.00 | 81.00 | 531.00 | 07 दिवस |
| 2 | Devlopment, Supply of p-gravil & other mechanical work for mini Tubewell board at Society Park Narhi. | 8500.00 | 450.00 | 81.00 | 531.00 | 07 दिवस |
| 3 | Supply and Fixing of by pass system & electrical/civil works for newly bore mini tube well at Society Park Narhi. | 7000.00 | 350.00 | 63.00 | 413.00 | 07 दिवस |
| 4 | Rep. of 900 mm dia CI risingmain pipeline joint caller at near Meena Transport near Puliya Ganga Prasad Road Moulviganj Aminabad. | 2600.00 | 150.00 | 27.00 | 177.00 | 07 दिवस |
| 5 | Interconnection of 450 mm dia 110 mm dia pipeline at Sadana Electricals Shop Latouch Road. | 2900.00 | 150.00 | 27.00 | 177.00 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन -1
जल कल विभाग, नगर निगम, लखनऊ


# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत चला जागरूकता अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर चारू निगम के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस अभियान के अंतर्गत सभी थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयो पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

# दो बच्चों की माँ से दुष्कर्म एवं गर्भपात कराने का आरोपी सिपाही भेजा गया जेल

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** पति से अनबन होने के बाद दो बच्चों के साथ अलग रह रही महिला को प्रेम जाल में फंसाकर कई महीनो से दुष्कर्म करने एवं गर्भपात कराने समेत अन्य गम्भीर आरोपो से जुड़े मामले में बल्दीराय थाना क्षेत्र में तैनात डायल 112 के सिपाही आमिर फ़िरदौस खान उर्फएएफ खान को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को एसीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने मामले में आरोपी सिपाही की रिमांड स्वीकार करते हुए उसे 10 मार्च तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है। बल्दीराय थाने की एक गांव की रहने वाली महिला ने बल्दीराय थाना क्षेत्र में डायल 112 में तैनात सिपाही आमिर फ़िरदौस खान के खिलाफगंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित महिला के आरोप के मुताबिक उनके पति ने दूसरा विवाह कर लिया है और वह अपने दो बच्चों के साथ रहती है। आरोप के मुताबिक आरोपी सिपाही उनसे अक्सर मिलने आता था और उसने खुद को गैर शादीशुदा बताते हुए पीड़िता को शादी का झांसा देकर उनसे गत अक्टूबर महीने से दुष्कर्म करता रहा। आरोप के मुताबिक यौन शोषण की शिकार हुई महिला गर्भवती भी हो गई,जिसकी जानकारी मिलने पर आरोपी सिपाही ने उसे दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया और मारा-पीटा एवं धमकी भी दिया। पीड़ित महिला की शिकायत पर बुधवार को आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने तत्काल प्रभाव से आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया। स्थानीय पुलिस ने मामले में चंदौली जिले के साहबगंज थाने के भोड़सर गांव के रहने वाले आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर उसे अदालत में पेश किया। जिसकी न्यायिक रिमांड स्वीकार करते हुए अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राधिका उम्र 35 वर्ष पुत्री जमील अहमद पत्नी अमित यादव निवासिनी- अनोरा कलां लखनऊ पूर्ण रूप से स्वस्थ व बालिग हूं, मैंने दिनांक 09-07-2020 को अपनी स्वेच्छा से हिन्दू धर्म को अपना लिया है और अपना नाम राधिका अंगीकार कर लिया है। धर्म परिवर्तन पूर्व मेरा धर्म मुस्लिम एवं नाम फरहम जमील था। अतः अब मुझे राधिका नाम से ही पढ़ा, जाना व पहचाना जाये।



## कार्यालय जिलाधिकारी, सोनभद्र ।

(आबकारी विभाग)

सावधान! **अवैध शराब के सेवन से बचे !** सावधान!

संख्याः-232/14-16/जि0आ0अ0/अपील/सोनभद्र/2024-25 दिनांक 19.02.2026

**अपील**

होली पर्व के दृष्टिगत जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन कदापि न करें, क्योकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है। अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकृत आबकारी ठेके से ही बारकोड/क्यू0आर0 कोड एवं सील लगी मदिरा/शराब खरीदें। अवैध अड्डों पर महुए एवं अन्य माध्यम से बनी शराब किसी भी हालत में न खरीदें क्योकि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा हो सकती है।

अंतः किसी व्यक्ति के कब्जे में प्रदेश के बाहर या अवैध मदिरा पायी जाती है, तो निम्नलिखित अधिकारियों के मोबाईल नम्बर पर तत्काल सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

1. जिला आबकारी अधिकारी, सोनभद्र। मो0नं0-9454465619
2. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1 राबर्ट्सगंज, सोनभद्र। मो0नं0-8004165518
3. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2 दुद्धी, सोनभद्र। मो0नं0-8423636665
4. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 घोरावल, सोनभद्र। मो0नं0-8800807279

उक्त के अतिरिक्त अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री के सम्बन्ध में शिकायत विभागीय टोल फ्री नम्बर 14405 एवं व्हाटस एप नम्बर-9454466019 पर की जा सकती है।

**जिला आबकारी अधिकारी सोनभद्र।** **जिलाधिकारी सोनभद्र।**

# छापेमारी, बिल ज्यादा बनकर देना आदि पर सुधार किया जाए: धर्मवीर

- एसएसपी ने कहा जनसुनवाई पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है
- बैठक के अंत में डीएम ने धन्यवाद ज्ञापित किया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ.प्र. धर्मवीर प्रजापति प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम पुलिस विभाग की समीक्षा की गई, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वाहन चोरी में 11 लोगों पर कार्यवाही की गई एवं सड़क सुरक्षा के लिए 11 ब्लैक स्पॉट्स बनाए गए। 2412 संदिग्ध मोबाइल नम्बर को ब्लॉक कराया गया। साइबर अपराध/साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु कार्यशाला आयोजित की गई। जनसुनवाई पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है एवं आई.जी.आर.एस. में जनपद इटावा प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। मिशन शक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत जन चौपाल लगाई गई एवं 28 महिला अपराधी को सजा दिलाई गई। ऑपरेशन कनविक्शन में 86 अभियुक्तियों को सजा दिलाई गई। 528 पीड़िताओं कि काउंसलिंग कराई गई, 06 महिलाओं को आर्थिक सहायता दिलाई गई एवं 113 महिलाओं को स्किल डेवलपमेंट से लाभान्वित किया गया। ऑपरेशन मुस्कान में 26 बालिकाओं/ महिलाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा की जिस पर उप कृषि निदेशक आर.एन.सिंह द्वारा बताया गया कि 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद चलेगी, जिस पर मंत्री द्वारा बताया गया कि सभी क्रय केन्द्र समय से खोले जाएं एवं सभी केन्द्रों का रजिस्ट्रेशन कराया जाए एवं प्रचार-प्रसार कराया जाए। मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त सी.एच.सी. एवं पी.एच.सी. केन्द्रों पर सभी डॉ.व उनके नाम, डॉ. के मोबाइल नंबर, दवाई एवं उनके बैठने के समय की सूची बनाकर चस्पा की जाए, जिससे मरीजों को भटकना न पड़े। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि 15 पी.एम.श्री विद्यालयों पर कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी सरकारी पेंशनों जैसे वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, शादी अनुदान योजना आदि से कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। सामूहिक विवाह योजना, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, पी.एम. सूर्य घर योजना, पी.एम. स्वनिधि योजना आदि सभी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को अवश्य दिया जाए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह द्वारा बताया गया कि 515 ग्राम पंचायतों में आर.आर.सी. सेन्टर चालू किए गए एवं 71 गौशालाओं में 48 वर्मी कंपोस्ट पिट संचालित है। जिला पूर्ति विभाग की समीक्षा में जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि जनपद में 31अन्नपूर्णा भवन बनाए जा रहे है। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जाए। शहर में ट्रांसफार्मर खराब होने पर 24 घंटे में ट्रांसफार्मर बदले जाएं। छापेमारी, बिल ज्यादा बनकर देना आदि पर सुधार किया जाए एवं तहसील में जाकर ऐसी समस्याओं का समाधान वहीं पर कराया जाए। उन्होंने विद्युत एक्स.ई.एन.को निर्देशित किया कि इस समय होली, रमजान एवं बच्चों के परीक्षा आदि को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत सप्लाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंत्री ने विद्युत विभाग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि चकरनगर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर नहीं बदला जाता है, एक महीने से ट्रांसफार्मर खराब है इसको तत्काल ठीक कराया जाए। बैठक में मंत्री ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित जानकारी प्रेस के माध्यम से जनता तक पहुंचाएं एवं सभी विभाग आमजन से जुड़े, जितने भी कार्य लंबित है उनका गंभीरता से निस्तारण कराया जाए एवं इसकी सूचना लोगों तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम चौपाल में समय से अधिकारी पहुंचे एवं मौके पर समस्या का निस्तारण करना सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी आमजन की शिकायत शासन तक न पहुंचे। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष बी.जे.पी.अन्नू गुप्ता, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.बृजेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, उप कृषि निदेशक आर.एन. सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मस्जिद पंजाबियान में मुकम्मल हुआ कुरआन-ए-पाक

वहाज अली निहाल



**इटावा।** शहर के कटरा शहाब खां स्थित मस्जिद पंजाबियान में आठ रमज़ान मुबारक को तरावीह की नमाज़ में पहले दौर का कुरआन-ए-पाक मुकम्मल हुआ। तैतीस वर्षो से लगातार मुरादाबाद के हाफिज़ रईस अहमद अपनी शानदार किरत से तरावीह की नमाज़ में कुरआन पाक सुना रहे है, इस वर्ष भी उन्होंने आठ रमज़ान मुबारक को कुरआन पाक मुकम्मल किया। कुरआन पाक मुकम्मल होने के बाद हाफिज़ साहब व नमाज़ियों ने सभी के हक़ में रब तआला की बारगाह में दुआयें की। मस्जिद के मुतावल्ली हाजी साजिद हुसैन वारसी, अरशद हुसैन वारसी आदि ने हाफिज़ साहब सहित मस्जिद के पेश इमाम मौलाना ज़ाहिद रज़ा का साफा व शाल उड़ाकर गर्मजोशी से इस्तक़बाल किया। बाद तराबीह के हाफिज़ साहब ने अपनी-अपनी जगहों पर बैठे नमाज़ियों के पास जाकर फूके डाली और नमाज़ियों ने हाफिज़ साहब का गुलपोशी किसी ने साफा व शाल उड़ाकर इस्तक़बाल किया। इस मौके पर मदरसे के बच्चों आदि ने शानदार आवाज़ और ख़ास अंदाज़ में नात शरीफ भी पेश की जिस पर महफ़िल में बैठे लोगों ने नारों की सदाये बुलंद कर अपनी-अपनी मोहब्बत का सुबूत पेश किया।

सलातो सलाम के बाद नज़र पेश की गई और सभी को तबर्रुक देकर रुखसत किया गया। इस मौके पर उलमाए इकराम, शहर की मस्जिदों के पेश इमाम साहिबान के अलावा काफी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## हाफिज़ गुलाम गौ़स ने तरावीह में कुरआन-ए-पाक मुकम्मल किया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** आठ रमज़ान मुबारक को आज़ाद नगर नई बस्ती स्थित मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरआन में तरावीह की नमाज़ में कारी सरफ़राज़ आलम निज़ामी के बड़े बेटे हाफिज़ गुलाम गौ़स ने कुरआन पाक मुकम्मल किया।बाद कुरआन पाक मुकम्मल के रब तआला की बारगाह में हाथ उठाकर हाफिज़ गुलाम गौस व नमाज़ियों ने देश में अमनो-अमान कायम रहे व सभी की सलामती की दुआये की। दुआ के बाद हाफिज़ जी ने सफ में बैठे नमाज़ियों के ऊपर फूकें डाली और नमाज़ियों ने हाफिज़ साहब से गले मिलकर गुलपोशी की और मुबारकबाद दी। इस मौके पर शहर के उलमाए इकराम मस्जिदों के पेश इमाम साहिबान के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।आख़री में सभी को तबर्रुक देकर रुखसत किया गया।

## सोनभद्र नगर पालिका बोर्ड बैठक सम्पन्न




**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** नगर पालिका परिषद सोनभद्र बोर्ड की बैठक दिनांक 27.02.2026 को रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 15वें वित्त आयोग /पंचम राज्य वित्त आयोग/नगरीय पेयजल/जल निकासी/ सी.एम.एन. एस.वाई. आदि योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले विकास कार्यो का प्रस्ताव सदस्यगण द्वारा उपलब्ध कराया गया। उक्त के अतिरिक्त आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समुचित व्यवस्था/सफाई तथा बरसात के पूर्व नालों की सफाई तथा बरसात में होने वाली जल निकासी की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष महोदया द्वारा सदन को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि नगर के चतुर्दिक विकास के लिए तत्परता से कार्य कर रही हूँ तथा नगर वासियों को सफाई/प्रकाश/ पेयजलापूर्ति की अच्छी तथा गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने हेतु सभी कर्मचारियों को तत्परतापूर्वक कार्य में लग जाने का आह्वान किया गया एवं इसमें सहयोग/सुझाव हेतु सदस्यगण से अपील की गयी। बैठक अत्यन्त सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई जिसके लिए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी। बैठक का संचालन मुकेश कुमार, अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया तथा समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गयी।

## सोनभद्र में पीस कमेटी बैठक आयोजित



**सोनभद्र/ओबरा (अवधनामा संवाददाता)** आगामी होली पर्व एवं रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से आज दिनांक 27.02.2026 को थाना कोन पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार द्वारा की गई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक कोन एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण, स्थानीय नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों, व्यापार मंडल प्रतिनिधियों एवं विभिन्न धर्मगुरुओं की सहभागिता रही। क्षेत्राधिकारी ओबरा द्वारा उपस्थित सभी लोगों से अपील की गई कि होली एवं रमजान के दौरान आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं पारस्परिक सम्मान बनाए रखें तथा त्यौहारों को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। साथ ही स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट, हुड़दंग या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी धर्मगुरुओं एवं नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## सोनभद्र में एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं शिकायतें



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट एवं कठोर निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** थाना बिवार क्षेत्र के ग्राम बिगहना में गुरुवार सुबह एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना के अनुसार आज दिनांक 27 फरवरी 2026 को लगभग 11 बजे दूरभाष के माध्यम से थाना बिवार पुलिस को जानकारी मिली कि उत्कर्षा उर्फ फातिमा पत्नी मूर्तजा (उम्र लगभग 18 वर्ष) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही थाना बिवार पुलिस एवं नायब तहसीलदार मौदहा मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण की गई तथा पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गया। प्राथमिक जांच में पता चला है कि मृतका का पति मूर्तजा पुत्र मुश्ताक पूर्व में महाराष्ट्र के दादर-परेल क्षेत्र में एक चिकन की दुकान पर कार्य करता था। वहीं मृतका उत्कर्षा भी पास की एक दुकान में काम करती थी। दोनों के बीच परिचय होने के बाद लगभग दो वर्ष पूर्व मूर्तजा उसे अपने गांव बिगहना, थाना बिवार, जनपद हमीरपुर ले आया, जहां दोनों ने विवाह कर पति-पत्नी के रूप में रहना शुरू किया था। मृतका उत्कर्षा पुत्री सुनील सकपाल निवासी ग्राम पिंपलगांव, पोस्ट ऑफिस लटवां, मंडनगढ़, जिला रत्नागिरि (महाराष्ट्र) की रहने वाली थी। घटना की सूचना मृतका के मायके पक्ष को दे दी गई है। मौके पर पुलिस बल तैनात है। मामले में अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## तेज रफ्तार ऑटो पलटा, तीन गंभीर घायल



**मौदहा (हमीरपुर)।** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे खड्डे में पलट गया, जिससे उसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सुमेरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इंगोहटा से भरुआ जा रहा ऑटो (यूपी 90 एटी 2038) सवारियों को लेकर जा रहा था। अधिक गति होने के कारण ऑटो असंतुलित होकर खड्डे में जा गिरा। हादसे में इंगोहटा निवासी शत्रुघ्न पुत्र फक्कड़, बिवार निवासी सुनील पुत्र बाबू प्रजापति तथा कुसमरा निवासी अशोक पुत्र रामसजीवन गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया तथा पुलिस व एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा गया। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# ग्राम मुहम्मदपुर में चकबन्दी समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम चौपाल आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश, लखनऊ के परिपत्र संख्या 757 व 759/जीएस-526/ 2024-25 दिनांक 20 फरवरी 2026 के अनुपालन में जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबन्दी हमीरपुर के मार्गदर्शन में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/उप संचालक चकबन्दी श्रीमती रिजवाना शाहिद द्वारा तहसील सरीला के ग्राम मुहम्मदपुर में चकबन्दी से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल के दौरान किसानों की चकबन्दी से जुड़ी समस्याएं सुनी गई तथा कई मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। ग्राम पुरैनी निवासी रफीक पुत्र फूलखां ने गाटा संख्या 326/5 में स्कूल व खेल मैदान हेतु सुरक्षित भूमि को निरस्त करने की मांग रखी। वहीं बृजभान पुत्र जगत सिंह ने खाता संख्या 36 में तीन-चार गाटों को चकबन्दी से बाहर किए जाने पर उनकी कीमत निर्धारित कराने की मांग की। गयादीन पुत्र श्रीपत ने बताया कि प्रभुदयाल पुत्र सुद्धी और प्रभुदयाल एक ही व्यक्ति हैं, जिससे अभिलेखों में त्रुटि उत्पन्न हो रही है। बसीर पुत्र पहलवान ने गाटा संख्या 147 में पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की। अन्य किसानों ने भी पूर्व में किए गए पट्टों पर मौके पर कब्जा दिलाने की समस्याएं रखीं।

इसी क्रम में बंदोबस्त चकबन्दी अधिकारी पैगाम हैदर द्वारा ग्राम धौहल खुर्द एवं उमराहट में भी चौपाल आयोजित कर किसानों की समस्याएं सुनी गईं। चकबन्दी अधिकारी एवं सहायक चकबन्दी अधिकारी सरीला को निर्देश दिए गए कि सभी समस्याओं और वादों का निस्तारण ग्राम स्तर पर सार्वजनिक स्थान पर बैठकर किसानों को विश्वास में लेते हुए पारदर्शिता एवं शुचिता के साथ किया जाए।

निर्देश दिए गए कि चकबन्दी लेखपाल प्रत्येक माह में दो बार ग्राम चौपाल में उपस्थित रहेंगे तथा वरासत संबंधी प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ग्राम चौपाल में चकबन्दी अधिकारी सरीला गजाधर सिंह, पेशकार मोहम्मद हनीफ, चकबन्दीकर्ता प्रदीप कुमार, चकबन्दी लेखपाल रवि पटेल, ग्राम प्रधान श्रीमती निर्दोष कुमारी, चकबन्दी समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हमीरपुर में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

- अधिकारियों को दिए गए सख्त निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति विभाग के राज्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत, सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष शकुन्तला निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अन्ना पशुओं की समस्या, उर्वरक की उपलब्धता, विकास कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, विद्युत आपूर्ति, सड़कों की गड्ढामुक्ति, राजकीय नलकूपों का संचालन, स्वास्थ्य सेवाएं, कानून व्यवस्था, गौशालाओं में गौवंश संरक्षण, कृषि एवं समाज कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अवैध वसूली में संलिप्त जेई व लाइनमैनों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए तथा चिकित्सीय जांचें जिला अस्पताल में ही कराई जाएं। उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना के अंतर्गत सभी संयोजित घरों तक पानी पहुंचाया जाए। गौशालाओं में गौवंशों का समुचित रखरखाव किया जाए और कोई भी गौवंश छुट्टा न रहने पाए। किसानों को वन गायों की समस्या से निजात दिलाने के लिए बनाई गई कार्ययोजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, यातायात व्यवस्था मजबूत करने तथा महिला अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए गए। अवैध कारोबार में लिप्त गिरोहों पर कठोर कार्रवाई करने, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को कहा गया। होली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए। सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने तथा राजकीय नलकूपों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके। बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रिजवाना शाहिद सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीबीए के हॉल में खेली गई गुलाल संग फूलों की होली

वहाज अली निहाल

**इटावा** कलेक्ट्रेट में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला बार सभागार में शुक्रवार को होली मिलन का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में पहुंचे जिला सत्र न्यायधीश रजत सिंह जैन के साथ पीठासीन अधिकारी एमएसीटी जिला जज रामचंद्र यादव, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार, एंटी डकैती जज आलोक कुमार श्रीवास्तव, स्पेशल जज ईसीएक्ट अंकुर शर्मा, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट संजय कुमार, एडीजे 12 अशोक कुमार दुबे, सीजेएम अश्वनी कुमार, एसीजेएम द्वितीय शिवार्थ खरे, एसीजेएम तृतीय दानवीर सिंह, एसीजेएम चतुर्थ सर्वेश यादव, एसीजेएम पंचम लीलू उपस्थित रहे।डीबीए अध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार त्रिपाठी, महामंत्री एडवोकेट नितिन तिवारी, कोषाध्यक्ष एडवोकेट प्रभाकर त्रिपाठी, प्रवक्ता मीडिया प्रभारी एडवोकेट अमित तिवारी ने जिला जज सहित सभी जजों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। डीबीए हाल में ढोल नगाड़ों पर अधिवक्ताओं ने जमकर डांस किया और एक दूसरे को गले मिलकर गुलाल, अबीर लगाकर शुभकामनाएं दी और होली की गुझिया का आनंद लिया। डीबीए कार्यकारिणी के संयुक्त सचिव राजू यादव, सुनील यादव, राजुल शुक्ला, हिमांशु यादव सहित वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र पाण्डेय, अधिवक्ता कृपानंद बाजपेई, अधिवक्ता विमल तिवारी, अधिवक्ता अजय द्विवेदी, अधिवक्ता अम्बरीष पांडेय, एडवोकेट उम्मेद यादव, एडवोकेट चंद्रदेव कुशवाहा, एडवोकेट विनीत दीक्षित, एडवोकेट वैभव मिश्रा, एडवोकेट शनि यादव एवं अन्य समस्त डीबीए पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने रिज़र्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की ली सलामी

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली तत्पश्चात निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। तत्पश्चात एस एस पी ने यूपी 112 पीआरवी का निरीक्षण कर पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए। उन्होंने आरटीसी कार्यालय, आरटीसी बैरक, मेस आदि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि पर उल्लेखनीय रुप से आदेश-निर्देश प्रदान किया गया। परेड के उपरान्त एस एस पी ने पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। अन्त में उन्होंने निर्देशन में होली पर्व के दृष्टिगत बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया। इस दौरान अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अनियमितता उजागर, पशुपालन विभाग का कर्मचारी निलंबित



**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** पशुपालन विभाग में अनियमितताओं के आरोप में वरिष्ठ सहायक/प्रभारी सहायक लेखाकार सैय्यद मुहम्मद अहमद को निलंबित कर दिया गया है। अपर निदेशक पशुपालन विभाग चित्रकूटधाम मंडल बांदा द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि बिना सक्षम अनुमति के भुगतान स्वीकृत करना, क्रय प्रक्रिया में अनियमितता, प्रयोगशाला संचालन के बिना बजट का आहरण तथा अभिलेखों में छेड़छाड़ के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए हैं। निलंबित कर्मचारी को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बांदा कार्यालय में सम्बद्ध कर जांच महोबा के पशु चिकित्साधिकारी को सौंपी गई है। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है।

# अनपरा तापीय परियोजना में नए युग की शुरुआत, इंजी. अजय ने संभाली मुख्य महाप्रबंधक की कमान



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (UPRVUNL) की प्रतिष्ठित अनपरा तापीय परियोजना में नेतृत्व परिवर्तन के साथ ही नई ऊर्जा का संचार हुआ है। वरिष्ठ अभियंता इंजीनियर अजय कुमार ने परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक (CGM) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके पदभार संभालते ही परियोजना परिसर में हर्ष का माहौल है। कार्यभार ग्रहण करने के शुभ अवसर पर जूनियर इंजीनियर (जेई) संगठन के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय पहुँचकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। संगठन के सदस्यों ने इंजी. अजय कुमार को पुष्पगुच्छ (गुलदस्ता) भेंट किया और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।इस गरिमामयी अवसर पर जेई संगठन के कई प्रमुख चेहरे और सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। आवेश यादव (परियोजना सचिव),विष्णु देव झा (संगठन सचिव), आशिष वर्मा (वित्त सचिव), अमित मौर्य (लेखा निरीक्षक), अजहरुद्दीन (प्रचार सचिव), इनके अतिरिक्त अशोक साहू, आनंद पटेल, अनिल यादव, अमित कुमार, ज्ञानेंद्र, सचिन और अजीत सहित संगठन के अन्य सम्मानित सदस्य भी नए सीजीएम के स्वागत में शामिल हुए। स्वागत के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त मुख्य महाप्रबंधक के समक्ष परियोजना के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया कि इंजी. अजय कुमार के कुशल नेतृत्व और तकनीकी अनुभव से अनपरा परियोजना में बिजली उत्पादन के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। कर्मचारी कल्याण की योजनाओं को गति मिलेगी। परियोजना की आंतरिक व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। हमें पूर्ण विश्वास है कि इंजी. अजय कुमार के नेतृत्व में अनपरा तापीय परियोजना नई ऊँचाइयों को छुएगी और कर्मचारी हितों की रक्षा के साथ-साथ प्रदेश की बिजली आपूर्ति में परियोजना का योगदान और अधिक प्रभावी होगा। इंजीनियर अजय कुमार का अनुभव अनपरा जैसी महत्वपूर्ण तापीय परियोजना के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि उनके नेतृत्व में उत्पादन और प्रबंधन के क्षेत्र में क्या नए सुधार देखने को मिलते हैं।

# होली पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

- ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने की बिजली व्यवस्था की समीक्षा
- गर्मी से पहले मेंटेनेंस तेज करने के आदेश
- बिजली कटौती और ट्रांसफार्मर जलने पर सख्ती
- बड़े बिजली चोरों पर कार्रवाई के निर्देश
- अमौसी क्षेत्र की शिकायतों पर ए.के. शर्मा नाराज़



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने शक्ति भवन सभागार में होली पर्व एवं आगामी ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक की। मंत्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि होली पर्व के दौरान प्रदेश में कहीं भी अनावश्यक विद्युत कटौती न हो और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा ताकि किसी प्रकार की विद्युत दुर्घटना न घटे तथा सभी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

आगामी ग्रीष्मकाल की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मंत्री शर्मा ने अनुरक्षण (मेंटेनेंस) कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर, लाइन, केबल, तेल परिवर्तन एवं अन्य तकनीकी कार्य समय रहते पूर्ण किए जाएं, जिससे गर्मी के दौरान उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऊर्जा विभाग के चेयरमैन आशीष गोयल ने भी स्पष्ट किया कि ग्रीष्मकाल में ट्रांसफार्मर जलने या अनावश्यक बिजली कटौती की स्थिति में संबंधित अधिशासी अभियंता एवं एसडीओ की जवाबदेही तय की जाएगी और 10 प्रतिशत ट्रांसफार्मर जलने जैसे बहाने स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

विजिलेंस जांच की समीक्षा के दौरान मंत्री शर्मा ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि छोटे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशान करने के बजाय बड़े प्रतिष्ठानों एवं बड़े स्तर पर बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विजिलेंस ड्यूटी में लगे ड्राइवरों को तत्काल बदलने के निर्देश दिए। इस पर एमडी पंकज कुमार ने 24 घंटे के भीतर आवश्यक कार्रवाई कर अवगत कराने का आश्वासन दिया। समीक्षा के दौरान मंत्री ए.के. शर्मा ने सभी डिस्कॉम की अलग-अलग प्रगति जानी और विशेष रूप से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत लखनऊ के अमौसी क्षेत्र में लगातार आ रही शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एम डी रिया केजरीवाल को संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंत्री शर्मा ने सिद्धार्थनगर, मथुरा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा जैसे जिलों में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर बल दिया। जिन फीडरों पर लाइन लॉस अधिक है, उन्हें चिन्हित कर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। मंत्री शर्मा ने सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से नियमित बैठक करने, जनता दर्शन में उपलब्ध रहने तथा शिकायतों के समयबद्ध समाधान पर विशेष ध्यान देने को कहा।

विद्युत बिल राहत योजना के अंतिम दिन के मद्देनजर मंत्री शर्मा ने व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शेष बचे उपभोक्ताओं से 24 घंटे के भीतर फोन के माध्यम से संपर्क कर उनका पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

बैठक में एडीजी विजिलेंस जयनारायण सिंह, चेयरमैन आशीष गोयल, एमडी पंकज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी डिस्कॉम के एमडी, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## हजरत ख़दीजा की कुर्बानियाँ न क़ाबिले फरामोश



लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो) दीन और हम क्लासेज़ में हज़रत ख़दीजा (स) की शहादत के मौके पर, उनके गुणों और कष्टों का उल्लेख किया गया। इमाम ज़माना (स) और हम क्लास में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए मौलाना अली अब्बास ख़ान ने कहा बीबी ख़दीजा (स) का इस्लाम की राह में त्याग और समर्पण, उनकी ईमानदारी और उदारता की तरह अद्वितीय है। रसूल-ए अकरम (स) ने उन और हज़रत अबू तालिब (अ) के इंतक़ाल के साल को आम-उल-हुज़्न (दुख का वर्ष) का नाम दिया। वे संसार की चार महान महिलाओं में से एक हैं। ये क्लासेज ऐनुल हयात ट्रस्ट की तरफ से आयोजित किये जाते हैं और हैदरी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, तंज़ील अकादमी , जमातुज़ ज़हरा, ताहा फाउंडेशन और दीन और ज़िंदगी के सहयोग से किये जा रहे हैं। ज्ञात रहे ये क्लासेज का दसवा दौर है।

## कशफ ने रखा पहला रोजा



लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो) माहे मुबारक रमजान में घर के बड़े-बूढ़ों को रोजा रखते देख छोटे बच्चे भी रोजा रख रहे हैं। पुराने शहर के मोहल्ले टापे वाली गली में रहने वाले नौहाख्वान आरिफ रज़ा की बेटी कशफ रज़ा ने अपना पहला रोज़ा रखा। कशफ ओएसिस पब्लिक स्कूल में कक्षा 3 की छात्रा हैं। कशफ के पिता आरिफ रजा और मां अना रिज़वी ने बताया कि उनकी बेटी ने सुबह अपने घर वालों के साथ सहरी की, जिसके बाद नमाज अदा की और तिलावते कलामे पाक किया। शाम को घर पर ही मगरिब की नमाज अदा करने के बाद अपने घर वालों के साथ इफ्तार किया। इस मौके पर घर वालों व रिश्तेदारों ने उन्हें कपड़े और तोहफे देकर उत्साह बढ़ाया।

## कर्बला अजमतुतदौला में मजलिस आज

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो) हजरत खतीजा (स) की वफात के सिलसिले में शनिवार को कर्बला अजमतुतदौला बहादर मेहदीगंज में रात 8 बजे आयोजित होने वाली मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद नकवी खिताब करेंगे। मजलिस का आगाज कारी गुलरेज नकी तिलावते कुराने पाक से करेंगे।

## आरडीएसओ में सेवानिवृत्त कर्मचारियों हेतु विदाई समारोह का आयोजन



लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो) आरडीएसओ द्वारा प्रभास दनसाना, महानिदेशक, आर.डी.एस.ओ.की अध्यक्षता में दिनांक 27.02.2026को फरवरी-2026में सेवानिवृत्त हुए 04कर्मचारियों हेतु एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बधाई दी गयी। सेवानिवृत्ति समारोह में, अपर महानिदेशक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं आरडीएसओ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# ऐशबाग ईदगाह में रोजा-इफ्तार गंगा-जमुनी तहज़ीब की झलक

अवधनामा ब्यूरो

- रोजा तज़किया-ए-नफ़्स का बेहतरीन ज़रिया: दीपक सिंह
- देश-प्रदेश में अमन-चैन की दुआओं के साथ इफ्तार

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में रोजा-इफ्तार का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को तहरीक फिक्र-ए-मिल्लत फाउण्डेशन की ओर से ऐशबाग ईदगाह के तैयब हॉल में रोजा-इफ्तार आयोजित किया गया। फाउण्डेशन के महासचिव व कांग्रेस नेता मोहम्मद हनीफ खान की ओर से आयोजित रोजा-इफ्तार में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के अध्यक्ष भवननाथ पासवान, सूफी गायब साकिब अली साबरी के साथ ही उलमा, मिल्ली रहनुमा और सामाजिक लोगों ने शामिल होकर अमन-भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब का पैगाम दिया। रोजा-इफ्तार के बाद इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने देश-प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की, आपसी भाईचारे और खुशहाली की दुआएं मांगी। रोजा इफ्तार में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा कि रोजा तजकियाए नफ्स का बेहतरीन जरिया है। यह हमें सब्र करना सिखाता है और अपने कमजोरों और मजलूमों की मदद करना भी रोजे के अमल में शामिल है। इस मौके पर मोहम्मद हनीफ खान ने रोजा-इफ्तार में शामिल उलमा, अतिथियों व रोजेदारों का आभार जताया। रोजा-इफ्तार में टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुल मन्नान रहमानी, मौलाना कफील अशरफ, मौलाना यासिर फारुकी, अनीस अंसारी, राशिद अली मीनाई, मौलाना मुश्ताक नदवी, रफत शैदा सिद्दीकी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। रोजेदारों का स्वागत संगठन के महानगर अध्यक्ष मोहम्मद कमाल नदवी, मोहम्मद जाबिर, सरफराज खान, मोहम्मद एजाज खान, मोहम्मद राशिद हाशमी सहित अन्य लोगों ने किया।

# शोध, नवाचार और चुनौतियों पर विशेषज्ञों का संवाद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** Annual Meet : Indian Zoological Welfare Society (लखनऊ) द्वारा Sri Krishna Dutt Academy के सहयोग से 27-28 फरवरी 2026 को कृष्णा दत्त अकादमी परिसर, वृंदावन योजना, लखनऊ में आयोजित vst Annual Meet के अंतर्गत "Recent Trends in Animal and Allied Sciences" विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ आज 27 फरवरी को प्रथम दिवस के कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन के प्रथम दिन देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, वन्यजीव विशेषज्ञों, पशु चिकित्सकों, पर्यावरणविदों, न्यूरो एवं कॉग्निटिव वैज्ञानिकों तथा विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। उद्घाटन सत्र में पशु कल्याण एवं संबद्ध विज्ञानों के क्षेत्र में नवीनतम शोध, नवाचारों तथा उभरती चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए तथा प्रतिभागियों के साथ ज्ञानवर्धक संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में M. L. B. Bhatt, निदेशक, Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। Mr. Manish Singh, Director, SKD Group of Education ने ऐसे शैक्षणिक मंचों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने, पर्यावरणीय जागरूकता विकसित करने तथा विद्यार्थियों और शोधार्थियों में बहुविषयी अधिगम को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में M. L. B. Bhatt, निदेशक, Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute ने वैज्ञानिक अनुसंधान और पशु कल्याण के क्षेत्र में अंतःविषयी सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। अन्य विशिष्ट अतिथियों में Ms. Nisha Singh, Deputy Director, SKD Group of Education तथा Ms. Kusum Batra, Assistant Director, SKD Academy शामिल हैं।

# बलरामपुर चीनी मिल्स ने लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड के साथ MoU साइन किया

- लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड से पहला इंस्टीट्यूशनल ऑर्डर मिला

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सस्टेनेबल गवर्नेंस में सबसे आगे रहने वाले के तौर पर, लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड (ग्रीन और सस्टेनेबल पहल देने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर) भारत के पहले घरेलू PLA मैन्युफैक्चरर को ऑर्डर देने वाला पहला सरकारी इंस्टीट्यूशन है। बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड (BCML) के PLA वर्टिकल, बलरामपुर बायोयुग ने लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड (LCB) से अपना पहला ऑफिशियल इंस्टीट्यूशनल ऑर्डर हासिल किया है, जो भारत के उभरते बायो-बेस्ड मटीरियल इकोसिस्टम के लिए एक अहम मील का पत्थर है। इस ऑर्डर में कम्पोस्टेबल कचरा बैग (दो साइज़ में), 300 ml PLA बोतलें, 3D-प्रिंटेड PLA कम्पोस्टेबल पेन और PLA फोल्डर शामिल हैं – ये सभी रिन्यूएबल, बायो-बेस्ड पॉलीलैक्टिक एसिड (PLA ) से बने हैं, जो 100 प्रतिशत कम्पोस्टेबल मटीरियल है जिसका कार्बन फुटप्रिंट कम होता है और कोई माइक्रोप्लास्टिक नहीं छोड़ता। लखनऊ कैंटोनमेंट, जो 6,760 एकड़ में फैला है, लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा मैनेज किया जाता है। यह एक कानूनी संस्था है जो डायरेक्टर जनरल ऑफ़ डिफेंस एस्टेट्स, मिनिस्ट्री ऑफ़ डिफेंस, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया के एडमिनिस्ट्रेटिव कंट्रोल में काम करती है। यह लखनऊ कैंटोनमेंट एरिया में है। इस खरीद के साथ, लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड ने स्ट्रक्चर्ड, सस्टेनेबल गवर्नेंस के लिए अपना कमिटमेंट और मज़बूत किया है। यह कंपोस्टेबल PLA सॉल्यूशन को ऑपरेशनल इस्तेमाल में लाने वाले डिफेंस से जुड़े पहले संस्थानों में से एक बन गया है। यह ऑर्डर LCB के सस्टेनेबिलिटी रोडमैप पर आधारित है, जिसमें वेस्ट- और कार्बन-न्यूट्रल इकोसिस्टम बनाने के लिए IIT कानपुर के साथ इसकी पार्टनरशिप और देश भर में स्वच्छता ही सेवा कैंपेन में इसकी एक्टिव भागीदारी शामिल है।

खास बात यह है कि यह ऑर्डर बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड द्वारा कुंभी, उत्तर प्रदेश में बनाई गई भारत की पहली घरेलू इंडस्ट्रियल-स्केल PLA मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के चालू होने से पहले आया है, जिसे अक्टूबर 2026 में चालू किया जाएगा। यह स्वदेशी बायो-बेस्ड इनोवेशन में संस्थानों के भरोसे को दिखाता है। यह कदम डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (DRDO) और उसकी रिसर्च ब्रांच DFRL की विरासत को आगे बढ़ाता है, जिसने सितंबर 2023 में मैसूर में भारत की पहली PLA पानी की बोतल बनाई थी।

# मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने मोदी के इस्राईल दौरे पर उठाए सवाल

- इस्राईल सम्मान पर मौलाना कल्बे जव्वाद का ऐतराज़
- फिलीस्तीन समर्थन से हटना गलत: कल्बे जव्वाद



लखनऊ। मजलिसे उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस्राईल दौरे पर कहा कि नरेन्द्र मोदी आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जो इस्राईल दौरे पर गए। मौलाना ने इस्राईल की ओर से प्रधानमंत्री को मिले सम्मान पर कहा अफसोस जताते हुए कहा कि यह सम्मान एक जालिम और कातिल की तरफ से दिया गया है। हमारी विदेश नीति की बुनियाद फिलीस्तीन का समर्थन था। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के बयानों का जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा कि फिलीस्तीन अरबों का है। अटल बिहारी ने कहा था कि इस्राईल ने फिलीस्तीन की जमीन पर नाजायज कब्जा किया है। इसलिए प्रधानमंत्री अरबों की जमीन पर गए थे न कि इस्राईल की जमीन पर। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री को कहना चाहिए था कि इस्राईल को फिलीस्तीनियों की जमीन छोड़ देना चाहिए, जो वह नहीं कर सके। मौलाना ने अपने बयान में प्रधानमंत्री के इस्राईली संसद में दिये बयान पर कहा कि प्रधानमंत्री ने अच्छा जुमला कहा कि बेगुनाह शहरियों काा कत्ल किसी भी बहाने से जायज नहीं है लेकिन अफसोस कि उन्होंने हमास की मिसाल दी और गाजा में जारी इस्राईली बर्बरता को नजरअंदाज कर दिया। प्रधानमंत्री को मिसाल के तौर पर गाजा में इस्राईली बर्बरता का भी जिक्र करना चाहिए था। यह किसी से छिपा नहीं कि इस्राईल ने गाजा में बच्चों, औरतों और नौजवानों का नरसंहार किया। इस्राईल आज तक हमास के जुल्म के ठोस सबूत दुनिया के सामने पेश नहीं कर सका, जबकि इस्राईली जुल्म के सबूत दुनिया के सामने मौजूद हैं। जिस तरह प्रधानमंत्री ने हमास के जुल्म की निंदा की उसी तरह इस्राईली जुल्म की भी निंदा करना चाहिए थी, जो उन्होंने नहीं की। मौलाना ने कहा कि अमेरिका ने ईरान से तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगाया मगर संयुक्त राष्ट्र की ओर से कोई प्रतिबंध नहीं है। इसलिए हिन्दुस्तान को अमेरिकी प्रतिबंधों को स्वीकार नहीं करना चाहिए। हिन्दुस्तान ने जिन ईरानी तेल टैंकरों पर कब्जा किया वह अमेरिका को खुश करने के लिए था।

## यू.पी. प्रेस क्लब में दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के मुख्य धारा के दो युवा पत्रकारों स्वर्गीय विधि सिंह और स्वर्गीय मोहम्मद इरफान को आज यू.पी. प्रेस क्लब में आयोजित शोक सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। पत्रकारों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी खबरों और सादा जीवन शैली पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने दोनों परिवारों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने और ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की। प्रायः सभी वक्ताओं ने सरकार से अनुरोध किया कि वह दोनों दिवंगत पत्रकारों के परिवारों को समुचित आर्थिक सहायता प्रदान करें। सभा को यू.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, यू.पी. प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान,यूनियन की लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिवशरण सिंह और प्रदेश महामंत्री देवराज सिंह, पीके तिवारी, मान्यता समिति के कोषाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार भास्कर दुबे, सुरेश यादव, परवेज अहमद, हुमायूं चौधरी, नजम अहमद, कुद्दूस हाशमी, अखिलेश श्रीवास्तव, शशि नाथ दुबे, अजीत कुमार सिंह, जुबेर अहमद, फूडमैन विशाल सिंह,अमरेंद्र सिंह, तौकीर किदवाई, आसिफ जाफरी, विजय मिश्रा आदि पत्रकारों ने संबोधित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

## जर्मनी प्रवास से लौटे उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जर्मनी के सफल एवं उद्देश्यपूर्ण प्रवास के उपरांत आज भारत लौट आए। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समर्थकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। जर्मनी प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री मौर्य ने विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग जगत के अग्रणी लीडर्स, निवेशकों एवं औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ सार्थक एवं परिणामोन्मुखी संवाद किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की उद्योग अनुकूल नीतियों, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, बेहतर बुनियादी ढांचे, विकसित हो रहे एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी तथा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था को विस्तार से प्रस्तुत किया।

उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश आज देश का सर्वाधिक संभावनाओं वाला राज्य है, जहां विनिर्माण, कृषि आधारित उद्योग, रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स एवं नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

जिला मैनपुरी के सभी नगरिकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रशासनिक अधिकारी
नगरपालिका पार्षद, मैनपुरी
चैयरमैन, संगीता गुप्ता

# रमज़ान: सवालों के जवाब

## खुम्स फरुआ-ए-दीन में है जो कि हर एक पर वाजिब है : शिया हेल्पलाइन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी से जारी शिया हेल्पलाइन पर नीचे दिए गये सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी हेल्पलाइन शुरू की गयी है जिसमें महिलाओं के सवालों के जवाब खातून आलेमा देगीं।

हेल्पलाइन नम्बर- महिला 6386897124
पुरूष 9415580936 व 9839097407
समय सुबह 10 से 12 बजे

**सवाल**-क्या जलीटन पर शामिल किसी गजाई (कीड़ा) चीज का इस्तेमाल जायज है?
**जवाब**-अगर आपको मालूम न हो इस खाने की चीज में मौजूद जलीटन किसी जानवर का है या नबाती तो इसका खाना जायज है।

**सवाल**-कुरान मजीद में लफ्ज कुरान कितनी बार आया है?
**जवाब**-कुरान मजीद में लफ्ज कुरान 70 मर्तबा आया है।

**सवाल**-हिंदी वाले कुरान मजीद में तलफ्फुज की अदायगी में परेशानी होती है तो किस तरह तलफ्फुज दुरुस्त किया जाए?
**जवाब**-तिलावत-ए-कुरान करीम में तलफ्फुज अहम है लिहाजा अगर हिंदी और रोमन में तलफ्फुज की अदायगी सही नहीं कर पाते तो अरबी सीखना चाहिए।

**सवाल**-अगर मस्जिद में जमात हो रही है और सफों में जगह भी हो और कोई शखस अलग खड़ा होकर नमाज पढ़ सकता है?
**जवाब**-अगर जमात की सफों में जगह है तो अलग खड़े होना मकरूह है।

**सवाल**-खुम्स कैसे वाजिब होता है इसके क्या शरायत हैं?
**जवाब**-खुम्स फरुआ-ए-दीन में है जो कि हर एक पर वाजिब है अगर साल भर का खर्च करने के बाद कुछ बचे तो उसमें से पांचवां हिस्सा खुम्स निकाला जाएगा।

### जानबूझकर नमाज़ छोड़ना

**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिंद के ज़ेरे एहतेमाम जारी माहे रमज़ान हेल्पलाइन पर पूछे गए सवालात जवाबात रहबर-ए-मुअज्ज़म आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनई के फ़तवों के मुताबिक़ हैं।

हेल्पलाइन नंबर-पुरुष- 9833028596
महिला- 7390026883

**सवाल**- मुझे नमाज़ के बाद मालूम हुआ कि मेरा लिबास किसी वजह से नजिस हो गया था? मेरी नमाज़ का क्या हुक्म है?
**जवाब**- अगर नमाज़ से पहले यक़ीन था कि लिबास पाक है और बाद में नजासत का इल्म हुआ तो नमाज़ सही है।

**सवाल**- जिस जगह नामहरम का आना-जाना हो, क्या वहाँ नमाज़ पढ़ी जा सकती है?
**जवाब**-एहतियाते मुस्तहब यह है कि ऐसी जगह नमाज़ न पढ़ी जाए।

**सवाल**- मस्जिद में सोने का क्या हुक्म है?
**जवाब**-मस्जिद में सोना मकरूह है।

**सवाल**-क्या नमाज़-ए-मय्यत के दौरान जूते उतारना ज़रूरी है? जबकि कुछ लोगों को जूते पहन कर पढ़ते हुए भी देखा गया है।
**जवाब**-नमाज़-ए-मय्यत नंगे पाँव पढ़ी जाए।

## सुरमा व तेल लगाने से रोज़ा नहीं टूटता है : सुन्नी हेल्पलाइन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रमजान हेल्पलाइन में इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के तहत् दारूल निजामिया फरंगी महल में रोज़ेदारों के सवालात के जवाब मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने दिये।

हेल्पलाइन नम्बर- 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677

**सवाल** – वित्र की नमाज़ क्या है? और इसका किया मर्तबा है?
**जवाब**- वित्र की नमाज़ वाजिब है और वाजिब का मर्तबा करीब करीब फर्ज के है उसको छोड़ देने से बड़ा गुनाह होता है।

**सवाल**- एक शख्स पर सज्दा सहव वाजिब हुआ और फिर कोई ऐसी बात हो गयी जिससे सज्दा सहव वाजिब हो जाता है तो वह शख्स कितने सजदा सहव करेगा।
**जवाब**- सिर्फ एक सजदा सहव काफी है।

**सवाल**- क्या सुरमा लगाने, तेल लगाने, और खुशबू सूँघने से रोज़ा टूट जाता है?
**जवाब**- नही टूटता है।

**सवाल**- रात में पान खाकर खूब कुल्ली करके मुंह साफ किया लेकिन सुबह को देख कि थूक की सुर्खी नही गयी है तो क्या रोज़े पर कोई असर होगा?
**जवाब**-इससे रोज़े पर कोई असर नही पड़ेगा।

**सवाल**- क्या कोयला चबा कर दाँत माँजने से रोज़ा टूट जाता है?
**जवाब**- नही टूटता है बल्कि ऐसा करना मकरूह है। लेकिन अगर कुछ हलक़ में उतर जाये तो रोज़ा टूट जायेगा।